खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 11 जुलाई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 320 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 15 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

मुख्यमंत्री योगी ने सनातन धर्म को भारत की आत्मा बताया पेज 2

भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास इंग्लैंड में जीती सीरीज खेल टाइम्स



विकास की रफ्तार पर बोझ है बढ़ती जनसंख्या सम्पादकीय

अमेरिका की टैरिफ नीति से भारत को फायदा, रिपोर्ट में दावा पेज 12

पूरे देश में मानसून का कहर जारी

दिल्ली-NCR में बाढ़ जैसे हालात

गुरुग्राम में गाड़ियां तैरी, घरों में घुसा पानी व रुद्रप्रयाग में पहाड़ टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में बारिश जारी है। बुधवार शाम हुई बारिश के बाद दिल्ली और गुरुग्राम की सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। कई इलाकों में लोग तक पानी में डूब गए। घरों में पानी भर गया है। वहीं उत्तराखंड में बारिश के चलते कई जगहों में लैंडस्लाइड हुई है।

रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ रोड पर पहाड़ टूट गया। दिल्ली और गुरुग्राम में गुरुवार को बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार शाम हुई तेज बारिश के बाद शहर की अधिकतर सड़कों पर पानी भर गया। गुरुग्राम सेक्टर 6 में शीतला माता मंदिर के पास गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। लोग तक पानी में डूब गए। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे के नरसिंहपुर के नजदीक सर्विस लेन पर 2 फुट तक पानी जमा हो गया।

बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद कर रही सेना

नई दिल्ली। भारतीय सेना बाढ़ से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर में बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन की मदद कर रही है। सेना की ओर से गुरुवार को बताया गया कि हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में हाल ही में आई बाढ़ के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत और बचाव अभियान में सेना की टुकड़ियां राज्य आपदा मोचन बल , राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और स्थानीय अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर मदद कर रही हैं। सेना ने थुनाग, बग्सियाड और पंडोह सहित प्रमुख स्थानों पर टुकड़ियां तैनात की हैं, जो आवश्यक आपूर्ति जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण पहुंच मार्गों को खोल रही है। इसके अलावा थुनाग में चिकित्सा सहायता और राहत सामग्री के वितरण में भी मदद की जा रही है।

बाढ़ प्रभावित छह राज्यों के लिए एक हजार करोड़ से अधिक की राशि मंजूर

नई दिल्ली। केन्द्र ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित राज्यों असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, केरल और उत्तराखंड के लिए 1,066.80 करोड़ रुपये की राशि जारी करने की मंजूरी दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार हर स्थिति में राज्यों के साथ दृढ़ता से खड़ी है।

■ **सभी तरह की रसद सहायता प्रदान करना केन्द्र की प्राथमिकता**

केंद्र सरकार ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, केरल और उत्तराखंड राज्यों के लिए एसडीआरएफ के अंतर्गत केंद्रीय हिस्से के रूप में 1066.80 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस वर्ष 19 राज्यों को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ निधि से 8000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। वित्तीय सहायता के अलावा आपदा के समय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, सेना और वायुसेना की तैनाती सहित सभी तरह की रसद सहायता प्रदान करना केन्द्र की प्राथमिकता रही है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि छह बाढ़ प्रभावित राज्यों में से असम को 3750.60 करोड़ रुपये, मणिपुर को 29.20 करोड़, मेघालय को 30.40 करोड़, मिजोरम को 22.80 करोड़, केरल को 153.20 करोड़ और उत्तराखंड को 455.60 करोड़ रुपये राज्य आपदा मोचन निधि से केन्द्रीय हिस्से के रूप में दिए गए हैं।

उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट की रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **कार्यवाही बहुत उत्साहजनक है, हम अदालत के फैसले का स्वागत करते हैं: मौलाना अरशद मदनी**

नई दिल्ली। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष, मौलाना अरशद मदनी ने गुरुवार को अदालत की कार्यवाही का स्वागत किया और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हहम अंतिम निर्णय का इंतज़ार कर रहे थे, लेकिन दिनभर की सुनवाई के बाद जो नतीजा सामने आया, वह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि आपत्तिजनक दृश्य हटाए जाने के बावजूद फिल्म में अब भी ऐसा सीन मौजूद है, जो हमारे समाज में नफरत का ज़हर फैला सकता है।

मौलाना मदनी ने आगे कहा कि फिल्म की स्क्रीनिंग पर स्टे और अदालत के अन्य आदेशों ने संविधान की सर्वोच्चता को मज़बूत किया है। यह एक स्पष्ट संदेश भी देता है कि कला और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कोई भी व्यक्ति संवैधानिक और नैतिक सीमाओं का उल्लंघन नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में कुछ और आपत्तिजनक फ़िल्में भी बनी हैं, लेकिन वे इतनी घिनौनी नहीं थीं। इस फ़िल्म में एक हत्या की घटना की आड़ में एक पूरे समुदाय को इस तरह कठघरे में खड़ा किया गया है, मानो वे अपराधी हों। इसीलिए हमने इस मामले को अदालत में ले जाने का फ़ैसला किया। हमें खुशी है कि हमारी कोशिशें कामयाब रहीं, और हमें पूरा विश्वास है कि इंशाल्लाह अंतिम फ़ैसला भी हमारे पक्ष में ही होगा। यह फ़ैसला सिर्फ़ फिल्म पर रोक नहीं है, बल्कि सांप्रदायिक तत्वों के इरादों और एजेंडे पर एक रोक है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे वकीलों, विशेषकर देश के सबसे प्रतिष्ठित वकीलों में से एक, कपिल - **शेष पृष्ठ दो पर**

गुरुग्राम में टेनिस खिलाड़ी राधिका की हत्या, पिता ने बेटी को मारी गोली

गुरुग्राम। गुरुग्राम में गुरुवार को बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। यहां सुशांत लोक फेस-2 में टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राधिका की उम्र महज 24 साल थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक राधिका के पिता पर ही गोली मारने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि राधिका के पिता सोशल मीडिया पर बेटी द्वारा रील बनाने से नाराज थे। जांच में यह बात सामने आई है कि पिता ने बेटी के ऊपर पांच बार फायरिंग की थी, जिसमें से तीन गोली राधिका को लगी है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में जिस हथियार का इस्तेमाल किया गया है वो भी बरामद कर लिया है।

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर रोक नहीं: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को कोई अंतरिम स्थगन आदेश जारी न करते हुए चुनाव आयोग को 21 जुलाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही, आयोग से कहा कि वह मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र को स्वीकार्य दस्तावेजों के रूप में अनुमति देने पर विचार करे। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से दायर याचिका पर यह निर्देश दिया।

छांगुर बाबा के नेटवर्क का पता लगाएगी यूपी एटीएस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने गुरुवार को धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को सात दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि यूपी एटीएस ने छांगुर बाबा और उसकी मुख्य सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को सात दिन की रिमांड पर लिया है। उनसे उनके गिरोह के नेटवर्क, पैसों के लेन-देन और उनकी अवैध संपत्तियों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

कोयंबटूर धमाके का मुख्य आरोपी 29 साल बाद गिरफ्तार

चेन्नई। तमिलनाडु पुलिस ने 1998 के कोयंबटूर सिलसिलेवार बम विस्फोटों और हत्या के मामलों में 29 साल से फरार मुख्य आरोपी को कर्नाटक के विजयपुरा जिले से गिरफ्तार कर लिया। तमिलनाडु एटीएस ने विशिष्ट और खुफिया जानकारी के आधार पर कोयंबटूर बम विस्फोट और प्रदेश में सांप्रदायिक हत्याओं के मामलों के मुख्य आरोपी सादिक उर्फ टेलर राजा उर्फ शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली- एनसीआर में भूकंप के झटके लगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **4.4 तीव्रता, हरियाणा के झज्जर में था केंद्र, छह महीने के दौरान तीसरी बार भूकंप आया**

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। यहां रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। इसकी वजह से दिल्ली और एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

हरियाणा के जींद और बहादुरगढ़ के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के इलाकों में भी 10 सेकंड तक झटके महसूस किए गए। बीते छह महीने में दिल्ली और एनसीआर में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था। अफगानिस्तान में 19 अप्रैल की दोपहर 12.17 बजे रिक्टर स्केल पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इसका असर जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किया गया था। जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलाजी (एनएससी) के मुताबिक, भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया। श्रीनगर में एक व्यक्ति ने बताया कि मैं दफ्तर में था, तभी मेरी कुर्सी हिली। कुछ इलाकों से लोगों को घरों और ऑफिस से बाहर भागते देखा गया।

स्कूलों के विलय के खिलाफ एक और याचिका हुई खारिज

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका को गुरुवार को शुरुआती सुनवाई के बाद खारिज कर दिया है। याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर आपत्ति उठाई गई कि मामले में उठाए गए मुद्दे पहले ही सीतापुर के 51 बच्चों की याचिका में एकल पीठ ने निर्णीत कर दिए हैं। ऐसे में समान मुद्दों को लेकर दाखिल यह याचिका सुनवाई को ग्रहण करने योग्य नहीं है। सरकार की इस आपत्ति पर गौर कर कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता ज्योति राजपूत की जनहित याचिका पर दिया। इसमें राज्य सरकार के स्कूलों के विलय या दो स्कूलों को जोड़ने के राज्य सरकार के बीती 16 जून के आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था।

गुजरात का महिसागर पुल हादसा

नदी से 17 शव मिले, दो की तलाश जारी

अहमदाबाद, वार्ता

गुजरात में वडोदरा व आणंद को जोड़ने वाला पुल टूटने के बाद महिसागर नदी से 17 शव निकाले जा चुके हैं।

एनडीआरएफ को गुरुवार सुबह 2 और दोपहर में एक और शाम को एक शव मिला, जबकि 13 बॉडी बुधवार को ही बरामद हो चुकी थीं। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। अभी भी 2 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनकी तलाश जारी है। महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया था। चलते ट्रैफिक के बीच पुल टूट जाने से दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा नदी में गिर गए थे। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया था। 45 साल पुराना यह ब्रिज दक्षिण गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता था। इसके टूटने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड से सौराष्ट्र पहुंचना मुश्किल हो गया है। अब इसके लिए अहमदाबाद होकर जाना होगा।

तीन बच्चों की हत्यारी मां को फांसी व प्रेमी को उम्रकैद सुनाई

औरैया। उप्र में औरैया जिले की एक अदालत ने प्रेम प्रसंग के चक्कर में अपने तीन मासूम बच्चों की नदी में डुबो कर हत्या करने वाली मां को फांसी की सजा सुनाई है, जबकि उसके प्रेमी को आजीवन कारावास के लिए दंडित किया गया है। घटना 27 जून 2024 की सुबह करीब 5 बजे की थी। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के फफूंद थाना क्षेत्र के गांव अटा बरूआ निवासी प्रियंका(27) की शादी इटावा के बसरेहर निवासी अवनीश से हुई थी। जिससे चार बच्चे हैं। दो साल पहले पति अवनीश की करंट लगने से मौत हो गई। इसके बाद प्रियंका अपने चचेरे देवर औरैया निवासी आशीष के साथ पत्नी के रूप में साथ रहने लगी। 27 जुलाई 2024 की सुबह करीब 5 बजे -**शेष पृष्ठ दो पर**

थरूर ने कुरेदे इमरजेंसी के घाव, नसबंदी को बताया 'इतिहास का काला अध्याय'

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **कांग्रेस सांसद ने कहा: इससे सबक लेना जरूरी, नसबंदी अभियान मनमाना और क्रूर फैसला था**

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक आर्टिकिल में लिखा कि इमरजेंसी को सिर्फ भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना जरूरी है। उन्होंने नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला बताया।

थरूर ने मलयालम भाषा के अखबार 'दीपिका' में प्रकाशित आर्टिकल लिखा है। यह गुरुवार को प्रकाशित हुआ है। उन्होंने लिखा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए उठाए गए कदम कई बार ऐसी क्रूरता में बदल जाते हैं, जिन्हें किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता। 50 साल पहले 25 जून, 1975 को तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई थी। यह 21 मार्च, 1977 तक लागू रही थी। इस दौरान केंद्र सरकार ने कई सख्त फैसले लिए थे। माना फैसला था। थरूर ने लिखा कि इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी का जबरन नसबंदी अभियान चलाने का फैसला क्रूरता का उदाहरण बन गया। गरीब ग्रामीण इलाकों में टारगेट पूरा करने के लिए हिंसा और दबाव का सहारा लिया गया। नई दिल्ली जैसे शहरों में बेरहमी से झुग्गियां तोड़ी गईं। हजारों लोग बेघर हो गए। उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए शशि थरूर ने अपने आर्टिकल में लिखा कि लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह एक बहुमूल्य विरासत है, जिसे लगातार संरक्षित करना जरूरी है। सत्ता को सेंट्रलाइज करने, असहमति को दबाने और संविधान को दरकिनार करने का असंतोष कई रूपों में फिर सामने आ सकता है। अक्सर ऐसे एक्शन को देशहित या स्थिरता के नाम पर उचित ठहराया जाता है। इस अर्थ में इमरजेंसी एक चेतावनी के रूप में खड़ा है। लोकतंत्र के संरक्षकों को हमेशा सतर्क रहना होगा। थरूर ने 23 जून को द हिंदू में पब्लिश एक आर्टिकल में लिखा था कि मोदी की ऊर्जा, गतिशीलता और जुड़ने की इच्छा वैश्विक मंच पर भारत के लिए प्रमुख संपत्ति बनी हुई है, लेकिन उन्हें और ज्यादा सपोर्ट मिलना चाहिए।

निमिषा की फांसी पर रोक की अर्जी, SC 14 को करेगा सुनवाई

■ **नर्स निमिषा को यमन में 16 जुलाई को दी जानी है फांसी**

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय हत्या के एक मामले में केरल निवासी नर्स निमिषा प्रिया की यमन में 16 जुलाई को निर्धारित फांसी की सजा पर रोक और उसकी रिहाई के लिए केंद्र सरकार को कूटनीतिक प्रयास करने का निर्देश देने की मांग संबंधी एक याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगी।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की आंशिक कार्य दिवस पीठ ने 'सेव निमिषा प्रिया एक्शन काउंसिल' नामक एक संगठन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रागेंथ बसंत के शीघ्र सुनवाई के अनुरोध के बाद संबंधित याचिका को (14 जुलाई के लिए) सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। अधिवक्ता बसंत ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान अदालत से यह अनुरोध किया था। वरिष्ठ अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष दलील दी कि शरीयत कानून के अनुसार, अगर पीड़ितों के रिश्तेदार 'खूंबहा' स्वीकार करने को तैयार हों, तो किसी व्यक्ति को रिहा किया जा सकता है। खूंबहा का मतलब है कि पीड़ित परिवार को मुआवजे का प्रस्ताव दिया जाए और वे इसे लेने को तैयार हों, तो अभियुक्त की सजा माफ की जा सकती है।

संक्षिप्त समाचार

सरकारी अस्पतालों में बदइंतजामी, मरीज नर्सिंग होम में जाने को विवश: अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के चरमराने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में बदइंतजामी और बदहाली की वजह से मरीज प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाने को मजबूर हो रहे है। यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह पटरी से उतर गई हैं। उप मुख्यमंत्री की नजर अपने विभाग के बजाय मुख्यमंत्री की कुर्सी पर होने की वजह से हर तरफ मनमानी और बदहाली दिखाई दे रही है। अचरज तो यह है कि उनकी सरकार में बिना खून निकाले रिपोर्ट देने का तरीका भी खोज लिया गया है। कानपुर में दो सीएमओ एक कुर्सी पर झगड़ पड़े, तो पुलिस बुलानी पड़ गई। डीसीएम साहब अपनी नाकामी छुपाने के लिए छापेबाजी करके बैठ जाते है। असर कुछ होता नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों डिप्टी साहब गोंडा के मेडिकल कॉलेज गए जहां हर तरफ अव्यवस्था थी।

किसानों को 25 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित

नई दिल्ली। केंद्र सरकार खेती में उर्वरकों के सही इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए अब तक 25 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों में बांट चुकी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार शाम को यहां आयोजित 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को किफायती दामों पर उर्वरक मुहैया कराने के लिए पर्याप्त सब्सिडी देने के साथ साथ सही वक्त पर उर्वरक आपूर्ति कराना सुनिश्चित किया है।

अवैध धर्मांतरण के खिलाफ चलता रहा है सरकार का डंडा

लखनऊ, वार्ता

■ छांगुर बाबा के खिलाफ पुलिस कार्रवाई उत्तर प्रदेश के लिए कोई नई बात नहीं है

अवैध धर्मांतरण के आरोप जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के खिलाफ पुलिस कार्रवाई उत्तर प्रदेश के लिए कोई नई बात नहीं है।

योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद अवैध धर्मांतरण के खिलाफ समय समय पर एक्शन होता रहा है। इस दौरान पुलिस, एसटीएफ और एटीएस दो दर्जन से अधिक अवैध धर्मांतरण गिरोहों के सरगना और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार सलाखों के पीछे धकेल चुकी है। वहीं अभियोजन विभाग द्वारा कोर्ट में प्रभावी पैरवी, वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर पिछले आठ वर्षों में अवैध धर्मांतरण में लिप्त 16 आरोपियों को सजा दिलाई गई। इनमें से 12 आरोपियों को आजीवन कारावास और 4 आरोपियों को 10 वर्ष के कारावास की सजा दिलाई गई। इसके साथ ही कोर्ट द्वारा आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया गया। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में धार्मिक-सामाजिक एकता बनाए रखने और जनसंख्या संतुलन को बिगाड़ने वाली साजिशों को विफल करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अवैध धर्मांतरण के सरगनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है।

उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश भर में अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेला गया है। यह आरोपी उत्तर प्रदेश के साथ दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और हरियाणा में भी सक्रिय थे। इनका मकसद बहुसंख्यक आबादी में धार्मिक असंतुलन पैदा कर देश की जनसांख्यिकी को बदलना और शांति को भंग करना था। यह लोग गिरोह के संचालन के लिए इस्लामिक दावा सेंटर जैसे केंद्रों का उपयोग करते थे, जहां गरीब, असहाय, दिव्यांग और समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को बहला-फुसलाकर, नौकरी, इलाज, शादी और पैसे के लालच से अवैध धर्मांतरण कराया जाता था।

छांगुर बाबा एक हफ्ते की पुलिस रिमांड पर एटीएस के हवाले

लखनऊ। अवैध धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी साथी नीतू उर्फ नसरीन को उत्तर प्रदेश पुलिस का आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) रिमांड पर लेकर गिरोह की गतिविधियों और फंडिंग के बारे में पड़ताल करेगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अवैध धर्मान्तरण के आरोप में एटीएस ने पिछली पांच जुलाई को जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और नीतू उर्फ नसरीन को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस महानिदेशक ने धर्मांतरण के इस गिरोह के पूरे नेटवर्क, रैकेट, वित्तीय स्रोत एवं अन्य सभी तथ्यों की गहन जानकारी के लिए निर्देशित किया गया था। उन्होंने बताया कि यूपी एटीएस ने एनआईए कोर्ट से दस से 16 जुलाई तक दोनों आरोपियों का पुलिस कस्टडी रिमाण्ड प्राप्त किया गया है।

पंचायत चुनाव: 512 ग्राम पंचायतें समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आगामी ग्रामीण स्थानीय निकाय चुनावों के लिए पंचायतों का परिसीमन पूरा हो गया है और 512 ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गई हैं, जबकि 11 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं।

अधिकृत सूत्रों ने बताया कि समाप्त की गई ग्राम पंचायतों में सबसे अधिक संख्या देवरिया, आजमगढ़ और प्रतापगढ़ जिलों की है। 2021 के पंचायत चुनावों में 58,195 ग्राम प्रधान चुने गए थे, लेकिन राज्य में अगले पंचायत चुनावों में यह संख्या घटकर 57,694 ग्राम प्रधान रह गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियां ग्राम पंचायतों के परिसीमन के साथ शुरू हो गई हैं। लेकिन पंचायती राज विभाग सीटों का आरक्षण तय नहीं करेगा। प्रदेश सरकार ने अगले साल मई में होने वाले ग्राम पंचायत चुनावों के लिए एक शासनादेश (जीओ) जारी कर ग्राम पंचायतों के परिसीमन को अनिवार्य बना दिया है। नगरीय क्षेत्र के विस्तार के कारण देवरिया में 64, आजमगढ़ में 49 और प्रतापगढ़ में 46 ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गई हैं। इसके अलावा अलीगढ़ में 16, अंबेडकरनगर में 3, अमरोहा में 21 और अयोध्या जिलों में 22 ग्राम पंचायतें समाप्त हो गई हैं। बहराइच में कुल चार ग्राम पंचायतें समाप्त हो गई हैं, जबकि ज़िले में दो नए राजस्व गांव बनाए गए हैं। बलरामपुर और बाराबंकी में 7-7, बरेली और बुलंदशहर में 5-5, चित्रकूट में 3, एटा में 6, इटावा में 2, फर्रुखाबाद में 14, फतेहपुर में 19, गौतमबुद्धनगर में 6, गाजियाबाद में 19, गोंडा और गोरखपुर में 22-22, हरदोई में 14, हाथरस में एक, जौनपुर में 6, खीरी में एक, कुशीनगर में 23, लखनऊ में 3, मथुरा में 9, मऊ में 26, मुजफ्फरनगर में 11, रायबरेली में 8, संतकबीरनगर में 24, शाहजहांपुर में एक, सीतापुर में 11, सोनभद्र में 8-8 व उन्नाव में 4 नई ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गईं।

कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच होगी कांवड़ यात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। पवित्र श्रावण मास में होने वाली कांवड़ यात्रा के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के प्रमुखों को निर्देशित किया है।

कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मुख्य कांवड़ मार्ग एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर कुल 29 हजार 454 सीसीटीवी कैमरे, 395 ड्रोन, 1845 जल सेवा केन्द्र, 829 चिकित्सा शिविरों, 1222 पुलिस सहायता केन्द्र/कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कांवड़ यात्रा को सुरक्षित सम्पन्न कराए जाने की जिम्मेदारी 587 राजपत्रित अधिकारी, 2040 निरीक्षक, 13,520 उपनिरीक्षक, 39,965 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 1,486 महिला उपनिरीक्षक, 8,541 महिला मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 50 कम्पनी केन्द्रीय पुलिस बल/पीएसी एवं 1,424 होमगार्ड्स की होगी। इसके लिए विशेष बलों जैसे आएएफ, क्यूआरटी एवं एंटी टेरर स्क्वाड पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।

कांवड़ यात्रा मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी, जबकि मुख्यालय स्तर पर भी 24 घंटे नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया सेन्टर डीजीपी मुख्यालय में एक आठ सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जो 24 घण्टे सतर्क रहकर कांवड़ यात्रा से सम्बन्धित सोशल मीडिया पर प्राप्त होने वाली सभी इनपुट को सम्बन्धित जिले को प्रेषित कर भ्रामक खबरों का खंडन, अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही एवं तथ्यात्मक जानकारी सोशल मीडिया पर डलवाना सुनिश्चित करेगी।

मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म को भारत की आत्मा बताया

राम विरोधियों की दुर्गति तय है: योगी

गोरखपुर, वार्ता

■ कहा: लोहिया के विचार से इतर आज के समाजवादी रामभक्तों पर गोली चलाते हैं

सनातन धर्म को भारत की आत्मा बताते हुए गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि प्रखर समाजवादी डा. राममनोहर लोहिया के विचार से इतर आज के समाजवादी रामभक्तों पर गोली चलाते हैं।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि डा. लोहिया के वर्तमान चेले भले ही उनकी बात न मानते हों, लेकिन यह बात तय है कि जो राम विरोधी है, उसकी दुर्गति होनी ही है। डा. लोहिया कहते थे कि भारत में जब तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लीला पुरुषोत्तम मुरलीधर भगवान श्रीकृष्ण और देवों के देव भगवान शंकर की पूजा होती रहेगी तब तक दुनिया में कोई माई का लाल भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगा और यह सच भी है भगवान श्रीराम, प्रभु श्रीकृष्ण और देवाधिदेव महादेव शंकर के बिना भारत का पत्ता भी नहीं हिल सकता है।

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में चार जुलाई से चल रही श्रीरामकथा के विश्राम सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा और देवी-देवताओं से जुड़ी अन्य कथाएं भारतीय संस्कार का हिस्सा हैं। उन्होंने रामायण मेलों की शुरुआत करने वाले डा. राम मनोहर लोहिया का उल्लेख कर सनातन धर्म पर सवाल उठाने वालों को आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डा. लोहिया, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर समाजवादी और कांग्रेस के प्रखर विरोधी थे।

आजादी के बाद जब भारतीयों की एकजुटता को लेकर कुछ लोगों ने शंका जताई थी तब उन्होंने जवाब दिया था कि राम, कृष्ण और शंकर की पूजा होने तक भारत की एकजुटता का प्रश्न ही खड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि उच्चकुल में पैदा होने के बावजूद मारीच की दुर्गति सबको पता है। उसका जन्म मनुष्य रूप में होता है, जबकि पशु रूप में मारा जाता है। उन्होंने कहा कि राम को भजते-भजते हनुमान जी भी पूज्य हो गए। अनपढ़ व्यक्ति भी हनुमान चालीसा जानता है, उसका पाठ करता है। श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान शंकर और उनसे जुड़ी कथाएं हमारी आस्था की प्रतीक हैं, हमारी विरासत हैं। सुसभ्य संस्कृति की उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। इनके संरक्षण और उन्नयन में योगदान देना हर भारतीय का कर्तव्य होना चाहिए। राम, कृष्ण और शिव सनातन धर्म के प्रतीक हैं।

गुरु पूर्णिमा पर योगी ने किया महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन

गोरखपुर। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुवार को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ, दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, योगिराज बाबा गंभीरनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजनों का भी विधि विधान से पूजन-अर्चन कर श्रद्धा निवेदित की और लोक कल्याण के पथ पर मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा का विशेष अनुष्ठान प्रातः काल 5 बजे से ही प्रारंभ हो गया और सामूहिक आरती के साथ अनुष्ठान की पूर्णता हुई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 83190.28
निफ्टी 25355.25

सोना रु. 97195
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 107690
प्रति किलो

शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट

मुंबई, वार्ता



■ तेज बिकवाली के चलते सेंसेक्स 345.80 अंक, निफ्टी 120.85 अंक नीचे

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को बिकवाली का दबाव बढ़ने से लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई और प्रमुख शेयर सूचकांक 0.27 प्रतिशत से 0.47 प्रतिशत टूट गए।

विश्लेषकों के अनुसार कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों को जारी किए जाने की शुरुआत से पहले बाजार में सतर्कता का रुख बढ़ा हुआ था। बुधवार को बाजार दिन भर सीमित दायरे में घट बढ़ के बाद कारोबार के आखिरी दौर में तेज बिकवाली के दबाव में टूट कर बंद हुआ था। बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 345.80 अंक (0.41प्रतिशत) गिर कर 83,190.28 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 भी 120.85 अंक (0.47 प्रतिशत) घट कर 25355.25 अंक पर बंद हुआ। संसेक्स में 24 शेयर घाटे में रहे और छह में लाभ हुआ।

मारुति सबसे अधिक 1.36 प्रतिशत लाभ पर बंद हुआ। टाटा स्टील (1.04), बजाज फाइनेंस (0.72), बजाज फाइनेंशियल सर्विसेज (0.65), ट्रेंट (0.4) और टाटा मोटर्स भी (0.38 प्रतिशत) लाभ में रहे। घाटे में रहे शेयरों में भारती एयरटेल का भाव 2.62 प्रतिशत टूटा, जबकि एक्सिस बैंक में सबसे कम 0.02 प्रतिशत का घाटा रहा। एशियन पेंट, इन्फोसिस, बीईएल, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक., टीसीएस, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआईसीआई आई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में घाटा हुआ। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस 0.27 प्रतिशत और निफ्टी बैंक 0.45 प्रतिशत घाटे में रहा। निफ्टी मिडकैप और स्मालकैप क्रमश 0.30 प्रतिशत और 0.27 प्रतिशत घट कर बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख, विनोद नायर ने बाजार की स्थिति पर संक्षिप्त टिप्पणी में कहा, 'टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजों से पहले इस सीजन में आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) और वित्त क्षेत्रों की धीमी शुरुआत की आशंका के चलते निवेशकों का रुझान सतर्क बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि इस बीच मिड-कैप और स्मॉ-कैप शेयरों में गिरावट का रुझान सीमित रहा। यह लार्ज-कैप शेयरों की तुलना में इन खंडों में निवेशक बेहतर आय परिदृश्य की उम्मीद कर रहे हैं। नायर की राय में यह निवेशकों की प्रतीक्षा और निगरानी की रणनीति को दर्शाता है।

डॉलर के मुकाबले रुपये में सुधार

मुंबई। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को दिन में मजबूती के साथ करीब 23 पैसे के तेज सुधार के साथ 85.5780 के स्तर पर चल रहा था। बुधवार को विनियम दर प्रति डॉलर 85.7979 रुपए के दायरे में थी। स्थानीय शेयर बाजारों में नरमी का रुख जारी रहने के बावजूद डॉलर के अन्य प्रमुख मुद्राओं के समक्ष कमजोर पड़ने से रुपए को बल मिला। डॉलर सूचकांक दिन में 0.19 प्रतिशत गिर कर 97.37 पर चल रहा था। डॉलर सूचकांक छह प्रमुख मुद्राओं के भारांक पर आधारित है और डॉलर की तुलनात्मक मजबूती को इंगित करता है। बाजार को उम्मीद है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बाजूद रुपया आने वाले दिनों में डॉलर के मुकाबले 85.30 से 85.90 के दायरे में रहेगा। आज अन्य प्रमुख मुद्राओं का भाव इस प्रकार रहा: ब्रिटेन पौंड 116.5025 रुपए, यूरो 100.4709 रुपए और जापानी एन (प्रति सैकड़ा) 58.5200 रुपए।

यूपी में फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक वृद्धि की दर राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी

लखनऊ, वार्ता

पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण वृद्धि के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे उत्तर प्रदेश में हरित आवरण और फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक में भी राष्ट्रीय औसत से तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है।

भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की वन स्थिति रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 तक यूपी के वन क्षेत्रों के बाहर वृक्षावरण में 3.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो राष्ट्रीय औसत 3.41 प्रतिशत से अधिक है। इसके अलावा, फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक में 2.46 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कि राष्ट्रीय औसत 1.13 प्रतिशत से लगभग दोगुनी है। जिस आधार पर लगभग 72 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के अवशोषण का अनुमान है, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। पौधरोपण महा अभियान ने इस वर्ष उत्तर प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम 2-0' थीम के तहत 37.21 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। पिछले आठ वर्षों से प्रदेश में चल रहे पौध रोपण महाभियान के तहत अब तक 240 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। वन विभाग की ओर से जारी की गई वर्ष 2021-22 से लेकर 2024-25 तक रोपित किए गए पौधों की जीवितता लगभग 86.67 प्रतिशत दर्ज हैं। साथ ही इस अभियान के चलते प्रदेश में हरित आवरण और फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक में भी राष्ट्रीय औसत से तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है। वन विभाग ने पौधरोपण की जीवितता सुनिश्चित करने के लिए विशेष मॉनिटरिंग और मूल्यांकन व्यवस्था की है। वन विभाग की अनुश्रवण शाखा की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-22 में पौधों की जीवितता 76.87 प्रतिशत, 2022-23 में 83.73 प्रतिशत, 2023-24 में 90.04 प्रतिशत और 2024-25 में हुए सर्वेक्षण के अनुसार 96.06 प्रतिशत दर्ज की गई है।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

उदयपुर फाइल्स....

सिब्बल ने अदालत को सफलतापूर्वक यह बताया की यह फिल्म देश के बहुलवादी समाज के लिए कितनी खतरनाक हो सकती है। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि इस फिल्म के बारे में लिया गया फैसला भविष्य के लिए भी एक नज़ीर माना जाएगा और अन्य फिल्म निर्माताओं को भी एक बड़ा सबक मिलेगा, जो फिरकापरस्त ताकतों को खुश करने की नापाक मंशा से ऐसी फिल्में बनाकर देश की शांति, एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं।

तीन बच्चों की... प्रियंका अपने चारों बच्चों सोनू (9), माधव (6), आदित्य (4) व मंगल (2) को साथ लेकर घर से निकल पड़ी और ऑटो करके केशमपुर में सेंगर नदी के घाट पर पहुंच गई। जहां से प्रियंका ने अपनी ताई गीता को फोन करके कहा की वह मरने जा रही है और फोन काट दिया। ताई गीता प्रियंका को तलाशने औरैया गई, लेकिन प्रियंका घर पर नहीं मिली। इधर प्रियंका ने चारों बच्चों को कुछ नशीला पदार्थ खिलाकर नदी में डूबो दिया। मगर ग्रामीणों को आते देख वह वहां से भाग गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों ने नौ साल के सोनू को बाहर निकाला, जो जीवित था। जिसने पुलिस को नाम पता और घटनाक्रम बताया। इस पर परिजनों को सूचना दी गई। गोताखोर को बुलाकर नदी से छह साल के आदित्य और चार साल के माधव के शव को बाहर निकाल लिया। जबकि दो वर्ष के मंगल का शव करीब दो घंटे बाद मिला था। पुलिस ने बच्चों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने प्रियंका के सगे देवर मनीष की तहरीर पर प्रियंका एवं उसके प्रेमी (चचेरे देवर) आशीष उर्फ डैनी के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की और 20 दिन में दोनों आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल ली। जिसके बाद मामला एडीजे थर्ड सैफ अहमद की कोर्ट में चला। जहां पर सात लोगों सोनू (जीवित बचा पुत्र), मनीष वादी मुकदमा (मृतकों का चाचा), दिनेश (एफआईआर व जीड लेखक), शकील खान (आदित्य व माधव का पंचनामा भरा), सौरभ कुमार (मृतको का पीएम कराया), हरीश कुमार (मंगल का पंचनामा भरा) व एसआई भूपेंद्र सिंह (पर्याप्त साक्ष्य संकलन के साथ आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 307 व 120बी में 20 दिन के अंदर आरोप पत्र दाखिल किया) की गवाही के बाद 9 माह 14 दिन बाद आरोपी मां प्रियंका को फांसी एवं उसके प्रेमी चचेरे देवर आशीष उर्फ डैनी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वादी को ओर जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्र आदि ने पैरवी की। जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा ने बताया कि कोर्ट ने इसे क्रूरतम से क्रूरतम अपराध माना है। सजा दिलाने में एडीजीसी उमेश राजपूत ने कड़ी से कड़ी सजा की पैरवी की थी।

नदी किनारों पर होगा बहुआयामी विकास कार्य: यूपी सरकार

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर हर नदी को उसके स्रोत से लेकर अंतिम संगम बिंदु तक चिन्हित किया जाएगा और संबंधित सभी जनपदों को संयुक्त कार्ययोजना बनाकर जरूरी कदम उठाने होंगे। इसका उद्देश्य सिर्फ नदी को फिर से प्रवाहित करना नहीं, बल्कि जल गुणवत्ता, जल उपलब्धता और जैव विविधता को टिकाऊ तरीके से संरक्षित करना भी है।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर सभी जनपदों और विभागों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है। निर्देशों के तहत नदियों की जलधारा को सुगम बनाने के लिए डिसिल्टेशन (गाद निकासी), चैनलाइजेशन, कोर्स करेक्शन जैसे तकनीकी उपाय किए जाएंगे। साथ ही अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र विकसित कर वहां सघन वृक्षारोपण कराना भी अनिवार्य होगा। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश की नदियों को 'जीवित धरोहर' के रूप में संरक्षित करने की दिशा में एक नए युग की शुरुआत है। यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन सकता है। उदाहरण के रूप में देखा जाए तो कोई नदी किसी जनपद से निकलकर अपने संगम क्षेत्र तक जितने भी जनपदों से होकर निकलेगी उन सभी पर नदी पुनरुद्धार का दायित्व होगा। हर जिले को अपने हिस्से में आने वाले नदी के क्षेत्र की सफाई, जलधारा पुनर्स्थापन और जलस्रोतों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार करनी होगी। उसके पुनरुद्धार में संबंधित जिलों को मिलकर संरक्षणात्मक कार्य, जैसे तालाबों का जीर्णोद्धार, कैचमेंट क्षेत्र में चेक डैम और वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट बनाना होगा। नदी से जुड़ी तालाब श्रृंखलाएं भी चिन्हित कर संरक्षित की जाएंगी। निर्देशों के क्रम में संबंधित जिलों की प्रशासनिक इकाइयों द्वारा संयुक्त कार्ययोजना बनाई जाएगी। गाद निकालने (डिसिल्टेशन) और नदी की दिशा सुधारने (कोर्स करेक्शन) के लिए उच्च तकनीकी हस्तक्षेप होगा। नदी किनारों पर सघन वृक्षारोपण और कैचमेंट क्षेत्र में भूमि जल संरक्षण की योजनाएं लागू होंगी। चेक डैम, रिचार्ज पिट्स और जल संग्रहण ढांचे बनाए जाएंगे। इसके साथ ही तालाबों और पारंपरिक जलस्रोतों का संरक्षण एवं किनारों पर पौधारोपण अनिवार्य होगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

एक लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंडिंग सेरेमनी तैयारियां जोरों पर

गृहमंत्री अमित शाह होंगे शामिल, सीएम ने समयबद्ध तैयारियों के दिए निर्देश

- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा
- वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए 3.5 करोड़ के एमओयू

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। रुद्रपुर में प्रस्तावित 1 लाख करोड़ रूपये की ग्राउंडिंग सेरेमनी के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को तैयारियाँ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भव्य और प्रभावशाली स्वरूप में आयोजित किया जाए, जिससे राज्य की औद्योगिक प्रगति को नई गति और पहचान मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भव्य आयोजन में केंद्रीय गृह एवं सहका. रिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। यह आयोजन राज्य के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देगा तथा उत्तराखंड के युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर प्रदान करेगा। वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान राज्य सरकार को रुपये 3.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इनमें से रुपये 1 लाख करोड़ की ग्राउंडिंग हो चुकी है, जो उत्तराखंड के औद्योगिक विकास के प्रति निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन देगा और राज्य की आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलेगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सजगता और समन्वय के साथ सुनिश्चित की जाएं, जिससे राज्य की सकारात्मक छवि और निवेश-अनुकूल वातावरण को देश-दुनिया के समक्ष सशक्त रूप से प्रस्तुत किया जा सके। बैठक में प्रमुख सचिव आर. के.सुधांशु, आर.मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी.अंशुमन, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव बंशीधर

श्री कैंचीधाम मंदिर ट्रस्ट ने सीएम आपदा राहत कोष में दिए 2.5 करोड़

देहरादून(शाह टाइम्स)। श्री कैंची धाम मन्दिर ट्रस्ट ने प्रदेश में आपदा पीड़ित परिवारों को मदद के लिये मुख्यमंत्री राहत कोष में 2.50 करोड़ की आर्थिक सहायता दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस सहायता प्रदान करने के लिए ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंची धाम मन्दिर ट्रस्ट की और से आपदा पीड़ितों की मदद के साथ ही शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया जाने वाला सहयोग मानवता की बड़ी सेवा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंची धाम में प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत यातायात की सुगमता के लिये कैंची धाम बाईपास के लिए वन भूमि प्रस्ताव को केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने के बाद उक्त सड़क का तेजी से निर्माण किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्रीय लोगों एवं पर्यटकों को आवाजाही में सुविधा मिलेगी साथ ही कैंची धाम और भवाली के पास लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये अन्य कई योजनायें भी क्रियान्वित की जा रही हैं।

यमुनोत्री हाईवे 12 दिनों बाद हुआ बहाल

शाह टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। बीते 29 जून को अतिवृष्टि से यमुनोत्री हाईवे भूस्खलन से बंद हो गया था जिसे 12 दिन बाद बहाल कर दिया गया है। लंबे समय समय बंद पड़ी यमुनोत्री हाईवे पर श्रद्धालुओं की सैंकड़ों वाहन फंसे थे। गुरुवार दोपहर बाद एनएच द्वारा यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग ओजरी के पास बैली ब्रिज का निर्माण पूरा होने वाहनों हेतु यातायात सुचारु किया गया है। यात्रा सुचारू होने से जिला प्रशासन एवं एन एच बड़कोट ने राहत की सांस ली है। वहीं उपजिलाधिकारी बड़कोट बृजेश तिवारी ने बताया कि गुरुवार दोपहर बाद यमुनोत्री हाईवे यातायात के लिए बहाल हो गया। उन्होंने बताया कि पहले फंसे हुऐ वाहनों को ऊपर से निकाले जा रहे उसके बाद धाम के लिए भी वाहनों कुछ आवाजाही सुचारू की जा रही है। बता दें कि 29 जून को यमुनोत्री क्षेत्र में अतिवृष्टि से ओजरी में यमुनोत्री हाईवे का एक हिस्सा वाशआउट हो गया था। जिसके बाद सड़क हिस्से पर वैली ब्रिज लगाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी रहा है। वैली ब्रिज का आवश्यक सामग्री वाहन द्वारा सिलाई बैंड तक पहुंचा दी गई है, धीरे-धीरे आवश्यकतानुसार ओजरी तक पहुंचाया गया है।

इधर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य भी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश देते रहे हैं। जिसके बाद आज दोपहर बाद यमुनोत्री हाईवे बहाल हो सका। वहीं सिलाई बैंड के पास भी भी भूस्खलन से हाईवे क्षतिग्रस्त हुई थी जिसे पूर्व में ही यातायात के लिए खोल दिया गया है,जिससे क्षेत्र में आवागमन आंशिक रूप से बहाल हो सका है।

कोलकाता टीटीएफ में चमका उत्तराखंड पर्यटन

- सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत ने खींचा सबका ध्यान

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून । उत्तराखण्ड पर्यटन ने कोलकाता में आयोजित तीन दिवसीय ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) में अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक विविधता की भव्य प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। 10 से 12 जुलाई 2025 तक आयोजित इस आयोजन में उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् ने प्रभावशाली भागीदारी की।

भारत के सबसे बड़े ट्रैवल शो नेटवर्क टीटीएफ के इस संस्करण का उद्घाटन जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुला ने किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों के स्टॉलों का अवलोकन करते हुए उत्तराखंड मंडप का विशेष दौरा किया और वहां प्रदर्शित प्रचार सामग्री की सराहना की।

उत्तराखंड के स्टॉल पर चारधाम यात्रा, मानसखण्ड एक्सप्रेस, साहसिक पर्यटन, धार्मिक स्थलों और नई पर्यटन नीतियों की जानकारी आगंतुकों को दी गई। राज्य की पर्यटन संभावनाओं और सुविधाओं से ट्रैवल एजेंट्स, मीडिया प्रतिनिधियों और निवेशकों को भी अवगत कराया गया। इस बार टीटीएफ में राजस्थान, गोवा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, ओडिशा, तमिलनाडु, दिल्ली सहित लगभग 25 होटल व्यवसायियों ने भी भाग लिया।

उत्तराखण्ड टूरिज्म की इस भागीदारी को राज्य की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पर्यटन छवि को मजबूत करने और स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इससे न केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी बल्कि पर्यटन आधारित रोजगार के अवसरों में भी इजाफा होगा।

इलेक्ट्रिक वाहन (मैन्यूफैक्चरिंग एंड परचेजिंग) पॉलिसी-2025 हो रही तैयार

ग्रीन परिवहन की अवधारणा के प्रावधान हों पॉलिसी में शामिल: वर्धन

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन एवं निर्माण के लिए नीति तैयार की जी रही है। नीति का ड्राफ्ट बनकर तैयार हो गया है। मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में परिवहन विभाग और संबंधित अधिकारियों द्वारा उत्तराखंड की इलेक्ट्रिक वाहन (मैन्युफैक्चरिंग एंड परचेजिंग) पॉलिसी- 2025 का ड्राफ्ट प्रस्तुत किया गया।

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ड्राफ्ट किया गया प्रस्तुत

उत्तराखंड में इलेक्ट्रिक वाहन के अनुकूल इकोसिस्टम तैयार करने के उद्देश्य से तैयार की जा रही ई.वी. पॉलिसी के विभिन्न आयामों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग व संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तराखंड में ग्रीन परिवहन की अवधारणा को साकार करने व प्रधानमंत्री के इलेक्ट्रिक वाहन के संबंध में 2030 तक के लक्ष्य के अनुरूप पॉलिसी में मैन्युफैक्चरर, उपभोक्ता और संचालक सभी के लिए बेहतर इंसेंटिव का प्रावधान शामिल करें जिससे इलेक्ट्रिक वाहन का एक बेहतर इकोसिस्टम डेवलप हो सके। उन्होंने बेहतर इंसेंटिव के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहन के अनुकूल में आने वाले अवरोधों के त्वरित समाधान के लिए पॉलिसी में प्रभावी और त्वरित निगरानी तंत्र का प्रावधान करने के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव विनय शंकर पांडेय, डॉ. आर. राज. `श कुमार व एस. एन. पांडेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अनुकूल वातारवरण: पांडेय

सचिव विनय शंकर पांडेय और परिवहन विभाग द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि उत्तराखंड में इलेक्ट्रिक वाहन के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए इस पॉलिसी में मैन्युफैक्चरर से लेकर उपभोक्ता, संचालक और चार्जिंग स्टेशन स्थापन इत्यादि के लिए बेहतर इंसेंटिव का प्रावधान किया जा रहा है। कहा कि इस पॉलिसी में कार्बन क्रेडिट बेनिफिट के लिए प्रेरक इंसेंटिव, इंडस्ट्री साइड और उपभोक्ता साइड के लिए इंसेंटिव, कैपिटल सब्सिडी, स्टाम्प ड्यूटी, ब्याज सब्सिडी, भूमि रिबेट, रिसर्च एंड डेवलपमेंट फैसिलिटी इत्यादि सभी के लिए इंसेंटिव का प्रावधान की बात है। इसमें वाहन की अलग-अलग श्रेणी टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर, ई बस इत्यादि के क्रम में इंसेंटिव का प्रावधान शामिल होगा। उन्होंने अवगत कराया कि भारत में कुल वाहन की संख्या 34 करोड़ है। जिसमें 61.65 लाख इलेक्ट्रिक वाहन शामिल है। उत्तराखंड में कुल वाहन 4215496 हैं जिसमें कुल इलेक्ट्रिक वाहन 84614 हैं।

सूर्या रोशनी में हाइड्रोजन सिलेंडर फटा

एक व्यक्ति की मौत, दस लोग घायल, आयुक्त, डीएम व एसएसपी ने घायलों का हाल जाना

शाह टाइम्स संवाद्दाता

काशीपुर। मुरादाबाद रोड स्थित सूर्या रोशनी लिमिटेड में जोरदार धमाके के साथ हाइड्रोजन गैस सिलेंडर फट गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दस लोग घायल हो गये, जिन्हें उपचार हेतु एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर मण्डलायुक्त दीपक रावत, जिला. धिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल चिकित्सालय पहुंचे। उन्होंने घायलों हाल जाना व उनके परिजनों से वार्ता की। जानकारी के अनुसार गुरूवार सूर्या फैक्ट्री में सुबह 10.30 बजे हाइड्रोजन गैस सिलेंडर फट गया। विस्फोट की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के तुरंत बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों को छुट्टी देकर बसों से भेज दिया और पूरे परिसर को सील कर दिया। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गई। इस हादसे में रोहित नामक व्यक्ति की मौत हो जाने की सूचना मिली है, जबकि दस लोग घायल हुए हैं। घायलों को मुरादाबाद रोड स्थित आयुष्मान चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। अस्पताल में पहुंचे मंडलायुक्त/सचिव मुख्यमंत्री ने चिकित्साधिकारियों से वार्ता की व कहा कि घायलों का हर सम्भव उपचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से भी वार्ता हो गई है। मुख्यमंत्री ने भी घटना पर दु:ख व्यक्त किया है व उन्होंने कहा यदि किसी घायल को उपचार हेतु उच्च चिकित्सालय भेजना पड़े तो भेजा जाएगा। आयुक्त ने घटना की जांच कराने हेतु जिलाधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि घायलों का हर सम्भव ईलाज किया जाएगा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सालय में बने रहने तथा घायलों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सूर्या फैक्ट्री में घटना को देखते हुए राहत बचाव हेतु एनडीआरएफ को भी भेजा। इस दौरान महापौर दीपक बाली, एडीएम पंकज उपाध्याय, एडीएम अभय प्रताप सिंह आदि रहे।

कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

काशीपुर। उधार ली गई रकम का फर्जी चेक थमाकर 60 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम भरतपुर, संधु फार्म निवासी अर्शदीप सिंह संधु पुत्र भूपेंद्र सिंह संधू ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कहा कि 10 सदर बाजार, गणेश चौक रोहट, जिला पाली, राजस्थान निवासी निर्मल गोयल पुत्र जुगल किशोर को 65 लाख रुपये उधार दिए थे। निर्मल गोयल ने उधार ली गई रकम में से पांच लाख रुपये वापस किये तथा 60 लाख रुपये का एक चेक दे दिया, जो बैंक में भुगतान के लिए लगाने पर बाउंस हो गया। निर्मल गोयल से संपर्क करने पर उसने भुगतान करने से साफ इन्कार कर दिया और गालीगलौज की। बैंक ने बताया कि चेक फर्जी था। जिस खाते में चेक बुक ही जारी नहीं है, उसका चेक था। आरोप है कि जानबूझकर जालसाजी कर रुपये हड़पने की नीयत से फर्जी चेक जारी किया गया।

एक नजर

चुनावों से जनता का मोह हुआ भंग: माहरा

रानीखेत। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। कहा कि मानसून सीजन में चुनाव के होने से हर तरु अव्यवस्थाएं है। गुरुवार को मीडिया को दिए बयान में माहरा ने कहा कि सरकार ने जान बूझकर प्रशासक बैठाकर ऐसी स्थिति पैदा की। लोगों को भारी बारिश के बीच पंचायत चुनाव में प्रतिभाग करना पड़ रहा है। कहा कि ग्राम सभाओं में वार्ड कि लगभग 55,500 से ज्यादा सीटें है, जिसके सापेक्ष महज 28,200 के करीब ही नामांकन हुए है। जिससे साबित होता है कि चुनावों को लेकर लोगों में निराशा है। चुनाव आयोग द्वारा भी नई गाइडलाइन जारी कर नियमों का उल्लंघन किया गया है। कहा कि भाजपा की ऐसी नीतियों का प्रजातंत्र और लोकतंत्र के लिए ठीक संदेश नहीं जा रहा है।

3 मकान मालिकों पर 30 हजार का जुर्माना

अल्मोड़ा। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने समस्त थाना प्रभारियों को जनपद में वृहद सत्यापन अभियान चलाकर संदिग्धों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। मिली जानकारी के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह व सीओ गोपाल दत्त जोशी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक योगेश चंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में चौकी प्रभारी धारानौला आनंद बल्लभ कश्मीरा द्वारा चौकी धारानौला क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान 03 मकान मालिकों द्वारा अपने किराएदारों का सत्यापन नहीं कराया था। जिस पर पुलिस ने मकान मालिक के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई कर 30 हजार रुपये का कोर्ट का चालान किया गया। साथ ही भविष्य में रखे जाने वाले किराएदारों का समय से सत्यापन करने की उचित हिदायत दी।

शराब की अवैध तस्करी कर रहे 2 दबोचे

अल्मोड़ा। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत एसएसपी देवेंद्र पींचा ने अवैध मादक पदार्थों की ब्रिकी व तस्करी की रोकथाम व अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष धौलछीना विजय नेगी के नेतृत्व में टीम द्वारा बाड़ेछीना तिराहा पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त विशंबर दत्त निवासी ग्राम पेटशाल को 52 पव्वे कुल 13 बोतल अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, एक अन्य मामले में थानाध्यक्ष दन्या जसविंदर सिंह के नेतृत्व में प्रभारी चौकी जागेश्वर एसआई भगवान गिरी गोस्वामी द्वारा चेकिंग के दौरान वृद्ध जागेश्वर तिराहा से अभियुक्त चंदन सिंह नेगी निवासी ग्राम गुंजरखाली को 100 पाउच अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनी में चयन

पंतनगर। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्ष निदेशालय द्वारा आयोजित मूल्यांकन परीक्षण और साक्षात्कार के बाद सात विद्यार्थियों का चयन मैसर्स के 12 टेक्नो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में संजना वर्मा, अवंतिका देवरारी, हिमानी फुलारा, ओबैद अली खान, शौर्य पुनीत गर्ग, श्वेता सिंह चौधरी और देवांश घिडियाल शामिल हैं। इन विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के बाद रुपये 6 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने निदेशालय के प्रयासों की सराहना की और चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एमएस नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

14 वर्षीय छात्र लापता, गुमशुदगी दर्ज

काशीपुर। उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज का 9वीं क्लास का छात्र लापता हो गया। पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। लक्ष्मीपुर पटी निवासी भूपेन्द्र सिंह पुत्र सौराज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 14 वर्षीय पुत्र आयुष उदयराज हिन्दू इंटर कालेज में कक्षा 9 में पढ़ता है। 9 जुलाई को रोजाना की तरह ड्रेस पहनकर तथा स्कूल का बैग लेकर स्कूल जाने के लिये सुबह करीब सात बजे वह घर से निकला। स्कूल से छुट्टी के बाद जब सायं 4 बजे तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी खोजबीन की गई। स्कूल से पता करने पर क्लास टीचर द्वारा बताया गया कि आज आयुष स्कूल नहीं आया।

इनरव्हील क्लब ने बच्चों को बांटी खाद्य सामग्री

काशीपुर। अंतर्राष्ट्रीय संगठन इनर व्हील क्लब के डिस्ट्रिक्ट 311 के अन्तर्गत सम्मिलित इनर व्हील क्लब ऑफ काशीपुर द्वारा पीरूमदारा स्थित यूएसआर इन्दु समिति में जाकर बच्चों से भेंट की गई। प्रोजेक्ट अन्नपूर्णा एवं युवा विकास एवं कल्याण श्रेणी के अन्तर्गत क्लब ने वहां खाद्य सामग्री प्रदान की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. सुरूचि सक्सेना ने विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन विशिष्ट बच्चों के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग एवं संगठन को आगे आना चाहिए जिसमें कि इनरव्हील अपनी ज़िम्मेदारी समझते हुए महती भूमिका निभा रहा है एवं समयानुसार बच्चों से मिलता रहता है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा क्लब को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया, जिसे क्लब अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय एवं सचिव डॉ. निमिषा अग्रवाल ने ग्रहण किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट एडिटर प्राची अग्रवाल, उपाध्यक्ष ऋचा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रूपाली अग्रवाल, आईएसओ पूनम जोशी, नीलम घई, सीमा गोयल, स्वाति गर्ग, पूजा अग्रवाल, डॉ. मौलश्री अग्रवाल, रंजीता कौर, स्मृति अग्रवाल सहित विद्यालय सुपरिटेंडेंट अनुप्रिया एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाद्दाता

काशीपुर। पुलिस ने पर्वतीय कॉलोनी चौकी प्रतापपुर क्षेत्र से दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 127 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। कोतवाली काशीपुर पुलिस टीम द्वारा देवराज पुत्र सोनू सिंह निवासी ग्राम रम्पुरा काशीपुर के कब्जे से करीब 105 लीटर तथा प्रिंस पुत्र रंजीत सिंह निवासी जंगारोड मानपुर काशीपुर के कब्जे से करीब 22 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर दोनों के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुक. दमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चन्दन सिंह, सौरभ भारती, देवेन्द्र सामन्त, कंचन कुमार पडलिया, कांस्टेबल दर्शन सिंह, किशोर फर्त्याल, दीपक जोशी व धीरज सिंह शामिल थे।

कांवड़ यात्रा में हुड़दंगियों पर पैनी नज़र रखी जाए: मंडलायुक्त

शाह टाइम्स संवाद्दाता

काशीपुर। कांवड़ मेला 2025 को लेकर उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश के अधिकारियों की अतिमहत्वपूर्ण अन्तर्राज्जीय समन्वय बैठक मण्डलायुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में आईजीएल सभागार में आयोजित हुई। मण्डलायुक्त ने अन्तर्राज्जीय समन्वय बैठक में कहा कि समन्वय बैठक का उद्देश्य कांवड़ियों के लिए सुव्यवस्थित, सुगम, शान्तिपूर्ण माहौल प्रदान करना है। उन्होंने कहा कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से 9 अगस्त तक प्रस्तावित है। उन्होंने कहा हम सभी एक साथ मिलकर कार्य करते हुए कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम व सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा कांवड़ यात्रा के दौरान हुड़दंगियों, उपर्दियों, आपराधिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाये। दोनो प्रदेशों के अधिकारी फोन नम्बर व ट्रैफिक डायवर्जन प्लान आपस में साझा कर ले व संवेदनशील, संयमित होकर कार्य करें। विरोधाभाषी पोस्टर, वैनरों, गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाये। जहा पर कांवड़िये विश्राम करते है व लंगर लगते है वहां पर भी सुरक्षा बल तैनात रहे व नजर रखें। उन्होंने कहां कांवड़ यात्रा के दौरान दोनों प्रदेशों के क्यूआरटी टीमें भी तैनात रहें। उन्होंने कहा कांवड़ यात्रा में जो अधिकारी, कर्मचारी तैनात रहेगें व संयमित व्यवहार रखें। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर संवेदनशील व भड़काऊ पोस्ट न करें ताकि धार्मिक सौहार्द बना रहें। उप महानिरीक्षक मुरादाबाद मण्डल मुनिराज ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी रियल टाईम सूचनाएं साझा करें व यात्रा डायवर्जन प्लान आपस में साझा करते हुए ट्रैफिक सुव्यवस्थित संचालित करें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की 05 जिलो की सीमाएं जनपद उधमसिंह नगर से मिलती है। इसलिए दोनों राज्यों के पुलिस बार्डर पर एक साथ ड्यूटी करें ताकि आपस में संवाद बना रहें। उन्होंने कहा पुलिस क्षेत्राधिकारी, पुलिस निरीक्षक व उप निरीक्षक स्तर पर भी आपस में बैठके व संवाद करते रहें। बैठक में पुलिस अधीक्षक यातायात मुरादाबाद, रामपुर, अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर ने गतवर्षो की कांवड़ यात्रा की घटनाओं को साझा करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा को सुचारू एवं सुरक्षित संचालन के लिए सभी जनपदों के बीच प्रभावी समन्वय अति महत्वपूर्ण है। सभी सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान व ट्रैफिक डायवर्जन प्लान साझा होना भी अति आवश्यक है। बैठक में डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकान्त मिश्रा, एसपी रामपुर विद्या सागर, बरेली नॉर्थ मुक. ेश चन्द्र, एसपी क्राईम निहारिका तोमर, एडीएम पंकज उपाध्याय, एडीएम बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, एसडीएम काशीपुर अभय प्रताप सिंह, एसडीएम स्वार, बरेली, पीलीभीत सहित दोनो राज्यों के पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

शाह टाइम्स संवाद्दाता

अल्मोड़ा। नगर में अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हो गया है।

गुरुवार को प्रतियोगिता के तहत दो मुकाबले खेले गए। जिसमें स्टेडियम-ए और सनसाइन पैंथर की टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोपाल सिंह जीना, हरीश कनवाल, प्रकाश तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद सनसाइन वारियर और स्टेडियम-ए के बीच उद्घाटन मुकाबला खुला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्टेडियम की टीम ने निर्धारित ओवरों में 131 रन बनाए। जवाब में सनशासन वारियर की टीम 92 रन में ही सिमट गई। वहीं, दूसरे मुकाबले में सनशासन पैंथर ने स्प्रिंग डेल्स स्कूल को परास्त कर मैच अपने नाम किया। इस मौके पर यहां सुशील सोहनलाल, विपुल कार्की, कोच राजेंद्र राणा, नेहा पंत, दीपक तिवारी, विजय गोस्वामी हर्षिता पांडे समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

पति-पत्नी निर्दलीय ग्राम प्रधान व जिला पंचायत सदस्य बने

शाह टाइम्स संवाद्दाता

बागेश्वर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पति पत्नी दोनों मैदान में थे। पति ग्राम प्रधान के लिए मैदान में थे जबकि पत्नी जिला पंचायत के लिए मैदान में थी। दोनों को पूर्ण समर्थन मिलने के बाद निर्विरोध चुने गए है। बता दें कि आरे से ग्राम प्रधान केलिए दीपक खेतवाल को पहले ही जनता ने निर्विरोध ग्राम प्रधान चुन लिया। अब गुरुवार को चौरा सीट से चुनाव लड़ रही विशाखा खेतवाल को उनके विपक्ष में खड़ी निर्दलीय प्रत्याशी बरखा खेतवाल ने समर्थन देकर अपना नामांकन वापस लिया। जिसके बाद विशाखा खेतवाल निर्विरोध जिला पंचायत सदस्य चुनी जानी तय है। विशाखा के निर्विरोध चुने जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए मिष्ठान वितरण किया। बता दें कि विशाखा खेतवाल ने इस पंचायत चुनाव में पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, विधायक सुरेश गढ़िया, राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया के सानिध्य में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई थी।

चुनाव प्रचार के दौरान मारपीट

बागेश्वर। अपने चहेते प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करना कार्यकर्ता को भरी पड़ गया। दूसरे प्रत्याशी ने कार्यकर्ता के सिर में पत्थर से हमला कर लहूलुहान कर दिया। जिसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। यहां घायल के सिर में टांके लगाकर उसे घर भेज दिया गया है। दुगनाकुरी तहसील के ग्राम सुन्दिल जुनायल गांव में एनएसयूआई कार्यकर्ता पंकज पपोला अपने प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करते हुए लोगों से बोट मांग रहे थे। तभी दूसरे प्रत्याशी ने पहले घायल पपोला को डराने धमकाने की कोशिश की। पपोला के न मानने पर उसने पत्थर से गुरुवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे उनके सिर में हमला कर दिया।

नाम वापसी शुरू

शाह टाइम्स संवाद्दाता

बागेश्वर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की गहन जांच के बाद गुरुवार को नाम वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है। पहले दिन विभिन्न पदों के लिए कई प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए एक नामांकन वापस लिया गया है। बागेश्वर विकासखंड में ग्राम प्रधान पद के लिए 9, क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए 2 और ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 6 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिए हैं। गरुड़ विकासखंड की बात करें तो यहां ग्राम प्रधान पद के 7, क्षेत्र पंचायत पद के 6 और ग्राम पंचायत सदस्य पद के 1 प्रत्याशी ने अपना नाम वापस लिया। उधर, कपकोट विकासखंड में ग्राम प्रधान पद के 3, क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम पंचायत सदस्य पद के एक-एक नामांकन पत्र वापस हुए हैं। नाम वापसी की प्रक्रिया अभी जारी रहेगी।

बदलते मौसम ने बीमार डाला

शाह टाइम्स संवाद्दाता

बागेश्वर। बदलते मौसम का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। जिला अस्पताल में रोगियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रह है। चिकित्सक अतिरिक्त समय देकर रोगियों के उपचार में जुट गए हैं। गुरुवार को जिला अस्पताल की ओपीडी 800 के पार पहुंच गई। रोगियों को जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। चिकित्सकों के अनुसार मौसम परिवर्तन और दूषित पानी से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

उमस भरी गर्मी के साथ ही ठंडे पेय पदार्थ आदि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जिला अस्पताल में टाइफाइड के दो रोगी प्रतिदिन जांच के लिए आ रहे हैं। इधर नव नियुक्त सीएमएस डा. तपन शर्मा ने बताया कि जिले का सबसे बड़ा अस्पताल होने के नाते यहां चिकित्सक कड़ी मेहनत कर रहे है। मरीजों की सुविधा के लिए जल्द अस्पताल में 7 अलग अलग विभागों में टोकन सिस्टम लागू किया जाएगा। ताकि किसी भी मरीज को खड़े होकर इंतजार न करना पड़े। इसके अलावा जिला अस्पताल में सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रोजाना तीन टाइम अस्पताल में सफाई करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल के कई वार्डो में छत टपकने की समस्या है, टेक्निकल टीम को बुलाकर उसका स्थाई समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

महिला अस्पताल में ठप हुए अल्ट्रासाउंड

शाह टाइम्स संवाद्दाता

अल्मोड़ा। महिला अस्पताल में गुरुवार को अल्ट्रासाउंड में तकनीकी खराबी आ गई। इससे अल्ट्रासाउंड जांच ठप पड़ गई। जांच नहीं होने से गर्भवती व अन्य महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला अस्पताल के अधीन आने वाले महिला अस्पताल में लंबे समय बाद एक जुलाई से अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा मिलनी शुरू हुई। इससे महिलाओं को काफी राहत मिल रही थी। हर दिन 40 से अधिक गर्भवती महिलाएं इसका लाभ उठा रही थी, लेकिन गुरुवार को फिर महिलाओं को परेशानी से जूझना पड़ा। काफी संख्या में महिलाएं जांच के लिए पहुंची थी, लेकिन कुछ महिलाओं की जांच के बाद अल्ट्रासाउंड मशीन में खराब आ गई। मशीन खराब होने से अल्ट्रासाउंड मशीन खराब हो गई। महिला अस्पताल में जांच नहीं होने से गर्भवतियों और अन्य महिलाओं को जिला अस्पताल आना पड़ा। इससे जिला अस्पताल में भी लोड कफी बढ़ गया। जांच के लिए महिलाओं को घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ मरीजों को अगले दिन की डेट तक देनी पड़ गई। इस कारण कई महिलाओं ने बेस व निजी अस्पतालों की भी दौड़ लगाई।

एक घंटे थमी एनएच की रफ्तार

शाह टाइम्स संवाद्दाता

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास दकरती पहाड़ी से मुसीबत थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को बारिश के बीच एकाएक क्वारब की पहाड़ी दरक गई। इससे मार्ग में करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय तक यातायात ठप हो गया। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। क्वारब की दरक रही पहाड़ी लंबे समय से लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। पहाड़ी से आए दिन मलबा और बोल्डर गिर रहे हैं। इससे हाइवे पर यातायात बाधित हो रहा है। गुरुवार सुबह भी पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने लगे। इस कारण सड़क पर आवाजाही बाधित हो गई। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क बंद होने के कुछ ही देर में दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतार लग गई। जेसीबी की सहायता से सड़क पर आए मलबे को हटाने का प्रयास किया गया। करीब आधे घंटे बाद मलबा हटाया जा सका। लेकिन वाहनों की कतार लंबी होने से जाम की स्थिति बनी रही। लोगों के क्वारब की पहाड़ी पार करने में डेढ़ घंटे का समय लग गया। इधर, एनएच के ईई अशोक चौधरी ने बताया कि मार्ग में दोनों ओर से जेसीबी के माध्यम से गिरे मलबे को हटाकर यातायात सुचारू कर दिया गया था।

नियुमानुसार दवा बिक्री करने की हिदायत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

अल्मोड़ा। जिला विधिक सेवा प्राधिकारण और ड्रग्स व स्वास्थ विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को नगर के तमाम मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संचालकों को नियुमानुसार ही दवा बिक्री करने की हिदायत दी। टीम ने नगर के धारानौला से करबला तक संचालित मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने दवाओं की जांच के साथ ही लाइसेंस चेक किए गए। वहीं, एक्सपारी बॉक्स नहीं मिलने पर मेडिकल स्टोरों के संचालकों को सख्त हिदायत दी गई। टीम ने मेडिकल स्टोर संचाल. कों से नियमानुसार ही दवा बिक्री करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी ग्राहकों को बिल देने, सीसीटीवी कैमरे लगाने आदि के निर्देश दिए। निरीक्षण में विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शचि शर्मा, ड्रग्स इंस्पेक्टर पूजा जोशी, एसीएमओ डा. योगेश पुरोहित, डा. दीपिक धर्मशत्तु आदि मौजूद रहे।

रोबोटिक्स, कोडिंग और नवाचार के गुर सीखे

मानसखंड विज्ञान केन्द्र में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने पर कार्यशाला

शाह टाइम्स संवाद्दाता

अल्मोड़ा। मानसखंड विज्ञान केंद्र अल्मोड़ा में विज्ञान, नवाचार और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को एक दिवसीय टिंकरिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान छात्राओं ने ऑब्जेक्ट फॉलोवर और कलर सार्टर, लाइन फॉलोवर जैसे स्मार्ट रोबोट्स का निर्माण करते हुए सेंसर तकनीक और कोडिंग जैसे जटिल तकनीकी विषयों को सरल और व्यावहारिक तरीके से सीखा। उन्होंने आई आर सेंसर, कलर डिटेक्शन जैसी अवधारणाओं पर कार्य करते हुए रोबोटिक्स की मूलभूत समझ विकसित की। इस अनुभव ने छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, समस्या समाधान की क्षमता और नवाचार की सोच को मजबूती दी। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. मोहम्मद शाहिद ने किया। उन्होंने आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की वैज्ञानिक उपयोगिता को रेखांकित करते हुए छात्राओं को नवाचार आधारित स्टार्टअप की दिशा में सोचने और स्थानीय संसाधनों के सहारे भविष्य निर्माण की प्रेरणा दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी एवं केंद्र के प्रभारी डा. नवीन चंद्र जोशी ने विज्ञान और तकनीक को कल्पनाओं को साकार करने का माध्यम बताते हुए छात्राओं को नवाचार की ओर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जब छात्राएं अपनी सोच को व्यवहार में लाती हैं, तो वही क्षण नवाचार की शुरुआत बनता है। विज्ञान केंद्र की भूमिका को स्पष्ट करते हुए उन्होंने इसे विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत और प्रयोगशील मंच बताया। एमेरिटस वैज्ञानिक डा. एसएस सामंत ने जैव विविधता पार्क में रोपित हिमालयी औषधीय पौधों की पारंपरिक और पर्यावरणीय महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में छात्राओं ने रोबोटिक्स के अतिरिक्त फन साइंस गैलरी, जलवायु परिवर्तन गैलरी, पारंपरिक चिकित्सा दीर्घा और तारामंडल का भ्रमण भी किया। इन अनुभूतियों ने विज्ञान के प्रति उनकी समझ और रुचि को व्यापक आयाम प्रदान किया। यहां प्रदीप तिवारी, भास्कर देवड़ी, संजय कनवाल, शिवम पंत, तमन्ना बोरा, मनीष पाल. ीवाल और पारस कुमार मौजूद रहे।

कार्यालय-मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बागेश्वर।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, बागेश्वर

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा

दिनांक 11 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बागेश्वर द्वारा दिनांक 11 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 'मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही' नारे के रूप में मनाया जा रहा है। उपरोक्त अवधि में प्रतिदिन म्नि सेवाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। जिनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं-

3. परिवार कल्याण की अस्थायी विधि की सेवाएं जैसे-
- गर्भ निरोधक गोलियां
- ई0सी0 गोलियां
- गर्भ निरोधक गोलियां कण्डोम (निरोध)
- कॉपर टी।

4. स्थायी विधि द्वारा उपलब्ध सेवाएं जैसे-
- महिला नसबंदी
- पुरुष नसबन्दी (बिना चीरा बिना टांका)

नोट-नसबन्दी के निम्न फायदे-
- किसी भी तरह की कमज़ोरी या थकान नहीं होगी।
- आग अगले दिन से काम पर जा सकते हैं।
- एन.एस.वी. में समय कम लगता है।
- यह एक स्थायी परिवार नियोजन उपाय है।
- एन.एस.वी. कराने पर पुरुष मर्दान्गी में कोई अंतर नहीं आता है।
- आप एन.एस.वी. प्रक्रिया करवाने के आधे घंटे के बाद अपने घर जा सकते हैं तथा 48 घंटे के बाद सामान्य काम कर सकते हैं।

अधिक जानकारी हेतु हैल्प लाइन नं० 104 पर कॉल करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बागेश्वर।

पत्रांक- परिवार नियोजन/2025-26/3626-27 दिनांक : 08.07.2025

'विधायक के दबाव में प्रशासन'

बचुली देवी का नामांकन निरस्त, आयुक्त व एसएसपी दफ्तर में ग्रामीणों का प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। नैनीताल जिले के ओखलकांडा ब्लॉक अंतर्गत बड़ौन से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए बचुली देवी का नामांकन खारिज होने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने हल्द्वानी पहुंचकर एसएसपी कार्यालय और कुमाऊं कमिश्नर के कैंप कार्यालय का घेराव किया। राज्य आंदोलनकारी और कांग्रेस नेता हरीश पनेरू के नेतृत्व में हुए धरना-प्रदर्शन में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हरीश पनेरू ने आरोप लगाया कि बचुली देवी ने सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ नामांकन किया था, जिसके लिए रिटर्निंग ऑफिसर की तरफ से रिसीविंग रसीद भी दी गई थी। लेकिन नामांकन पत्रों की जांच के अंतिम दिन, 10 जुलाई को रिटर्निंग ऑफिसर ने दस्तावेज अधूरे होने का हवाला देते हुए उनका नामांकन पत्र

रद्द कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि जब उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर पर दबाव बनाया तो पता चला कि बचुली देवी के नामांकन पत्र से कुछ दस्तावेज गायब बताए गए। इस दौरान महिला प्रत्याशी बचुली देवी के साथ रिटर्निंग ऑफिसर ने अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया। इस संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम धारी और पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हरीश पनेरू ने यह भी आरोप लगाया कि जिला प्रशासन और रिटर्निंग ऑफिसर विधायक राम सिंह कैड़ा के दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक अपनी पत्नी कमलेश कैड़ा को निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य बनाना चाहते हैं, इसलिए बचुली देवी का नामांकन रद्द करवाया गया। इस मामले में एसडीएम धारी केएन गोस्वामी ने कहा कि यदि दस्तावेज अधूरे पाए जाते हैं तो रिटर्निंग ऑफिसर के पास नामांकन खारिज करने का अधिकार होता है। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी इस मामले में न्यायालय का रुख कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार, विधायक राम सिंह कैड़ा की पत्नी कमलेश कैड़ा ने भी बड़ौन क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए नामांकन दाखिल किया था। उनके सामने चार अन्य प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिनमें से तीन ने अपना नाम वापस ले लिया है। बचुली देवी अकेली प्रत्याशी थीं जिनका नामांकन रद्द हुआ, जिससे कमलेश कैड़ा का निर्विरोध चुनाव जीतना तय माना जा रहा है। वहीं, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उनका कहना है कि निर्वाचन अधिक. ारी ने निष्पक्षता से अपना काम किया है। बचुली देवी के नामांकन पत्र में नो डडूज की कॉपी नहीं लगी थी, जबकि अधिकारी ने दो दिन का समय भी दिया था, जिसे समय पर पूरा नहीं किया गया। उन्होंने इसे विपक्ष की राजनीति करार दिया।

कच्ची शराब समेत दो गिरफ्तार

हल्द्वानी। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखानी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 110 पाउच कच्ची शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी के नेतृत्व में बीती रात्रि पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पहला मामला टैगोर वाली गली चौकी आरटीओ रोड मुखानी क्षेत्र का है, जहां पुलिस टीम ने शराब तस्कर प्रेम सिंह बिष्ट निवासी जीतपुर नेगी रामपुर रोड को 60 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। जबकि दूसरा मामले में पुलिस ने शराब तस्कर राजू सागर निवासी नाथूपुर पडली लामाचौड़ मुखानी को 50 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ा। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज जेल भेज दिया।

देवखड़ी नाले के अपस्ट्रीम क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। गुरूवार को नगर आयुक्त ऋचा सिंह व सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, उप जिलाधिकारी राहुल

शाह, सहायक अभियंता मनोज तिवारी, रेंजर फतेहपुर, यूयूएसडीए की तकनीकी टीम एवं नगर निगम के जीआईएस विश्लेषक ने देवखड़ी नाले के वन क्षेत्र स्थित अपस्ट्रीम भाग का संयुक्त निरीक्षण किया। यह निरीक्षण हाल ही में देवखड़ी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र भदयूनी में हुई भारी से अति भारी वर्षा के मद्देनजर किया गया था, जिससे नाले में अत्यधिक जल प्रवाह हुआ और डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में जलभराव की संभावना उत्पन्न हो गई थी। जिला. धिकारी नैनीताल द्वारा स्वीकृत आपदा न्यूनीकरण योजना के तहत देवखड़ी नाले के अपस्ट्रीम क्षेत्र में कुल 13 चेकडैम का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इनमें से 10 चेक डैम का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि शेष 3 पर कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि निर्मित चेक डैम ने डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में जल प्रवाह की गति को प्रभावी रूप से कम किया और बड़ी मात्रा में मलबा, बोल्डर, रेत और मिट्टी को रोकने में मदद की, जिससे शहरी क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। वन विभाग को चैकडैम में एकत्र मलबे को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए गए हैं। इस समय, दो जेसीबी मशीनें तैनात की गई हैं और मलबा हटाने का कार्य जारी है, ताकि चेक डैम की प्रभावशीलता बनी रहे। इसके अलावा, तपोवन कॉलोनी के निकट देवखड़ी नाले के चौनलाइजेशन कार्य की शुरुआत की गई है। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य आसपास के बस्तियों की सुरक्षा दीवार को सुदृढ़ करना और जल प्रवाह को नियंत्रित करना है। निरीक्षण टीम ने इन महत्वपूर्ण आपदा न्यूनीकरण संरचनाओं की समयबद्ध निगरानी और रखरखाव की आवश्यकता पर जोर दिया, विशेष रूप से वर्षा ऋतु के दौरान। भविष्य में अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भी इस प्रकार की संरचनाओं के निर्माण की योजना बनाई जा रही है।

कमलेश कैड़ा को मिला तीन क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रत्याशियों का समर्थन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

धारी। एडवोकेट कमलेश कैड़ा को ओखलकांडा के बड़ोन से क्षेत्र पंचयात सदस्य की 3 प्रत्याशियों प्रियंका चिलवाल, यशोदा देवी, मंज्यू बिष्ट ने क्षेत्र पंचायत सदस्य बनाने हेतु अपना समर्थन दिया। बड़ोन क्षेत्र से कमलेश कैड़ा ने भी क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रत्यासियो ने कहा बड़ोन क्षेत्र में अधिक

विकास हो विकास कार्यों को देखते हुए हम सभी प्रत्याशियों ने अपना समर्थन एडवोकेट कमलेश कैड़ा को दिया है। कमलेश कैड़ा ने सभी क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त किया। कमलेश कैड़ा ने कहा कुछ कांग्रेसी निरस्त नामांकन पत्र को लेकर अधिकारियो पर दवाव बना रहे है। कमलेश कैड़ा ने कहा ओखलकांडा, धारी रामगढ़ व भीमताल, बेतालघाट सहित कई ब्लाकों में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत, वार्ड मेंबर के पदों पर नामांकन दाखिल किये गए थे। नामांकन पत्र भरने में त्रुटि के कारण सैकड़ों लोगों के नामांकन निरस्त हुए है। लेकिन ओखलकांडा में कुछ कांग्रेसी नामांकन पत्र खारिज होने पर राजनिति कर रहे हैं।

अनूठा पौधारोपण जारी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

नैनीताल । संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन वीरवार को 370 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत आज उनके नेतृत्व में गुरना देवी मंदिर परिसर पिथौरागढ़ में आंदोलन के 370 वें दिन होने पर अफ्रीकन गेंदा व हजारी के 370 पौधों का रोपण के साथ अन्य प्रजाति के पौधों का भी रोपण किया गया।

नशा काफूर हुआ तो कोतवाली सिर पर उठा ली

पुलिसकर्मियों के काबू में नहीं आया सूडान का नागरिक, जमकर काटा हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। दक्षिण अफ्रीकी देश सूडान के युवक को रात कोतवाली में बैठाना पुलिस को भारी पड़ गया। नशे की हालत में पकड़े गए युवक का जब अगली सुबह नशा काफूर हुआ तो कोतवाली पुलिस के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। खुद को पुलिस के बीच फंसा देख युवक बेकाबू हो गया। उसने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की और जब खुद को फंसा पाया तो पुलिस हमला कर दिया। उसने पीआरडी जवान को कोतवाली में दौड़ा कर पीटा और पुलिस कर्मी की वर्दी फाड़ दी। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे किसी तरह काबू कर लिया। पुलिस के मुताबिक मंगलवार हल्द्वानी बस अड्डे के पास एक सूडान का युवक नशे की हालत में

घूम रहा था। संदिग्ध जान कर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और कोतवाली ले आई। रातभर वह कोतवाली में रहा। बुधवार सुबह उसे होश आया तो पूछताछ शुरू की गई और यहीं से बात बिगड़ गई। पुलिस न तो सूडानी नागरिक की भाषा समझ आई और न उसे हिंदी। जब उससे पूछताछ हो रही थी तो कई पुलिस कर्मियों ने उसे घेर रखा था। संभवत: खुद को घिरा देख कर वह घबरा गया और समझ नहीं पाया कि उसके साथ क्या हो रहा है। इस पर वह पुलिस की घेराबंदी तोड़ कर भाग खड़ा हुआ। पुलिस उसे दबोचने पहुंची तो उसने हमला कर दिया। घटना से एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक पीआरडी जवान पर हमलावर नजर आ रहा है। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि नागरिक अफ्रीका के सूडान का रहने वाला कोन नाम का व्यक्ति है। जांच में उसका बीजा सही पाया गया। वह दिल्ली के किसी कॉलेज से एमबीए की पढ़ाई कर रहा है और हल्द्वानी घूमने आया था। नशे की हालत में और संदिग्ध नजर आने पर पूछताछ के लिए उसे कोतवाला लाया गया था। फिलहाल, उसे छोड़ दिया गया है।

गुरु पूर्णिमा पर भक्ति और श्रद्धा का महोत्सव

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर हल्द्वानी स्थित भागवताचार्य कपिल देव महाराज के आवास में भजन-कीर्तन, गुरु पूजन, व्यास पूजन और यज्ञ महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति के इस माहौल में सैकड़ों की संख्या में भक्तजन सुबह से ही पूजन के लिए महाराज के दर्शनार्थ उनके आवास पर पहुंचे।

पिछले दस वर्षों से भागवत कथा के प्रचार-प्रसार में जुटे कपिल देव महाराज अब तक 81 भागवत कथाओं का वाचन उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों में कर चुके हैं। उनके ओजस्वी वचन और आध्यात्मिक प्रवचनों ने हजारों श्रद्धालुओं के जीवन को दिशा दी है। इस अवसर पर भक्ति संगीत से सराबोर वातावरण में भजन कीर्तन, गुरु पूजन, और यज्ञ अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। भक्तों ने महाराज के चरणों में पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि कपिल देव महाराज पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी नयन दास तथा पद्मपुरी के संत अटल महाराज जैसे दिव्य संतों के कृपापात्र रहे हैं। उनके आध्यात्मिक जीवन में इन महान संतों की प्रेरणा और मार्गदर्शन का विशेष स्थान रहा है। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण के साथ सभी भक्तों को गुरु भक्ति और सनातन मूल्यों पर आधारित संदेश दिया गया।

कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया भाजपा नेता मज़हर नईम का जन्मदिन

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री मज़हर नईम नवाब का 61वां जन्मदिन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ता श्री नवाब के कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने श्री नवाब को बधाई दी और केक काटकर जन्मदिन की खुशियाँ साझा की। कार्यकर्ताओं ने नवाब साहब की लंबी उम्र की कामना करते हुए उनके समर्पण और नेतृत्व की सराहना की। इस मौके पर श्री नवाब ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और कर्तव्य पर जोर दिया। अपने जन्मदिन पर भी श्री नवाब ने पार्टी की सेवा में

अपना समर्पण दिखाते हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। उन्होंने उन्हें भाजपा संगठन को मजबूत करने के लिए टिप्स और मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर इसरार हुसैन, शकील अंसारी, महबूब अली, अफ़ज़ल कुरेशी, फारूक अंसारी, जमाल सिद्दीकी, फईम रिज़वी, शोएब सिद्दीकी, अब्दुल अहद, शन्नू खान समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पेट्रोल में पानी की मिलावट

लोगों ने काठगोदाम के पेट्रोल पंप में काटा हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। काठगोदाम क्षेत्र में स्थित एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल के साथ पानी मिलने की शिकायत के बाद स्थानीय वाहन मालिकों ने पंप पर आकर विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि पेट्रोल पंप संचालक अपनी गलती नहीं मान रहा था जिसके बाद लोगों का गुस्सा और भी बढ़ गया। पूर्ति विभाग की टीम ने जांच की पता चला कि पेट्रोल टैंक में ही पानी चला गया है। बता दें कि रानीबाग क्षेत्र के निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य मनीष गानी ने बताया कि उन्होंने बुधवार शाम को पेट्रोल डलवाया था, लेकिन पेट्रोल भरवाने के बाद उनका वाहन अचानक बंद हो गया। जांच करने पर पाया गया कि पेट्रोल के साथ पानी भी मिल गया था। मनीष ने अन्य वाहन चाल. कों से इस विषय पर बातचीत की, और कई अन्य लोगों ने भी शिकायत की कि इस पेट्रोल पंप से पेट्रोल के साथ पानी मिल रहा है। इसके बाद पंप पर भारी हंगामा शुरू हो गया, जिसमें पंप संचालक अपनी गलती मानने को तैयार नहीं था। लोग इस मुद्दे पर नाराज हो गए, और मामला बढ़ता गया। कई बार कोशिश करने के बावजूद मनीष और अन्य वाहन मालिकों को सरकारी अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया। इस कारण स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। बाद में पुलिस ने हस्तक्षेप किया और मामला शांत कराया। घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने पेट्रोल पंप पर

मिलावटी पेट्रोल देने के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन और संबंधित अधिकारियों इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करते हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और जनता को सही गुणवत्ता का पेट्रोल मिल सके।

पूर्ति विभाग ने शुरू की जांच

घटना की जानकारी मिलते ही पूर्ति विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच में यह सामने आया कि एक्सपी 95 पेट्रोल के टैंक में पानी मिल गया था। पेट्रोल पंप के टैंक में पानी जाने की वजह से वाहन चालकों को यह समस्या आ रही थी। पूर्ति विभाग के अधिकारी राहुल डांगी ने तत्काल दोनों नोजल को सील करवा दिया, जिससे अब इस प्रकार का मिलावटी पेट्रोल वितरित न हो सके। इसके साथ ही पंप की कंपनी को निर्देश दिया गया कि वह टैंक को खाली करवा कर आवश्यक कार्रवाई करे और रिपोर्ट जिला पूर्ति अधिकारी को जल्द सौंपे।

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ मामला

हंगामा बढ़ने के बाद, पेट्रोल पंप पहुंचे लोग अपने-अपने वाहनों से पेट्रोल निक. ालकर उसे बोतलों में भरकर लाए। सोशल मीडिया पर इस घटना की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गईं, जिसमें साफ दिख रहा था कि पेट्रोल के साथ पानी भी मिला हुआ था। आक्रोशित लोग पहले से ही आरोप लगा रहे थे कि इस पेट्रोल पंप से पहले भी मिलावटी पेट्रोल मिलने की शिकायतें आई थीं। वीडियो में लोग इस घटना को लेकर गुस्से में नजर आ रहे थे, और कई लोगों ने इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं।

शर्मनाक: बहु से दुष्कर्म का प्रयास, ससुर पर एफआइआर

घर पहुंची पीड़िता तो ताला तोड़ कर घर घुस चुके थे आरोपी ससुर और उसका साथी

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। एक ससुर ने अपने साथी के साथ मिलकर अपनी ही बहू के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने पुलिस थाने पहुंचकर ससुर व उसके साथी के खिलाफ तहरीर सौंपी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि बीते पांच जुलाई को वह अपने घर सोनकर फॉर्म बरेली रोड में थी। इसी दौरान उसका ससुर अपने एक साथी के साथ ताला तोड़कर घर में घुस आया। महिला ने ससुर को घर से बाहर जाने को कहा लेकिन दोनों अंदर ही बैठ गए। जब महिला अपनी जान बचाकर घर से बाहर भागी तो आरोपियों ने उसका पीछा शुरू कर दिया। आरोप है कि इसी बीच ससुर व उसके साथी से बचकर भाग रही बहू को ससुर ने धक्का दिया और पास ही खेत में गिरा दिया और फिर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता ने बताया कि वह उनके चुंगल से किसी तरह बचकर भागी और पुलिस के पास पहुंची। इधर कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मामले में आरोपी ससुर व उसके साथी के खिलाफ दुष्कर्म का प्रसास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्यार के जाल में फंसाकर जबरन बनाए शारीरिक सम्बंध, बनाया आपत्तिजनक वीडियो

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती और फिर प्यार पर भरोसा करना एक युवती को भारी पड़ गया। उत्तर प्रदेश के युवक ने युवती को झांसे में लिया और मिलने के होटल बुलाया। जहां उसने न सिर्फ जबरन युवती से शारीरिक बल्कि उसके आपत्तिजनक वीडियो और फोटो भी खींच लिए। जिसके बाद वह युवती को ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मुखानी थानाक्षेत्र निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ माह पहले उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर अंकित नाम के युवक से हुई थी। अंकित मूलरूप से युवती का रहने वाला है। आरोप है कि इंस्टाग्राम पर दोस्ती गांठने वाले युवक से उसकी लगातार बातें हो रहीं थी। एक दिन उसने प्यार का इजहार किया और मिलने की इच्छा जताई। लड़की ने हां कर दी। कुछ समय पहले लड़का मिलने के लिए हल्द्वानी आया और लड़की फोन कर एक होटल में बुलाया। जहां उसने जबरन युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए और इस दौरान उसने वीडियो व फोटो भी खींच लिए। जिसके बाद वह लड़की को ब्लैकमेल करने लगा। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश दबिशें दी जा रही हैं।

नुमाइश में बिजली कनेक्शन न दिया जाए

ऊर्जा निगम से यूकेडी की अपील, ज्ञापन सौंपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। उत्तराखंड क्रांति दल के प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा निगम के अधीक्षण अभियंता नवीन मिश्रा से मुलाकात की और नुमाइश में बिजली कनेक्शन न देने की मांग की है। गुरूवार को अधीक्षण अभियंता को सौंपे गए ज्ञापन यूकेडी के नगर निगम हल्द्वानी के पार्षद रवि बाल्मीकि व केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि एमबी कॉलेज के मैदान में बिना अनुमति के पूरी दुकानें लगा दी गई हैं, जिससे यह साफ तौर पर महसूस होता है कि बाहरी माफिया नुमाइश के आयोजन में काफी प्रभावशाली हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह नुमा. इश प्रशासन की अनुमति के बिना ही संचालित हो रही है, जिससे

सार्वजनिक व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। यूकेडी ने यह भी कहा कि नुमाइश के आयोजन स्थल के ठीक सामने अस्पताल, इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज और अन्य सार्वजनिक स्थान हैं, जहां महिलाओं और बच्चों के साथ छेड़छाड़ जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। इन घटनाओं को लेकर यूकेडी ने गंभीर चिंता जताई और प्रशासन से इस मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की। रवि वाल्मीकि ने कहा, नुमाइश के आयोजन से पहले संबंधित प्रशासन से अनुमति और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि नागरिकों की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था का ध्यान रखा जा सके।

उत्थान मंच में हरेला मेला कल

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में आगामी 12 से 16 जुलाई तक होने वाले पांच दिवसीय हरेला मेले की तैयारी पूरी कर ली गई है। 12 जुलाई को सुबह 10 बजे गोल्ज्यू पूजन के साथ मेले का शुभारंभ हो जाएगा और शाम 4 बजे मेले का विधिवत उद्घाटन होगा। मंच के सचिव देवेंद्र तोलिया ने बताया कि 12 से 16 जुलाई तक कुमाऊंनी संस्कृति की झलक देखने व कुमाऊंनी गीतों का आनंद लेने का अवसर क्षेत्र की जनता को मिलेगा। इस वर्ष मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रृंखला का भरपूर आनंद उठाने का अवसर क्षेत्र को मिलने जा रहा है। मेले में कई स्टॉल लगाए जा रहे है, जिनमें एक ओर पहाड़ी उत्पाद खरीदने का अवसर लोगों को मिलेगा, वहीं प्रदेश व प्रदेश के बाहर के कई व्यापारी भी अपने उत्पादों को लेकर मेले में पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि आम जनता व बच्चों के मनोरंजन के लिए भी कई प्रकार के खेलों का आयोजन भी होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले कलाकारों द्वारा कुमाऊंनी संस्कृति से संबंधित लोकगीत व लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही नए युवा और उभरते कुमाऊनी कलाकारों को उनकी प्रस्तुति के लिए मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरेला मेला कुमाऊं का एक प्रसिद्ध त्योहार है जो पूर्वजों के समय से ही पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। हरेला पर्व क्षेत्र की जनता को आध्यात्मिक व पर्यावरण का संद. ेश देता है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि अपनी संस्कृति को संजो कर रखने के लिए हरेला मेला में उपस्थित होकर कलाकारों व बच्चों का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ पहाड़ी उत्पादों की खरीदारी का भी आनंद उठाए।

गुरु पूर्णिमा पर विपिन पांडे का सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। गुरु पूर्णिमा पर विधायक बंशीधर भगत ने राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक विपिन पांडे को सम्मानित किया। विधायक भगत ने शिक्षक पांडे के शिक्षा क्षेत्र में योगदान और समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। पांडे जिन्होंने हरिदत्त नित्यानंद कॉलेज में अपनी सेवाएं दीं, सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए बुक बैंक की स्थापना की, जिससे जरूरतमंद छात्रों को किताबें उपलब्ध कराई जाती हैं। इस मौके पर विधायक भगत ने कहा कि विपिन पांडे जैसे शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक हैं। पांडे ने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनका हमेशा प्रयास बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोग और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पांडे के कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम में सुरेश गौड़, योगेश तिवारी, भुवन पंत, प्रमोद पंत, और अन्य स्थानीय नेता भी मौजूद थे।

कार से बाइक सवार को कुचलने का प्रयास

हल्द्वानी। बाइक और कार की टक्कर के बाद कार सवार बौखला गया। बाइक सवार के न रुकने पर उसने पीछा और उसे कार से कुचलने का प्रयास किया। पुलिस के सामने कार चालक हाथापाई पर आमादा और फिर कार समेत फरार हो गया। बनभूलपुरा लाइन नंबर एक निवासी सलीम ने पुलिस को बताया कि मुखानी चौराहे से जेल रोड की ओर जा रहा था। इसी बीच उसकी बाइक एक कार से टकरा गई और कार पर खरोंच लग गई। इस पर बहस हो गई और जब बाइक सवार वहां से निकला तो कार सवार ने उसका पीछा शुरू कर दिया। आरोप है कि पर्वतीय उत्थान मंच पहुंचने पर कार सवार ने उसे पीछे से टक्कर मार कर कुचलने का प्रयास किया। कार की टक्कर से बाइक सवार बाइक समेत नाली में जा गिरा। जिसके बाद वहां विवाद शुरू हो गया। जानकारी पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के सामने कार सवार ने बाइक सवार को पीटने का प्रयास किया और फिर मौके से कार समेत फरार हो गया। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

ममता बजाज व हरनीत कौर ने लिया नाम वापस

■ भाजपा समर्थित प्रत्याशी अमिता विश्वास के पक्ष में करेंगे प्रचार

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। पंचायत चुनाव की सरगर्मी के बीच जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर विधायक शिव अरोरा की मौजूदगी में खानपुर पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद सीट पर ममता बजाज और हरनीत कौर ने अपना नाम वापसी लिया। चुनावी मैदान से हटने हुए खानपुर पूर्व सीट पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी अमिता विश्वास को अपना पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया।

इस दौरान नाम वापसी के बाद जिला पंचायत कार्यालय के बाहर विधायक शिव अरोरा ने राजेश बजाज व गुरबाज सिंह खानपुर पूर्व सीट पर भाजपा समार्थित प्रत्याशी अमिता विश्वास को मजबूत करने की दिशा में इनके निर्णय को सहा. सिक बताते हुए उनका स्वागत किया। राजेश बजाज, गुरबाज सिंह ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी को चुनाव जीतवाने के लिये पूर्ण समर्पित भाव से चुनाव मैदान मे अमिता विश्वास के पक्ष मे प्रचार करने की बात कही। विधायक अरोरा बोले निश्चित रूप से राज. ेश बजाज व गुरबाज सिंह के समर्थन में आने के बाद से अमिता विश्वास को मजबूती मिलेगी और यह सीट पहले से भी बड़े अंतर से भाजपा समर्थित प्रत्याशी अमिता विश्वास को जीत मिलेगी।

इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारंग, राजेश बजाज, गुरबाज सिंह,मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, मनीष छाबड़ा, प्रताप सिंह, मयंक कक्कड़ व अन्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने किया 2022 की चोरी का खुलासा

■ चोरी के जेवरात सहित तीन आरोपी पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। वर्ष 2022 में हुई चोरी मामले में पुलिस ने चोरी के जेवरात व मोटरसाइकिल सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

जगदीश गुप्ता पुत्र रघुवीर गुप्ता निवासी पकड़िया थाना झनकईया द्वारा उनके घर में हुई चोरी के मामले में दो दिसंबर 2022 को दी गई तहरीर के आधार पर थाना झनकईया में धारा 380 आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिस मामले उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थाना झनकईया पुलिस द्वारा नौ जुलाई को मुखबिर की सूचना पर चूका पुल के पास से चेकिंग के दौरान चोरी के जेवरात सहित पकड़िया थाना झनकईया निवासीगण अभियुक्त शोएब उम्र 22 वर्ष पुत्र जाहिद हुसैन, जाहिद हुसैन उम्र 38 वर्ष पुत्र मोहम्मद हुसैन तथा इकरार उम्र 34 वर्ष पुत्र सुल्तान खान को गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक चौन पीली धातु, एक जोड़ी झुमकी पीली धातु, एक जोड़ी टॉप्स पीली धातु, दो अंगूठी पीली धातु, चार लॉन्ग पीली धातु, चार सिक्के सफेद धातु तथा एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

वहीं गिरफ्तारी के बाद धारा 411/457/34 आईपीसी की बढ़ोतरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि अभियुक्त शोएब एवं इकरार द्वारा 26 नवंबर 2022 की रात्रि को उक्त घटना को अंजाम दिया गया था तथा चोरी किए गए जेवर को अभियुक्तों द्वारा बेचने के लिए पूरनपुर ले जाया जा रहा था। जिनको मुखबिर की सूचना के बाद चूका पुल के पास से चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया और आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र गौरव, उपनिरीक्षक मनोज सिंह देव, उप निरीक्षक लक्ष्मण दत्त भट्ट, गोविंद वर्मा, रमेश सिंह जीना तथा शाकिर अली शामिल थे।

स्मैक के साथ युवक को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। अवैध मादक पदार्थो के तस्करों के विरुध उधम सिंह नगर पुलिस की लागातार कार्यवाही जारी 04.88 ग्राम अवैध स्मैक/हिरोईन के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक(नगर), क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रपुर के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम,आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के दिशा निर्देशों का पालन कराने हेतू कोतवाली रुद्रपुर पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गत सायं पुलिस टीम द्वारा दौराने गश्त निर्माणाधीन नई मण्डी रोड सेल टेक्स के पास रामपुर रोड रुद्रपुर में पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया । पकड़े गए व्यक्ति के कब्जे से 04.88 ग्राम अवैध स्मैंक/ हिरोईन बरामद की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम राजू सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गुरुद्वारा वाली गली वार्ड नंबर 2 , लालपुर किच्छा उधम सिंह नगर बताया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उ.नि. प्रदीप कोहली चौकी प्रभारी रम्पुरा , अपर उ.नि. नवीन जोशी चौकी रम्पुरा, का. गणेश धनिक शामिल थे।

लिटल किंगडम में विद्यालय संसद का गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। लिटल किंगडम स्कूल में छात्र-छात्रों के नेतृत्व को प्रोत्साहित करने हेतु इन्वेस्टिचर सेरेमनी (विद्यालय संसद गठन कार्यक्रम) का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस समारोह में विद्यालय के चारों हाउस बछेंद्री हाउस, आर्य भट्ट हाउस, कल्पना चावला हाउस और एपीजे अब्दुल कलाम हाउस के हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन वह अन्य कैप्टन चुने गए और उन्हें औपचारिक रूप से उनके पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रशासिका परविंदर पुरी, प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना ,विद्यालय के संचालक लक्ष्य शर्मा, उप प्रधानाचार्या सिमरन पुरी एवं के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात् छात्रों ने प्रेरणादायक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। हाउस कैप्टन चयन की घोषणा इस प्रकार की गई।हेड बॉय:-परमीत सिंह, हेड गर्ल-समायरा खान, बछेंद्री हाउस: कैप्टन ख्र उमंग कालड़ा (कक्षा 5),वाइस कैप्टन ख्र वैभव हालदार (कक्षा 4),आर्यभट्ट हाउस (ब्लू हाउस): कैप्टन ख्ररुद्रांश अरोरा (कक्षा -5) वाइस कैप्टन ख्रदक्ष पाल(कक्षा 4)कल्पना चावला हाउस(रेड हाउस): कैप्टन ख्र करन राय, (कक्षा 5) ,वाइस कैप्टन ख्रभूमि चौहान (कक्षा 4) एपीजे अब्दुल कलाम हाउस (ग्रीनहाउस) कैप्टन ख्र साईश अरोरा (कक्षा 5), वाइस कैप्टन ख्र आव्या मॉल (कक्षा 4) विद्यालय कैप्टन:-राघव खोलिया, अनायाह मरियम

खेल कैप्टन:-श्रेया सिंह लोधी,साफ सफाई सुरक्षा इंचार्ज:-अक्षत चंद्रा ,इंग्लिश स्पीकिंग इंचार्ज:-दिव्यांशी चौधरी 'डिसिप्लिन हेड' काव्य (कक्षा 5)जसमंदीप सिंह (कक्षा 5) सृष्टि सिंह (कक्षा 4), इंशा अंसारी (कक्षा 4)। संचालक लक्ष्य शर्मा ने सभी चुने गए छात्रों को शपथ दिलाई और उन्हें ईमानदारी, निष्ठा, और सेवा भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ प्रशासिका परविंदर पुरी ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा आपका यह सफर केवल शुरुआत है। एक सच्चा नेता वही है जो हर परिस्थिति में धैर्य, अनुशासन और ईमानदारी से काम करे। विद्यालय को आप पर गर्व है।

प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा नेतृत्व का अर्थ केवल आगे बढ़ना नहीं, बल्कि दूसरों को साथ लेकर चलना होता है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र दया, जिम्मेदारी और आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करें। यह पद केवल सम्मान नहीं, एक उत्तरदायित्व है, जिसे निभाना गर्व की बात है।

एक नजर

कच्ची शराब के साथ तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

जसपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु जनपद में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय प्रताप सिंह व क्षेत्राधिकारी काशीपुर दीपक सिंह के निर्देशन में जसपुर कोतवाली अंतर्गत धर्मपुर पुलिस चौकी प्रभारी एस आई केसी आर्य द्वारा पुलिस टीम के साथ गश्त करते समय टिकेन्द्र सिंह पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम देवीपुरा, शिव मन्दिर के पास, थाना जसपुर जिला ऊधम सिंह नगर को मोटरसाइकिल पर अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया गया । उसके पास से 60 लीटर अगर शराब बरामद की गई । पुलिस द्वारा उसके खिलाफ धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में केसीआर्य, प्रभारी चौकी धर्मपुर, थाना जसपुर, कांस्टेबल हेम चन्द्र फुलारा, अब्दुल मलिक आदि शामिल रहे।

स्मैक के साथ महिला तस्कर को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

नानकमत्ता । त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने एक महिला नशा तस्कर को मानक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने चौकिंग कार्रवाई के करते हुए ग्राम सलमता से एक महिला को 09 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया, पूछताछ में महिला ने अपना नाम अमरकौर पत्नी स्व: प्रेम सिंह निवासी सलमाता बताया है। अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी महिला को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पकडने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक मनोज जोशी,मुख्य आरक्षी जगदीश पुजारी, सिपाही नवीन जोशी, प्रकाश आर्य शामिल हैं।

पिस्टल दिखा युवक को लूटा

शाह टाइम्स संवाददाता

जानलेवा हमला कर मोबाइल और नकदी ले उड़े बदमाश

रुद्रपुर। शहर के आवास विकास क्षेत्र में एक युवक के साथ पिस्टल की नोक पर लूट और मारपीट की वारदात सामने आई है। हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अशोका लीलेंड कंपनी में कार्यरत अनिल कुमार पुत्र जयपाल ने पुलिस को तहरीर सौंपते बताया कि सात जुलाई की रात करीब 1:20 बजे जब वह अपनी ड्यूटी से लौटकर कमरे का ताला खोल ही रहा था, उसी समय तीन बाइक सवार अज्ञात युवक उसके पास आकर पता पूछने लगे। अनिल के मना करने पर आरोपियों ने मोबाइल फोन मांगना शुरू कर दिया। स्थिति को भांपते हुए अनिल ने डर के मारे अपना फोन गेट के सामने फेंक दिया, लेकिन तभी एक बदमाश ने पिस्टल के हैंडल से उसके सिर पर करीब 5-6 बार वार किए, जिससे उसे गहरी चोट आई। हमलावरों ने सीने पर पिस्टल तानकर मोबाइल का पासवर्ड और यूपीआई पिन नंबर भी पूछ लिया। इसके बाद वे उनका पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, एटीएम कार्ड और मोबाइल लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि उसके यूपीआई अकाउंट से करीब 6 से 7 हजार रुपये की राशि भी निकाल ली गई। पूरी घटना के बाद घायल अवस्था में अनिल ने अपने एक दोस्त को फोन कर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसे सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। अनिल के मुताबिक हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

108 की तरह जनता की सेवा में लगे रहते राजेश कुमार

शाह टाइम्स संवाददाता

बाजपुर। चीनी मिल अतिथि गृह में भाजपा नेता राजेश कुमार के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का लगाया गया, जिसका शुभारंभ सुखविंदर कौर और बिमला देवी के द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें 108 व्यक्तियों ने रक्तदान किया।

रक्तदान कर लोगों ने कहा कि राजेश कुमार 108 की तरह जनता की सेवा में लगे रहते हैं। इस मौके पर राजेश कुमार ने कहा कि आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी ने किसी के जीवन बचाने के काम आएगा चाहे हिंदू मुस्लिम, सिख, इसाई क्या पता किसको यह रक्त चढ़ेगा। युवाओं को रक्तदान करना चाहिए, युवाओं को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

वहीं चीनी मिल अतिथि गृह के प्रांगण में पौधारोपण भी किया।

इस दौरान पुष्कर कला, मनजीत सिंह राजू, गुंजन सुखीजा, राजीव सैनी, कमलेश कुमार, गुरमुख सिंह, मयंक शर्मा, अजय कुमार, अमित चौहान, रितेश शर्मा, यशपाल सिंह, कमल देव सिंह, हरजसपाल सिंह, प्रियंका दिवाकर, विवेक जोशी, अर्जुन सिंह, रेशम यादव, शिवम दिवाकर, सोनू भाकुनी, किशोर पंत, हबीबुर रहमान बबलू,परवेजआलम यशवीर सिंह राठी, कुमार पाल, हरपाल सिंह, नरेश सिंह, युवराज सिंह, राजेश सैनी, कैलाश दिवाकर, जॉनी मौर्य, प्रिंस कुमार, नितिनजय, कुलवंत सिंह चड्ढा सोनू सब्बरवाल, नकुल कोचड़, संजीव चौहान, योगेश राजपूत, डॉ सुरेंद्र कुमार, डा. भारत मेहरा, डॉ विभूति भूषण, लैब टेक्नीशियन अजय रोशनी आदि लोग उपस्थित रहे।

सीएम धामी के चार साल निराशाजनक: हिमांशु गावा

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का चार साल का कार्यकाल निराशाजनक और असफलताओं से भरा रहा है। भाजपा सरकार केवल झूठे प्रचार के बल पर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, जबकि जमीनी सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है।



हिमांशु गावा ने कहा कि आज स्थिति यह हो गई है कि भाजपा के अपने ही सांसद, विधायक और पदाधिकारी सरकार की नाकामियों को उजागर कर रहे हैं, जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा। उन्होंने दावा किया कि बेरोजगारी और पलायन जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। युवा सरकार की खोखली नीतियों के कारण हताश हो चुके हैं, और महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उत्तराखंड महिला अपराधों के मामले में देश में शीर्ष पर पहुंच गया है, जो सरकार की नीतिगत असफलता का जीता-जागता उदाहरण है।

उन्होंने चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों की लगातार हो रही मौतों को सरकार की अव्यवस्था का परिणाम बताया। सड़कों पर हो रही दुर्घटनाएं और उनमें बढ़ती मौतें भी सरकार की लचर व्यवस्थाओं को उजागर करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का सबसे पहला उल्लंघन खुद भाजपा के पूर्व विधायक द्वारा किया गया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि सरकार अपने ही बनाए कानूनों को लागू करने में नाकाम है। हिमांशु गावा ने कहा कि सीएम धामी के चार वर्षों का पूरा कार्यकाल असफलताओं और जनविरोधी नीतियों से भरा रहा है। जनता अब इन झूठे प्रचारों और खोखली घोषणाओं से भ्रमित नहीं होने वाली। उन्होंने मुख्यमंत्री से इन सभी मुद्दों पर जनता के सामने खुलकर जवाब देने की मांग की और कहा कि कांग्रेस सड़कों से लेकर सदन तक इन सवालों को मजबूती से उठाएगी।

निर्दलीय प्रत्याशी शकीना बेगम ने योगिता गोस्वामी को दिया समर्थन

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। जिला पंचायत चिल्किया से निर्दलीय प्रत्याशी शकीना बेगम नें कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर कांग्रेस समर्थित उमीदवार योगिता गोस्वामी को अपना समर्थन दिया है।

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव अब्दुल गफ्फार नें अपनी पुत्रवधु जो वर्तमान में जिला पंचायत चिल्किया से निर्दलीय प्रत्याशी भी हैं। अपने कई दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस परिवार में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक रणजीत रावत ने सभी को फूल माला पहनाकर कांग्रेस में सभी का स्वागत किया। इसके साथ ही भाजपा कार्यकर्ता बृजेश ध्यानी ने भी भाजपा छोड़, कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। उनको भी रणजीत रावत नें फूल माला पहनाकर कांग्रेस में उनका स्वागत किया। इस दौरान रणजीत रावत ने कहा इस बार पंचायत चुनाव में कांग्रेस अपना परचम लहराएगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, जिला पंचायत चिल्किया से कांग्रेस की प्रत्याशी योगिता गोस्वामी, भुवन पाण्डेय, मनोज गोस्वामी, अब्दुल गुलफाम, घनश्याम गिरी, हरदीप सिंह दिप्पा, जुनैद अलवी, खलिक शाह, यूनिश सैफी, मनोज ढोंगरा, मो उस्मान, नंदन सिंह रावत, आलेहसन हाफिज, मो गुफरान, खुशीद आलम, फारुख खान, मोईन खान, महेन्द्र प्रताप सिंह, सुमित तिवारी, चाँद खान, मो गाजी आदि मौजूद रहे।

केन्द्रीय विद्यालय पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बना

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। केन्द्रीय विद्यालय की प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में फर्नीचर, जनरेटर की व्यवस्था उपलब्ध कराने एवं एक हाउस कीपर की व्यवस्था स्वीकृत कर विद्यालय की सुविधाओं को सुचारू रखने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रविन्द्र सिंह बिष्ट नगर आयुक्त काशीपुर, तुषार सैनी उप जिलाधिकारी, रामयश प्राचार्य सरस्वती एकेडमी, अनिल सिंह बिष्ट तथा हरप्रीत कौर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय अध्यक्ष जिलाधिकारी नितिन कुमार भदौरिया के निर्देशन में नामित अध्यक्ष तुषार सैनी उप जिलाधिकारी का स्वागत एवं रविन्द्र सिंह बिष्ट नगर आयुक्त काशीपुर का शाल ओढ़ाकर भावपूर्ण विदाई दी गयी। इस दौरान उनके द्वारा विद्यालय को दिए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया। केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में केन्द्रीय विद्यालय के पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय बनने एवं शत प्रतिशत परीक्षाफल के लिए विद्यालय परिवार एवं बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी गयी। आयुक्त बिष्ट ने शत प्रतिशत परीक्षा फल के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। एसडीएम सैनी ने विद्यालय को हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए विद्यालय के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनने पर बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य त्रिभुवन प्रकाश आर्य ने बेहतर शिक्षा व्यवस्था के साथ ही विद्यालय में सुचारू रूप से शिष्टाचार अपनाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम संचालन नकुल सिंह देवपा व हरप्रीत कौर ने किया।

पत्रकार श्यामलाल के आकस्मिक निधन पर शोक जताया

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। नगर के वरिष्ठ पत्रकार व राशन डीलर श्यामलाल के आकस्मिक निधन पर नगर के पत्रकारां, राशन विक्रेताओं व राजनीतिज्ञों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

मौहल्ला भवानीगंज निवासी वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल का बुधवार की रात अचानक स्वास्थ खराब होने पर उन्हे सयुंक्त चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया जहां देर रात उन्होंने उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। गुरुवार को उनके पैतृक निवास मालधन मे उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके पुत्र हर्षित कोहली व सूजल ने उन्हे मुखाग्नी दी। श्यामलाल के निधन पर विना. ेद पपनै, हरीश भट्ट, डॉ. जफर सैफी, गणेश रावत, जीवन कुमार, आसिफ इकबाल, त्रिलोक रावत, राजू वर्मा, सलीम मलिक, राजीव अग्रवाल, चंचल गोला, नाजिम सलमान, जुगेश अरोड़ा बंटी, चन्द्रसैन कश्यप, नौशाद सिद्दीकी, रोहित गोस्वामी, गिरीश पांडे, चन्द्रशेखर जोशी, नितेश जोशी, कैलाश सुयाल, नदीम वारसी, मौ. कैफ खान, विक्की कश्यप, नसीम खान, रागिब खान, अनिल अग्रवाल खुलासा, खुशाल रावत, गोविंद पाटनी, अमित बेलबाल, दानिश खान, मौ. उस्मान, नवीन पोखरियाल, गणेश गगन, रोहित भट्ट, सिद्धार्थ पपनै, शमीम दुर्रानी,

उधम सिंह राठौर, शब्बू खान, असलम सिद्दीकी, अरबाज खान, रूबीना सैफी, रोशनी पांडे, रूमाना परवीन, मंयक मैनाल, कार्तिक बिष्ट, नावेद सैफी आदि मीडियाकर्मियों सहित नरेन्द्र शर्मा, उस्मान सिद्दीकी, दीप चन्द्र बेलबाल, संजय नेगी, इंदर रावत, शिशुपाल सिंह रावत, भागीरथ लाल चौधरी आदि लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

सूचना

प्रार्थी ने एक प्लाट पैमाईश-15x60 फीट वाक्या- ग्राम चांदपुर, तह. बिलासपुर, जिला रामपुर, उ.प्र. के गाटा सं.-63 में है। उक्त प्लाट को प्रार्थी ने बजरिये रजिस्ट्री बैनामा दिनांक-03. 05.2024 को श्री अजय शर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द्र निवासी- ग्राम नरखेड़ा, तह. बाजपुर, जिला उधमसिंह नगर वालों से क्रय किया है, प्लाट क्रय करते समय उक्त प्लाट की रजिस्ट्री मुझे दी गयी थी। 07.07.2025 को उक्त प्लाट की रजिस्ट्री की मूल प्रति, मेरे नाम से जारी बैंक पासबुक, आधार कार्ड भदईपुरा रुद्रपुर क्षेत्र में कहीं गुम हो गए। काफी खोजबीन के बाद नहीं मिले। अन्य के द्वारा इन दस्तावेजों का प्रयोग करना अवैध माना जाए।

कर्मवीर सिंह पुत्र श्री करनैल सिंह निवासी-रॉयल रेजीडेन्सी वार्ड नं.-16, बगवाड़ा, तह. रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड

सम्बन्ध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी के पुत्र असीम समद्दार व पुत्रवधू आरती समद्दार के आए दिन झगड़ा करने और अभद्र व्यवहार करने से परेशान होकर मैने अपने पुत्र असीम समद्दार व पुत्रवधू आरती समद्दार से अपने सारे रिश्ते नाते समाप्त कर सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में शपथकत्री का पुत्र असीम समद्दार व पुत्रवधू आरती समद्दार अपने हर प्रकार के लेन-देन व अच्छे बुरे कार्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। शपथकत्री व अन्य परिवारजनों के किसी अन्य सदस्यों का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा।

गौरी समद्दार पत्नी स्व. निर्मल समद्दार निवासी- आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी, वार्ड-35, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर

सूचना

सूचित किया जाता है कि चाणक्य सोसायटी ऑफ लीगल स्टडीज, ग्राम भमरौला, पोस्ट बगवाड़ा, किच्छा रोड उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड में अपनी संपत्ति को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को बंधक रखने के वास्ते धारा-5 के सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत एक प्रार्थना पत्र उप निबंधक, फर्म सोसायटी तथा चिट्स, रुद्रपुर उधमसिंह नगर को दिनांक 11 जुलाई 2025 को दिया है। इस प्रार्थना पत्र पर अगर किसी को आपत्ति है तो दिनांक 26 जुलाई 2025 तक उप निबंधक कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है। बैंक को बंधक रखे जाने वाली अचल संपत्ति को विवरण इस प्रकार है।

ग्राम शिमला पिस्तौर, पोस्ट लालपुर, उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड, खसरा नंबर 592, कुल रकबा 1.012 हैक्टेयर है। जिसकी सीमा पूर्व में 6 मीटर की नहर, 7 मीटर की सड़क, पश्चिम में नाला, उत्तर में सूरज कुमार की आरजी एवं दक्षिण में विक्रेतागण की शेष भूमि स्थित है।

वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम में धूमधाम से मना गुरु पूर्णिमा का उत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। आदर्श कॉलोनी स्थित वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (वैष्णो देवी मंदिर) , अनंत विभूषित वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी ब्रह्मलीन मां हंस. ेश्वरी भारती महाराज स्वर्ग फार्म वाली देवी के पावन धाम पर हर वर्ष की तरह इस बार भी गुरु पूर्णिमा का महाउत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सर्वप्रथम प्रात: की वेला में पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी की तपोस्थली स्थल पर माता जी को स्नान करा कर वस्त्र भेट किए गए व सुंदर फूलों के हार माता जी को अर्पित किए गए। इस अवसर पर सभी ने माता जी की तपोस्थी के दर्शन किए व साक्षात जागृत स्वरूप को शीश नवाया।सुबह से माता जी के अनुयाई माता जी को गुरु पूर्णिमा की बधाई देने व आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे ।

इस मौके पर वैष्णो भजन मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया गया जिसमें सब भक्तों ने अपनी हाजरी लगाई । भजनों की श्रृंखला में सुए सुए चोलियां वालिए भोली मां,मेरी मैया मुझको देना सहारा , एक तेरा आसरा होवे , मेरा किसे न पूछिया हाल मां, मुझे मां से मिलाने वाले गुरदेव नम:, मैं हर पल तैनू ध्यावा स्वर्ग फार्म वाली कहलान वालिए ,आओ गुरुवार मेरे , जद उच्चे सिंहासन बैठा सतगुरु हसदा है , शेरावाली को मनाने हम भी आए है , तेरा प्यार बड़ा उच्चा मेरी प्रीत निमानी है आदि भजनों से समा बांधा गया। इसके साथ ही पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी जी के सुंदर इतिहास ,उनके जीवन की कहानियों की चर्चा भी हुई जिसको सुनकर भक्तों की आंखों में आसू झलकने लगे । अंत में माता जी की तपोस्थली पर आरती हुई और भंडारे के साथ गुरु पूर्णिमा के उत्सव ने विराम लिया। इस अवसर पर महंत श्याम खुराना , सतनाम , कंचन , राजीव ग्रोवर , नरेश गई , राजेश आनंद , हरीश , अनिल शर्मा , कपिल , सनी ,जिगर गुंबर, गौरव गुंबर, सुनीता अरोड़ा , आशा अरोड़ा , जगदीश अरोड़ा , अरविंद मिश्रा, सीमा , अनिल शर्मा , अशोक , प्रीति , जया ,गगन ,कोमल ,अंकित , जीतू ,कविता सोढ़ीआदि लोग मौजूद थे।

पांच सौ रुपये के लिए ले ली युवक की जान

- उधार के रुपये मांगने पर हो गई थी कहा सुनी
- हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- उधार के पांच सौ वापस न देने पर आरोपी ने घटना को दिया था अंजाम

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। उधार के 500 न देने पर बंटी उर्फ विक्की की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सात जुलाई 2025 को 112 के माध्यम से मिली सूचना के आधार पर मुख्य बाजार में डॉक्टर पांडे की दुकान के बाहर एक डेड बॉडी पाई गई जिसको पीएम की कार्यवाही हेतु अस्पताल मोर्चरी में भेजा गया। वहीं इस मामले में मीना बाजार बनबसा जनपद चंपावत निवासी रंजीत वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा द्वारा एक तहरीर सौंप कर बताया गया कि वह खटीमा में रहकर कूड़ा बीनने का कार्य करता है तथा उसके साथ टनकपुर निवासी बंटी उर्फ विक्की व नेपाल निवासी विक्की नेपाली भी कूड़ा बिनने का काम करता था। तहरीर में उसने कहा कि जहां भी उन्हें जगह मिलती वहीं सो जाते थे।

6 जुलाई 2025 की रात्रि को करीब 10.30 बजे अपने साथियों बंटी उर्फ विक्की तथा विक्की नेपाली के साथ पंजाबी मोहल्ला खटीमा में बहु रानी ज्वेलर्स दुकान के सामने शराब पीकर लेटे हुए थे उसी समय पंजाबी मोहल्ला निवासी इस्माइल पुत्र बाबू पेंटर ने वहां आकर तीनों की पिटाई की और उधार के 500 मांगने लगा।

तहरीर में उसने कहा है कि बंटी उर्फ विक्की ने कुछ दिन पहले शराब पीने के लिए इस्माइल से 500 रुपये 50 रुपये प्रतिदिन के ब्याज पर उधार लिए थे। जिसको वह चुकता नहीं कर पाया था। तहरीर के मुताबिक पहले भी वह शराब पीने के लिए इस्माइल से रुपए उधार लेते थे और कूड़ा बेचकर उसका उधार चुकता करते थे लेकिन इस बार बंटी उर्फ विक्की उसका उधार चुकता नहीं कर पाया था। जिसको लेकर इस्माइल ने बंटी उर्फ विक्की के साथ जमकर मारपीट की तथा उधार के रुपए न देने पर जान से मारने की बात कही।

रुपये वापस करने की बात कहने पर भी इस्माइल ने बात नहीं मानी और मारपीट करता रहा। वहीं उन्होंने नशे की हालत में समझ कर बंटी उर्फ विक्की को उठाकर टनकपुर रोड स्थित जगदंबा होटल के पास एक दुकान के बाहर लेटा दिया था, लेकिन बाद में उसकी जानकारी मिली कि बंटी और विक्की की मौत हो गई है।

वहीं रंजीत वर्मा द्वारा तहरीर के माध्यम से बताया गया कि उधार के पैसे ना देने पर इस्माइल के द्वारा बंटी उर्फ विक्की की हत्या की गई है। वहीं तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। वहीं उच्च अधिकारियों के निर्देश पर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक खटीमा के नेतृत्व में टीमों का गठन कर घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की गई और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। इसके उपरांत घटना का सफल अनावरण किया गया।

वहीं घटना को अंजाम देने वाले आरोपी इस्माइल पुत्र बाबू पेंटर निवासी पंजाबी कॉलोनी खटीमा को कंजाबाग पुलिया के पास से नदन्ना की ओर जाने वाली रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है तथा अभियुक्त को रिमांड हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

वहीं मामले में पुलिस विवेचना में जुटी हुई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विवेचक मनोहर सिंह दसौनी, वरिष्ठ उप निरीक्षक ललित रावल, उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल नवीन खोलिया, शहनवाज, दीपक तथा मोहन बोरा शामिल रहे।

ट्राउट मत्स्य पालन के क्षेत्र में अग्रणी रहा पिथौरागढ़

- ट्राउट मत्स्य पालन मॉडल ने सफलता की पेश की नई मिसाल

शाह टाइम्स संवाददाता

पिथौरागढ़। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत जनपद पिथौरागढ को शीतजल मत्स्य विकास कलस्टर के अन्तर्गत ट्राउट मत्स्य पालन के क्षेत्र में अग्रणी जनपद के रूप में चयनित किया गया है।

जनपद के दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में क्लस्टर आधारित ट्राउट मत्स्य पालन मॉडल ने सफलता की नई मिसाल पेश की है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के क्रियान्वयन से मत्स्य विभाग की पहल पर स्थानीय किसानों को एकजुट कर क्लस्टर के रूप में विकसित किया गया, जिसमें ट्राउट पालन हेतु साझा संसाधन, प्रशिक्षण एवं विपणन सुविधाएं सुनिश्चित की गईं। इससे उत्पादन लागत में कमी आई और किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ठंडे पानी की प्राकृतिक उपलब्धता और सहयोगात्मक कार्यप्रणाली ने इस प्रयास को सफल बनाया है, जिसकी सफलता के परिणामस्वरुप भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ को शीतजल मत्स्य विकास कलस्टर के रुप मे किये गये उत्कृष्ट कार्य हेतु पूरे भारत वर्ष में शीतजलीय मत्स्य पालन पर कलस्टर आधरित ट्राउट पालन हेतु जनपद पिथौरागढ़ को अग्रणी जनपद की संज्ञा दी है। यह निर्णय स्थानीय युवाओं को रोजगार के साथ साथ गावों की आर्थिकी को भी मजबूती प्रदान करेगा।

डा. रमेश सिंह चलाल द्वारा अवगत कराया गया की क्लस्टर आधारित ट्राउट मत्स्य पालन हेतु वित्तीय वर्ष 2020-21 में 2024-25 तक पांच वर्षीय परियोजना प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत जनपद के मुनस्यारी और धारचूला में सहकारी समितियों के माध्यम से ट्राउट मत्स्य मत्स्य पालन में भारत सरकार द्वारा पूरे देश में क्लस्टर आधारित शीतजल मत्स्य पालन में अग्रणी जनपद घोषित करने हेतु राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए जनपद के मत्स्य पालकों द्वारा किए गए विश्वास एवं मेहनत हेतु समस्त मत्स्य पालक को धन्यवाद ज्ञापित किया बिना मत्स्य पालकों के मेहनत विश्वास अथक परिश्रम कि बिना यह संभव नहीं हो सकता था। साथ ही 10 जुलाई को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस की समस्त मत्स्य पालकों को बधाई प्रेषित की है। सौरव बहुगुणा, पशुपालन, मत्स्य पालन, कौशल विकास एवं रोजगार, प्रोटोकॉल और गन्ना विकास मंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि पिथौरागढ़, चमोली और बागेश्वर जिलों को भारत सरकार द्वारा शीतजल मत्स्य विकास क्लस्टर के रूप में चुना जाना, पर्वतीय अंचलों में मत्स्य पालन की संभावनाओं को नया आयाम देगा। यह निर्णय ना सिर्फ स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर देगा, बल्कि गांवों की आर्थिकी को भी मजबूती प्रदान करेगा।

प्रकृति व्यक्ति को सदा रखती है आरोग्य: सोनिया

शाह टाइम्स संवाददाता

लोहाघाट। संगीत, लोक कला, साहित्य को ऊंचे पायदान में पहुंचाने के साथ अब योग एवं प्राणायाम के माध्यम से विभिन्न रोगों से ग्रसित महिलाओं को राहत पहुंचा रही, सोनिया आर्या को ईश्वर से ऐसा गुण मिला है कि वह दूसरों के चेहरे में खुशी लाने पर उनकी खुशी कई गुना बढ़ जाती है।

आज के सामाजिक जीवन में व्यक्ति अपने दुखों से कम, दूसरों को सुखी देखकर अधिक दुखी है। आज के ऐसे सामाजिक परिवेश में रह रही महिलाओं को सोनिया योग व प्राणायाम के जरिए उनका हृदय परिवर्तन कर उन्हें आरोग्य प्रदान करने में सफल होती जा रही है।

योग अनुदेशक के रूप में अपनी सेवाएं देने के बाद यह महिलाओं को प्रकृति से जोड़ने,नियमित दिनचर्या, सात्विक भोजन एवं सकारात्मक विचारों को अपने मन में रखने के साथ नियमित योग व प्राणायाम के जरिए बगैर किसी दवा की उन्हें आरोग्य प्रदान कर रही है।

सोनिया की योग कक्षा में अब नियमित रूप से चार दर्जन महिलाएं स्वास्थ्य लाभ उठा रही हैं। जबकि 200 से अधिक महिलाएं उनसे जुड़ी हुई है। सोनिया का कहना है कि वह अपने को भोग विलास की वस्तु न मान कर सृष्टि की ऐसी रचनाकार मां जिसके पैरों के तले एवं आंचल में पूरा ब्रह्मांड समाया हुआ है।

नियमित योग में शामिल मुन्नी जोशी का मरकटासन करने से उनका सर्वाइकल पूरी तरह समाप्त हो गया हैख जबकि संगीता शर्मा, रेखा बोरा, रेखा जोशी, निर्मला ओली, मीना मुरारी, दीपा जोशी, लीला खर्कवाल,कमलेश उप्रेती, गीता, नेहा गीता बिष्ट आदि का कहना है कि उन्हें श्वेत प्रदर, कमर दर्द, माइग्रेन, जोड़ों के दर्द, कब्ज, सर्वाइकल,उदर रोग, नींद ना आना, उच्च व निम्न रक्त चाप आदि तमाम रोगों से राहत मिल चुकी है। सोनिया का मानना है कि महिलाओं में सकारात्मक ऊर्जा के प्रवेश से उन्हें आरोग्य मिलने में बड़ी मदद मिली है।

राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है पूर्व सैनिक: जिलाधिकारी

- जिला सैनिक कल्याण परिषद की बैठक में पूर्व फौजियों ने बताई समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

चंपावत। पूर्व सैनिकों के पास लंबे समय तक देश सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के अनुभव, ज्ञान, शक्ति व ऐसी समर्थ होती है कि जिसका मॉडल जिले के नियोजन में पूरा दोहन किया जाएगा। सैनिक कभी बूढ़ा नहीं होता जब सारा देश सोया हुआ रहता है तब सैनिक हमारी रक्षा व सुरक्षा करते हैं। उनके राष्ट्र व समाज के लिए किए जा रहे हैं समर्पण को देखते हुए उन्हें हर क्षेत्र में पूरा मान सम्मान दिया जाना चाहिए।

यह बात जिला सैनिक कल्याण परिषद की पहली बैठक में सैनिक अधिकारियों व पूर्व सैनिकों का स्वागत करते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने व्यक्त की। उन्होंने कहा सभी विभाग पूर्व फौजियों व सैनिक वीरांगनाओं के कार्यों व समस्याओं का परित निस्तारण कर उन्हें एहसास कराया जाना चाहिए कि राष्ट् की सेवा का उन्हें ऐसा प्रतिफल मिल रहा है। जिलाधिकारी का कहना था कि सैनिकों, पूर्व सैनिकों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी द्वारा अपने कई संबोधनो में उन्हें राष्ट्र की महान धरोहर बताया गया है। उन्हें शासन द्वारा देय सुविधाओं को उन तक पहुंचाने एवं उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने से हम सबको गर्व होना चाहिए। बैठक में ईसीएचएस हेतु भूमि चयन करने, जीआईसी दुबचौड़ा का नाम शहीद लॉन्स नायक विक्रम सिंह के नाम पर करने, जिला अस्पताल में ईसीएचएस कार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर सुविधाएं देने की मांग रखी गई। पूर्व फौजी प्रकाश सिंह व दिनेश द्वारा रखी गई समस्याओं को भी उन्होंने शीघ्र निपटाने का भी आदेश दिया। पूर्व फौजियों को आज डीएम की फास्ट स्पीड से कार्य करने की संस्कृति का भी उन्हें एहसास हुआ।

डीएम ने कहा 26 जुलाई को कारगिल शौर्य दिवस को भव्य व गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा यह वह दिन है जो हमारे जवाजों ने अपनी जान की परवाह किए बिना भारत भूमि को विषम परिस्थितियों में दुश्मन से मुक्त कराकर राष्ट्र का मान और स्वाभिमान बढ़ाया है।

यह दिवस हम सबके लिए गर्व व राष्ट्र के लिए समर्पित होने की प्रेरणा ही नहीं देते बल्कि हम सबके लिए ऐसा अवसर होता हैं जब हम अपने सैनिकों को सम्मान देकर स्वयं को धन्य करते है।

इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल उमेद सिंह, सीडीओ डॉ जीएस खाती, सीएमओ डॉ देवेश चौहान, पुलिस क्षेत्राधिकारी एमएस राणा, डीपीआरओ भूपेश आर्य समेत तमाम फौजी मौजूद थे।

एक दिन में खुल गई एक साल से बंद पड़ी सड़क

चंपावत। डीएम मनीष कुमार की फास्ट स्पीड से काम करने की कार्य संस्कृति का लगातार इसी स्पीड से असर दिखाई दे रहा है। बाराकोट ब्लॉक में एक साल से बंद पड़ी बिसराड़ी- डुंगाजोशी सड़क एक ही दिन में खुल गई। जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। यहां के लोगों को अपने उत्पादो को बाजार में लाने में भी भारी दिक्कते हो रही थी। लोगों ने जिलाधिकारी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

एक नजर

नि:शुल्क कैंसर शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। जिला चिकित्सालय में एक विशेष नि:शुल्क कैंसर शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल के प्रयासों से वरिष्ठ कैंसर सर्जन डा. शशांक बंसल द्वारा अपनी सेवाएं जिला चिकित्सालय में प्रदान की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम-जनमानस तक कैंसर के इलाज को सुगम किया जाना रहा, जो मरीज आर्थिक तंगी के कारण अपना इलाज पूर्ण नहीं कर पाते है अथवा चिकित्सक तक नहीं पहुंच पाते हैं, उनको लक्षित कर उचित परामर्श प्रदान किया जाना रहा। शि. विर में जनपद के 10 कैंसर मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं जांच प्रदान की गई। सर्वाधिक मरीज स्तन कैंसर से सम्बंधित रहे। डा. बंसल द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा आगामी 24 तारीख को पुन: जिला चिकित्सालय भ्रमण कर अपने सेवाएं दी जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी अन्य रोगों से भी सम्बंधित विशेष शिविर का आयोजन किया जाता रहेगा।

रेशम यादव छह वर्ष के लिए भाजपा से निष्कासित

शाह टाइम्स संवाददाता

बाजपुर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव प्रचार करने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोपों के चलते भाजपा मण्डल अध्यक्ष टिंकू यादव द्वारा बाजपुर के मौहल्ला मझराप्रभु निवासी रेशम यादव को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र भट्ट और जिलाध्यक्ष मनोज पाल की संस्तुति पर छह वर्ष की अवधि के लिए भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित किया है।

यहां बता दें कि कांग्रेस की पृष्ठभूमि वाले रेशम यादव ने निकाय चुनाव में उनकी माता को कांग्रेस द्वारा वार्ड सभासदी का टिकट न दिये जाने से आहत होकर कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। रेशम यादव की माता कमलेश यादव ने वार्ड नंबर 1 मझराप्रभु से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर वार्ड सभासद का चुनाव लड़ा था। चुनाव में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था।

प्राइम डे का अमेजन पे के साथ उठाएं पूरा लाभ

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। प्राइम डे 2025 बस आने ही वाला है। 12 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक चलने वाला यह उत्सव इस बार पहले से भी बड़ा और बेहतर है, जिसमें 72 घंटों तक एक्सक्लूसिव डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का धमाका होगा। लेकिन अगर आप एक स्मार्ट शॉपिंग करने वाले ग्राहक हैं, तो आप जानते हैं कि एक अच्छा सौदा सिर्फ ऑफर तक ही सीमित नहीं होता, खासकर जब आप अमेजन पे का इस्तेमाल करते हैं।

अगर आप प्राइम डे के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, होम अप्लायंसेज या फैशन खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करना फायदेमंद साबित हो सकता है। प्राइम मेंबर्स को हमेशा मिलने वाला 5 प्रतिशत कैशबैक तो है ही, लेकिन प्राइम डे पर उन्हें अतिरिक्त 5 प्रतिशत इंस्टेंट कैशबैक भी मिलेगा। इसके अलावा स्मार्ट गिफ्टिंग, ज्यादा बचत का लाभ मिलेगा।

उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून । आगामी 12 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक अपने बिजनेस कस्ष्टर्स के लिए इस प्राइम डे पर अमेजन बिजनस कुछ आकर्षक डील्स की घोषणा करता है। पहली बार, प्राइम डे 72 घंटे का शॉपिंग सेलीब्रेशन होगा, जिसमें बिजनस कस्ष्टमर्स लैपटॉप, टैबलेट, हेडफोन, एसी, कूलर, पंखे, ऑफिस फर्नीचर, किचन एप्ष्लायसेंस एवं इंडस्ष्ट्रीयल सप्ष्लाई जैसे विभिन्ष्न उत्पादों आकर्षक डील्ष्स का फायदा उठा सकते हैं। ग्राहक विभिन्न श्रेणियों में बल्ष्क खरीदारी करने पर 20 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट का भी लाभ उठा सकते हैं और अपने प्रीपेड ऑर्डर पर एलिजबल श्रेणियों में 9,999 रुपये तक का कैशबैक प्राप्ष्त कर सकते हैं।

इस प्राइम डे पर इन शानदार डील्स का लाभ उठाने के लिए अमेजन बिजनेस पर जाना ना भूलें। टैबलेट और लैपटॉप की बल्ष्क खरीद पर 65 प्रतिशत तक की छूट पाएँ। वहीं स्पीकर और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के बल्क ऑर्डर पर 80 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी

सम्मान के साथ मनाया जाएगा कारगिल विजय दिवस: डीएम

- डीएम ने कारगिल विजय दिवस की तैयारियों को लेकर दी जिम्मेदारी

शाह टाइम्स संवाददाता

पिथौरागढ़। गुरुवार को जिला सभागार में आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की तैयारियों को लेकर एवं सैनिक कल्याण परिषद की तत्रैमासिक बैठक जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने समस्त सेवानिवृत्त सैनिकों का स्वागत किया। बैठक में जिलाधिकारी ने सैनिक कल्याण अधिकारी को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस जनपद में सम्मान के साथ मनाया जाए साथ ही तहसील स्तर पर भी इस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करवाये जाए एवं कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक, सैनिक आश्रित व परिजनों को सम्मानित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल करम सिंह बिष्ट को कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी संबंधित को समय से सूचित करने, मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण पत्र भेजने, शहिद परिवारों के सदस्यों को सम्मानित करने हेतु व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर बैठने की उचित व्यवस्था के अलावा अन्य व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए प्लानिंग करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी को सरकारी एवं निजी स्कूलों के स्कूली बच्चो, एनसीसी बटालियन के माध्यम से प्रभातफेरी निकालने, निबन्ध- पेंटिंग प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। सहायक नगर आयुक्त नगरपालिका को विजय दिवस से पहले पूरे नगर में सफाई अभियान चलाए जाने एवं शहीद युद्ध स्मारक पर साफ-सफाई, माइक एवं बैठने की व्यवस्था करने, मुख्य उद्यान अधिकारी को फूल मालाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आगन्तुकों का आगमन, यातायात व्यवस्था, सम्मान कार्यक्रम आदि व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

कर्नल करम सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष कारगिल विजय दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा इसी क्रम में 9:30 सिल्थाम से घंटाघर तक स्कूली छात्रों एवं 80 बटालियन एनसीसी के छात्रों द्वारा बैंड धुन के साथ मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा उसके उपरांत शहीदों को श्रद्धांजलि, पुलिस टुकड़ी द्वारा शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर, स्कूली बच्चों द्वारा समूह गान वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान , स्कूली बच्चों को सम्मानित किया जायेगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने सैनिक कल्याण अधिकारी को सुझाव देते हुए कहा कि गंगोलीहाट में कुमाऊं रेजिमेंट की कुलदेवी हाट कालिका के प्रचार प्रसार हेतु बोर्ड बैनर बनाकर उचित कार्यवाही करनी चाहिए, इस हेतु एक प्लान तैयार करना सुनिश्चित किया जाए। पूर्व सैनिकों के आश्रित जो अच्छे पदों में हैं उनका डेटाबेस बनाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी,अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, एसडीएम सदर मनजीत सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एस. एस. नबियाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरक राम कोहली, विभागें के अधिकारियों सहित सैनिक कल्याण विभाग के ब्लॉक स्तर पर के सैनिक संगठन के प्रतिनिधि, नामजद सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक के नए परिसर का हुआ उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक के नए परिसर कंजाबाग चौराहे पर उद्घाटन एवं ग्राहक सम्मेलन आयोजित किया गया। बैंक उपाध्यक्ष सुरेश जैन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बैंक के ग्राहकों ने अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैंक के शाखा सचिव संजय शाह ने बैंक की भावी योजनाओं से अवगत कराया और कहा कि बैंक बेहतर ग्राहक सेवा के लिए वचनबद्ध है। कंजाबाग के समीप नए परिसर में स्थापित कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक के ग्राहक सम्मेलन में खातेदारों ने ग्राहकों की बेहतर सुविधा के लिए बैंक की एक शाखा और खोलने, व्यापारियों ने बैंक लिमिट को बढ़ाने एवं लिमिट को हर दिन सुचारू रखने के सुझाव दिए। इस दौरान ऑनलाइन पेमेंट सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। इस दौरान संचालन मंडल सदस्य गिरीश पाठक, हरीश शाह, मानव संसाधन प्रमुख दिनेश जोशी ने विचार रखे। शाखा प्रबंधक नरेन्द्र सिंह बिष्ट ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वहां अनुज सिंह शाही, रमेश चन्द्र अग्रवाल, होशियार सिंह वल्दिया, अर्शदीप सिंह, श्री राम अरोड़ा, अंसार हुसैन, जगद. ीश गुप्ता आदि मौजूद थे।

17 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र लिया वापस

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। ग्राम पंचायत चुनाव अधिकारी प्रियंका सैनी ने बताया कि गुरुवार को ग्राम पंचायत , क्षेत्र पंचायत और प्रधान पद के 17 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए नौ,ग्राम पंचायत सदस्य के लिए तीन और क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए पांच प्रत्याक्षियों ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है।

श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

शाह टाइम्स संवाददाता

लोहाघाट/चंपावत। गुरु पूर्णिमा का पर्व नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया।श्रीबाराही संस्कृत महाविद्यालय देवीधुरा में वेदाचार्य संजीव पांडे की देखरेख में बच्चों द्वारा वेद मंत्रों के साथ हवन यज्ञ किया गया।

इस अवसर पर छात्रों ने उन्हें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले गुरुजनों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य हरिश् चंद्र पांडे, गोपाल दत्त पंतोला,ललित मोहन जोशी, प्रकाश चंद जोशी आदि सभी आचार्य भी मौजूद थे। उधर छतार में शहीद शिरोमणि चिलकोटी चिल्ड्रन पार्क में पतंजलि योग समिति एवं छतार विकास समिति के संयुक्त तथावधान में गुरु पूर्णिमा पर्व पर गुरुजनों को सम्मानित करने के साथ हवन यज्ञ किया गया। जिसमें महेश जोशी, सभासद प्रेमा चिलकोटी, आरसीटी के पूर्व निदेशक जनार्दन चिलकोटी,पतंजलि योगपीठ के जिला संयोजक लोकमणि पंत,रेड क्रॉस सोसाइटी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र गहतोड़ी समेत तमाम लोग मौजूद थे।

धूमधाम के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

शाह टाइम्स संवाददाता

किच्छा। महिला पतंजलि योग समिति चुकटी देवरिया में बड़े धूमधाम के साथ गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर चुटकी देवरिया में महिला पतंजलि योग समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन के साथ विधिवत संपन्न किया गया आशा व्यक्त की गई कि गुरु पूर्णिमा का सभी पर आशीर्वाद बना रहे तथा चहुंमुखी उन्नति की कामना की गई। महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी हंसी बिष्ट द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में योग गुरु मोहन सिंह ऐरी एवं वरिष्ठ योगी आनंद सिंह बिष्ट के अलावा गोपाल सिंह ,मंजू बिष्ट, पार्वती परिहार ,माया परिहार,सीमा उपाध्याय,मो. हनी पन्त,आशा जोशी, भावना फर्त्याल,पार्वती बोरा, हेमा तिवारी ,काशी तिवारी सेमा सेमवाल आदि।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. सीताराम राय को किया याद

शाह टाइम्स संवाददाता

किच्छा। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. सीताराम राय की 18वीं पुण्यतिथि पर तमाम भाजपाईयों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। स्व. सीताराम राय को उनकी 18वीं पुण्यतिथि पर तमाम भाजपाईयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, संजीव कुमार सिंह, किशन गोयल, सुरेश पपनेजा, विवेक राय, मनमोहन सक्सेना, शरीफ, शोभित शर्मा, संजीव खन्ना, लता सिंह, धर्मराज जायसवाल, देवेंद्र शर्मा, आरती दुबे, अनिरुद्ध राय, विनय राय, मन्नू यादव आदि ने थे।

पार्किंग का प्रपोज़ल फिर से दे पालिका

हाईकोर्ट में नगर पालिका व छावनी बोर्ड के बीच टैक्स विवाद पर सुनवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनीताल की नगर पालिका के द्वारा जू रोड पर छावनी बोर्ड की भूमि से टैक्स वसूलने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने चुंगी वसूलने के मामले को विस्तार से सुनते हुए पालिका तथा छावनी बोर्ड व जिला प्रशासन को कई दिशा निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने नगर पालिका से कहा है कि अशोक सिनेमा हॉल की भूमि पर बनने वाली पार्किंग का दुबारा से नया प्रपोजल जिला प्रशासन को एक सप्ताह में दें। इसके साथ ही जू रोड से भवाली रोड को जाने वाले रास्ते को खुलवाने के संबंध में जिला. धिकारी तथा नगर पालिका के ई ओ और छावनी बोर्ड के अधिकारियों की बैठक कराकर निर्णय लें तता उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। कोर्ट ने नगर पालिका का आय व्यय का ऑडिट कराने के लिए कम से कम जिला ऑडिट अधिकारी रेंक के व्यक्ति को नियुक्त करने को कहा है जिससे पता चल सके कि पालिका की कितनी आय है कितनी व्यय की जाने वाली धनराशि। ऑडिट अधिकारी समय समय पर उसका ऑडिट करेगा। जू रोड की चुंगी वसूलने के मामले पर कोर्ट ने जिलाधिकारी से कहा है कि इस विवाद को सुलझाने के लिए नगर पालिका के अधिकारी व छावनी बोर्ड के अधिकारियो की बैठक कर इसे सुलझाकर निर्णय लें। मामले की सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी व केंट बोर्ड के सीईओ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से व ईओ नगर पालिका रोहितास शर्मा व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। उनके द्वारा न्यायलय में अपना पक्ष रखा। मामले के अनुसार नैनीताल के जू रोड पर स्थित टोल टैक्स वसूलने के मामले में पालिका व कैंट बोर्ड का विवाद चल रहा है। याचिका में कहा है कि पालिका के आय के साधन कम है। इसलिए उन्हें टैक्स वसूलने दिया जाए जबकि बोर्ड का कहना है कि यह भूमि उनकी है। इसलिए उनको भी टैक्स से मिलने वाली रकम का हिस्सा मिलना चाहिए।

प्रशासन को शपथ पत्र दें सील मदरसे

नैनीताल। उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में बिना पंजीकरण के चल रहे अवैध मदरसों को जिला प्रशासन के द्वारा 14 अप्रैल 2025 को सील्ड किए जाने के मामले में मदरसों की तरफ से दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने मदरसों से कहा है कि वे प्रशासन को इस संबंध में एक शपथ पत्र दें कि केवल वह खुलेंगे लेकिन उनमें कोई धार्मिक, शिक्षण व नमाज के कार्य नहीं होंगे। इनमें क्या खोला जाएगा उस पर निर्णय राज्य सरकार निर्णय लेगी। मामले के अनुसार मदरसा अबू बकर सिद्दीकी, मदरसा जिनन्त उल कुरान, मदरसा दारुल उल इस्लामिया ने उच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर कर कहा है कि जिला प्रशासन ने बिना नियमों का पालन करते हुए कई मदरसों को 14 अप्रैल 2025 को सील कर दिया जबकि मदरसों में शिक्षण संस्थान चल रहे थे। इसका विरोध करते हुए सरकार की तरफ से कहा गया कि ये मदरसे अवैध रूप से चल रहे थे। इनका पंजीकरण नहीं हुआ है। इनमें शिक्षण व धार्मिक अनुष्ठान व नमाज भी हो रही है। ये सभी किसी व्यक्ति विशेष या अन्य के द्वारा संचालित हो रही हैं इसलिए इन्हें सील्ड किया गया। कहा कि जो मदरसे पंजीकृत थे उनको प्रसाशन ने सील्ड नहीं किया। उनको सरकार की तरफ से मिलने वाला अनुदान मिल रहा है जबकि अवैध को नहीं।

हाईकोर्ट की समय सारिणी में बदलाव

नैनीताल। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश के दिशा निर्देश के बाद अब उत्तराखंड हाईकोर्ट की समय सारिणी में आंशिक बदलाव हुआ है। मुख्य न्यायधीश के दिशा निर्देशों के क्रम में रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया है कि अब हाईकोर्ट में वादों की सुनवाई प्रथम पाली में सुबह साढ़े दस बजे से मध्याह्न डेढ़ बजे तक होगी। मध्याह्न भोजन का समय डेढ़ बजे से सवा दो बजे तक रहेगा। उसके बाद न्यायलय सवा दो बजे से साढ़े चार बजे तक न्यायिक कार्य करेगी। वहीं कोर्ट की रजिस्ट्री सुबह दस बजे से एक बजे तक कार्य करेगी। मध्यान्ह भोजन डेढ़ बजे तक चलेगा। उसके बाद पांच बजे तक कामकाज होगा। इससे पहले कोर्ट बैठने का समय सुबह सवा दस बजे से मध्यान्ह सवा एक बजे था। मध्यान्ह भोजन का समय सवा एक बजे से 2 बजे तक और दो बजे लेकर सवा चार बजे तक कोर्ट बैठने का समय निर्धारित था। रजिस्ट्री का कार्य करने का समय सुबह दस बजे से लेकर एक बजे का था और मध्यान्ह भोजन का समय 2 बजे तक का था। दो बजे से लेकर पांच तक चलता था। जिसे अब बदलकर मुख्य न्यायधीश के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल की तरफ से नया नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

मतदाता सूची में नाम का मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा

नैनीताल। नगर निकायों और पंचायत दोनों की मतदाताओं सूची में शामिल नाम को लेकर मामला अब उच्च न्यायालय की शरण में पहुंच गया है। समाजसेवी शक्ति सिंह बर्त्वाल द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर शुक्रवार (आज) मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंड पीठ में हो सकती है सुनवाई। उल्लेखनीय है कि राज्य में नगर निकायों त्रिस्तरीय पंचायत की मतदाता सूची में एक साथ नाम शामिल होने को लेकर रिटर्निंग अधिकारियों ने अलग.अलग निर्णय दिए हैं जिसे लेकर पंचायत चुनाव में कुछ लोगों के नामांकन रद्द हो गए हैं तो कुछ लोगों के नामांकन को स्वीकृति मिल गई है। याचिका कर्ता के जनहित याचिका में यह उठाया गया है कि देश में किसी भी राज्य में मतदाता सूची में दो अलग-अलग निकायों में नाम होना आपराधिक श्रेणी में आता है। ऐसे में उत्तराखंड राज्य में निर्वाचन आयोग द्वारा किस आधार पर ऐसे लोगों के निर्वाचन को स्वीकृति प्रदान की जा रही है अब शुक्रवार (आज) को तय होगा कि राज्य के ऐसे मतदाताओं और चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों को कोर्ट मान्यता देता है या नहीं कोर्ट का रुख तय करेगा। गौरतलब है कि उपरोक्त प्रकरण में शिकायतकर्ता शक्ति सिंह वर्तमान द्वारा आयुक्त उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग रिंग रोड देहरादून को 7 एवं 8 जुलाई को पत्र प्रेषित किया गया था जिसके माध्यम से उत्तराखंड में गतिमान तिरस्तरीय पंचायत चुनाव में नगर निकाय चुनाव की मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं को मतदान एवं नामांकन से रोके जाने के विषय में स्पष्ट दिशा निर्देश देने का अनुरोध किया था। जिसके जवाब से असंतुष्ट और पंचायती राज अधिनियम की धारा 9 की उप धारा 6 और 7 का पालन न करने के शिकायत याचिकर्ता ने उच्च न्यायालय से की है जिस पर आज सुनवाई होनी है की जिस मतदाता का नाम नगर निकाय एवं पंचायत सूची में भी है वह प्रत्याशी हो सकता है या नहीं।

बौद्ध मठ में सौर्वभौमिक प्रार्थना दिवस मनाया

विश्व की उन्नति के लिए कामना

शाह टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। नगर के मल्लीताल के सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में वीरवार को सार्वभौमिक प्रार्थना दिवस मनाया गया जिसमें पूरे विश्व के उन्नति के लिए पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर बौद्ध समुदाय से मिलने और रूबरू होने के लिए उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम रुद्रपुर उद्यम सिंह नगर से आयी। उनकी ओर से उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की योजनाओं के बारे में जानकारी साझा किया। उन्होंने बौद्ध मठ के मठ अध्यक्ष लामा दोरजी को पुष्प भेंट कर उनका सममान किया। बौद्ध मठ के मठ अध्यक्ष लामा दोरजी ने उन्हें तिबबती पारंपरिक खातक (सफेद सिल्क माला) पहनाकर स्वागत किया। उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बौद्ध अल्पसंख्यक समाज को साथ लेकर आगे बढ़ने की उनकी मन की बात के वक्तव्य से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन को खास तौर पर बौद्ध समाज के लोगों से रूबरू होने और उनकी समस्याओं की जानकारी व्यक्तिगत रूप से लेने की आदेश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग की पूरी कोशिश यह रहेगी कि उत्तराखंड अल्पसंख्यक की आखिरी छोर तक रहने हर व्यक्ति तक हम मुख्यमंत्री द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण और हितों की रक्षा के लिए दिए गए योजनाओं का विस्तार करेंगे ताकि अल्पसंखयक समाज के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अल्पसंख्यक समाज की महिला सशक्तिकरण के कार्यों को भी आगे बढ़ाना चाहती हैं। इस मौके पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के बौद्ध सदस्य येशी थुप्तेन और तिबबती संघर्ष समिति के अध्यक्ष तेनजिन जिनपा, स्थानीय तिब्बती युवा कांग्रेस के अध्यक्ष तेनं. जन जिग्मे, स्थानीय तिबबती महिला संगठन के सचिव रिंजिन चोएजोम और नैनीताल भोटिया समुदाय के अध्यक्ष रिंचेन नामग्याल ने फरजाना बेगम को ख़ातक पहनाकर उनका स्वागत और अभिनन्दन किया। इस मौके पर तिबबती समुदाय और भोटिया समुदाय के तेनजिन धोन्यो, कुनचौक थरचेन, तेनजिन छौवांग, चौंजोर, कर्मा डिकी, पेमा छोएकी, छिरिंग पल्मो, टाशी डोल्मा, रिजीन छोएज़ोम छिरिंग डोल्मा, लहाकी वांग्मो, पल्डेन संगमों, नोरबू छिरिंग, पेमा छोएफैल, तेनजिन ल्हाडॉन, तेनजिन छिरिंग, छौंकछुंग, छिरिंग यांगजोम तथा छिरिंग टॉपग्याल मौजूद रहे।

एक नजर

किशोरी का अपहरण, लापता हुए दो नाबालिग

हल्द्वानी। दुकान के लिए घर से निकली 16 साल की किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों एक युवक पर किशोरी के अपहरण का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। इसके अलावा शहर से दो और नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। बिठौरिया नंबर दो निवासी एक पिता ने पुलिस को बताया कि बीती 8 जुलाई को उसकी 16 वर्षीय बेटी सुबह 9 बजे घर से दुकान से कुछ सामान लेने गई थी, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटी है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले करन नाम के लड़के ने उनकी बेटी का अपहरण किया है। जिसमें युवक के परिवारवालों का भी हाथ है। मुखानी पुलिस ने मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे मामले में वैलेजली लॉज निवासी एक 13 वर्षीय किशोर भी लापता हुआ है। जबकि तीसरे मामले में रामपुर रोड निवासी 22 वर्षीय युवती कार्यालय जाने की बात कहकर मामी के घर से निकली और लापता हो गई। परिजनों ने बताया कि अपने मित्र के साथ गौलापार मंदिर की ओर निकली थी। पुलिस खोजबीन कर रही है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा।

14 जुलाई से विशेष स्वच्छता अभियान

नैनीताल। नैनीताल नगर की सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी वंदना ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नैनीताल को प्रत्येक वार्ड क्षेत्र में सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस आशय की जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नैनीताल रोहितश शर्मा ने बताया कि नैनीताल नगर के प्रत्येक वार्ड में 14 जुलाई से 28 जुलाई तक रोस्टर तैयार कर सघन स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस सफाई अभियान को सफल बनाने और इसके निरीक्षण के लिए सुमित कुमार मुख्य सफाई निरीक्षक को नोडल अधिकारी व कमल सिंह सफाई निरीक्षक और दिनेश कटियार सफाई दरोगा को निरीक्षण अधिकारी नामित किया गया है।

अतिक्रमण मुक्त होंगे ब्रिटिशकालीन नाले

नैनीताल। जिलाधिकारी द्वारा नैनीताल शहर अन्तर्गत स्थित ब्रिटिश कालीन 62 नालों में अतिक्रमण के संबन्ध में बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला. धिकारी द्वारा नालों में अतिक्रमित किये गये क्षेत्र के अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर 15 दिवस के भीतर मुहैया कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस हेतु उन्होंने राजस्व, लोनिवि, राजकीय सिंचाई तथा नगर पालिका व अर्थ एवं संख्या विभाग के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है। टीम द्वारा नैनीताल शहर अन्तर्गत ब्रिटिशकालीन 62 नालों का जीआईएस, जीपीएस तथा ड्रोन एवं बन्दोबस्ती नकशे के आधार पर सर्वे कार्य कर अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर उपलबध कराई जाएगी। उन्होंने गठित टीम को निर्देशित किया जाता है कि ब्रिटिश कालीन 62 नालों की सर्वे कार्य पूर्ण कर अतिक्रमणकारियों की सूची व सर्वे रिपोर्ट 15 दिवस के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

नैनीताल। राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीताल का वीरवार को एसडीएम नवाजिश खलीक ने निरीक्षण किया और अस्पताल में टपक रही छत का निरीक्षण कर छत की मरम्मत और तिरपाल बिछाकर अस्थाई रूप से बारिश का पानी रोकने को व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि अस्पताल का निरीक्षण किया गया और अस्थाई रूप से पानी रोकने की व्यवस्था करने के साथ ही दीर्घकालिक योजना बनाकर संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए गए हैं। कहा कि अस्पताल की छत से दो-तीन जगह से पानी टपक रहा है जिसके चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसी संबंध में अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि शीघ्र ही इसकी उचित व्यवस्था की जाए ताकि दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

पंचायत चुनाव के लिए पुलिस अलर्ट

नैनीताल। पंचायती चुनाव को लेकर पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है। चुनाव के दौरान अवैध रुप से शराब व रुपयों के परिवहन पर रोकथाम के लिए एसपी की अगुवाई में पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की चैकिंग की। बता दें कि पंचायती चुनाव को लेकर प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वहीं चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस तैयारियों में जुट गए हैं। वीरवार को एसपी डा. जगदीश चंद्रा की अगुवाई में पुलिस टीम ने तल्लीताल डांठ व बारापत्थर क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों की चैकिंग की गई। एसपी ने बताया कि चुनाव में अवैध रुप से शराब व रुपयों का परिवहन न किया जाए इसकी रोकथाम को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चैकिंग की जा रही है।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर एक्शन

नैनीताल। नैनीताल शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासनए पुलिस व संभागीय परिवहन विभाग ने अभियान चलाया। पुलिस व संभागीय परिवहन विभाग ने 25 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। एसडीएम नवाजिश खलीक के नेतृत्व में वीरवार को नैनीताल ने पुलिस और संभागीय परिवहन विभाग ने प्रतिबंधित टैक्सी बाइ. कों के संचालन पर कार्रवाई की। साथ ही नो पार्किंग जोन में पार्क वाहनों के भी चालान किये। एसडीएम नवाजिश खलीक ने जानकारी दी कि 15 टैक्सी बाइकों व नो पार्किंग जोन में पार्क 10 चार पहिंया वाहनों के चालान किये गए हैं। बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

अधेड़ व्यक्ति चार दिन से लापता

शाह टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक अधेड़ बीते चार दिन से लापता है। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। बता दें मल्लीताल निवासी पुष्पा फर्त्याल ने कोतवाली में शिकायत करते हुए कहा है कि उसके पति दीपक सिंह फर्त्याल बीते सात जुलाई को घर से बाजार को निकले थे। बताया कि शाम को उसकी अपने पति से फोन पर बात हुई थी। बताया कि वह उस समय अपने दोस्त के साथ था। जिसके बाद से उसके पति का कोई पता नहीं चल पाया है। उसने उसके पति की गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि महिला की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता अधेड़ की खोजबीन की जा रही है।

जानलेवा हमला करने का आरोपी दोषमुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश की न्यायालय से जानलेवा हमले के आरोपी छड़ा हल्द्वानी निवासी युवक को दोषमुक्त करार दिया। वादिनी गीता देवी निवासी छड़ा की ओर से ओर मामले की रिपोर्ट लिखाई गई। कहा कि 20 जनवरी 2023 को ग्राम छड़ा कोटाबाग निवासी प्रेम बल्लभ भट्ट की ओर से उनके पति चंद्रशेखर भट्ट पर जानलेवा हमला किया गया। घायल अवस्था में वह पति को लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल गईं। जहां उनके सिर, कान, आंख, पैर तथा पसलियों में चोट आई थी। वादिनी ने तहरीर के साथ चिकित्सा रिपोर्ट भी संलग्न की। आरोप लगाया कि इस घटना के बाद भी जमीनी रागद्वेष के चलते आरोपी ने उन्हें तथा जेठ धारा बल्लभ भट्ट को भी जान से मारने की धमकी दी तथा कोशिश भी की। वादिनी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 325/504/506 के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया। मुकदमा राजस्व पुलिस से सिविल पुलिस को हस्तांतरित भी हुआ। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को संदेह के लाभ के आधार पर दोषमुक्त करार दिया। मामले में अभियोजन अधिकारी श्रद्धा रावत रही वहीं अभियुकत की ओर से अधिवकता प्रमोद कुमार तिवारी व हरेंद्र सिंह रहे।

कई प्रत्याशियों में सीधी टक्कर

शाह टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। सरोवर नगरी नैनीताल जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है। गुरुवार को नाम वापसी के दौरान कई निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। नाम वापसी के चलते जिले में सात उम्मीदवार मैदान से हट गए हैं, जिससे अब शेष प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर देखने को मिलेगी। ककोड़ से किरन, ढोलीगांव से विजय लोहनी, सरना से नेहा आर्या, मालधनचौड़-चंद्रनगर से पूनम टम्टा, गैबुआ से अनिल पुरी गोस्वामी, देवलचौड़-बंदोबस्ती से दीपा और अमृतपुर से रूपा भट्ट ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। नाम वापसी के बाद अब इन क्षेत्रों में प्रत्याशियों की संख्या घट गई है और मुकाबला और भी रोचक होता जा रहा है। कई जगहों पर अब सीधी टक्कर के आसार हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डा. डीसी जोशी ने बताया कि 2 से 5 जुलाई तक नामांकन पत्रों का वितरण, जबकि 7 से 9 जुलाई के बीच नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया पूरी की गई। कुल 140 नामांकन पत्र जमा हुए थे, जिनमें से एक खारिज और 139 वैध घोषित किए गए। अब अगला चरण प्रतीक चिन्हों के आवंटन का है, जो 14 और 18 जुलाई को किया जाएगा। जिले की 27 जिला पंचायत सीटों पर चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे। इधर, नाम वापसी के साथ ही प्रत्याशियों ने प्रचार तेज कर दिया है। अब गांवों में चुनावी चहल-पहल बढ़ने लगी है और मतदाताओं को साधने की कोशिशें तेज हो गई हैं।

चुंगी पर अब नहीं लगेगी लाइन

शाह टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। अब सरोवर नगरी नैनीताल आने वाले पर्यटकों को शहर में प्रवेश के लिए लंबी लाइनों में खड़े होकर शुल्क चुकाने की आवश्यकता नहीं होगी। नगर पालि. का ने पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक नई पहल की है जिसके तहत अब पर्यटक फास्ट टैग मोड से प्रवेश शुल्क का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। नगर पालिका ने शहर के प्रमुख बैंकों से करार कर यह सुविधा शुरू की है। नगर पालि. का के अधिशासी अधिकारी रोहि. हताश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटन सीजन में शहर के तीनों चुंगियों पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं जिससे पर्यटकों को परेशानी होती थी और जाम की स्थिति भी उत्पन्न होती थी साथ ही कर्मचारियों को कैश एकत्र करने पर्यटकों से खुले पैसे लेने देने में दिक्कतों के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में ऑनलाइन (फास्ट टैग) भुगतान से न केवल ट्रैफिक नियंत्रण में मदद मिलेगी बल्कि पर्यटकों का समय भी बचेगा। बताया कि इसके लिए एक कयूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली विकसित की जा रही है जिसे आने वाले दिनों में सार्वजनिक किया जाएगा साथ ही जिन पर्यटकों ने पहले ही ऑनलाइन भुगतान कर लिया होगा उन्हें चुंगी पर रसीद दिखाकर त्वरित प्रवेश दिया जाएगा। नगर पालिका के इस निर्णय का स्वागत करते हुए नैनीताल होटल व रैस्टोरैंट एसोसिएशन के महासचिव वेद शाह ने कहा कि इससे नैनीताल आने वाले पर्यटकों को सकारात्मक अनुभव मिलेगा जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

एक माह में 778 मिमी बारिश

नैनीताल। वर्तमान में मानसून सक्रिय मोड पर है और अगले दो दिन बाद फिर झूमकर बरसने जा रहा है। सरोवर नगरी नैनीताल में पिछले एक माह में 778 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। नगर में वीरवार को झमाझम पानी बरसा है। मौसम विभाग के राज्य निदेशक डा. बिक्रम सिंह ने बताया कि समय से पहले पहुंचा मानसून उर्वरत पानी बरसा जा रहा है। शुक्रवार व शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश की संभावना रहेगी जबकि रविवार से अधिक वर्षा के आसार बने हुए हैं जो वीरवार तक जारी रहेगी। इस दौरान कुछ हिस्सों में भारी से भारी वर्षा की संभावना रहेगी। दूसरी ओर नैनीताल में वीरवार को नगर में अपराह्न दो बजे अधिकांश समय तेज बारिश हुई जबकि हल्की बारिश ने पीछा नहीं छोड़ा। जिस कारण सामान्य जन जीवन प्रभावित हुआ। रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हुए। नालों के उफान रहने का क्रम जारी रहा तो कचरे के ढेर भी झील में समाते गए। कई मार्गो में जलभराव हो गया। लोगों को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। दोपहर में मौसम साफ हो गया और धूप निकल आई तो लोगों ने राहत महसूस की। मगर सांयकाल घने बादल पुनरू छा गए और बारिश की संभावना बनी हुई थी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधि. कतम तापमान 27 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटो में 37 मिमी बारिश हुई। सिंचाई विभाग के जेई डीडी सती ने बताया कि मानसून की बारिश निरंतर जारी होने के कारण सामान्य अधिक वर्षा पिछले एक माह में दर्ज की गई है। 10 जून से 10 जुलाई के बीच 778 मिमी वर्षा हुई है जो सामान्य से लगभग अधिक है।

एक बेहतर भारत बनाना होगा

भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के आचार्य हाल में वीरवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं मेधावी छात्र सममान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल गोविन्द राम जायसवाल ने विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को संबोधित किया। अपने संबोधन में गोविंद राम जायसवाल ने कहा कि अब स्वच्छ भारत के बाद सभ्य भारत की मुहिम चलाकर एक बेहतर भारत की तस्वीर दुनिया के सामने प्रस्तुत करनी होगी। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम लगाना चाहिए और उसकी सुरक्षा भी करनी चाहिए। कहा कि विद्यालयों में सभी बच्चों का मनोवैज्ञानिक परीक्षण करने के बाद उनको विभिन्न क्षेत्रों के लिए तैयार करना चाहिए। कहा कि विद्यालय के बच्चों में अपार प्रतिभा है किंतु शिक्षकों के लिए चुनौती है कि प्रतिभाशाली बच्चों को अलग-अलग क्षेत्र के लिए कैसे तैयार करें अन्यथा बच्चों में भटकाव की स्थितियां पैदा होती हैं जिसे हमें मिलजुल का रोकना होगा। उन्होंने सभी गुरुजनों को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी। जायसवाल ने कहा कि शिक्षकों और कर्मचारियों को अब अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार मुखय शिक्षा अधिक. ारी कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे वे पत्र के द्वारा या व्हाट्सएप के द्वारा अपनी समस्या मुझे भेज दें यथाशीघ्र उनका समाधान किया जाएगा। बच्चों को कहा कि वह अपने जीवन को भारतीय संविधान के दायरे में रहकर आगे बढ़ाने का प्रयास करें और देश के लिए कार्य करें। दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने गुरुजनों को प्रणाम किया और कहा भारतीय परंपरा में गुरू श्रेष्ठ है। विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट ज्योति प्रकाश ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल अनुशासन में रहकर शिक्षा और खेल की श्रेष्ठ परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। इससे पूर्व सीईओ गोविंद राम जायसवाल का विद्यालय आगमन पर विद्यालय की छोलिया नर्तकों ढोल दमाऊ और मशकबीन के साथ जोरदार स्वागत किया गया। कुमाऊंनी परिधान में विद्यालय की छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि को टीका लगाकर अभिनन्दन किया। इसके बाद विद्यालय की एनसीसी की नेवल बटालियन और आर्मी बटालियन के द्वारा शानदार परेड का प्रदर्शन किया गया तथा सीईओ को सलामी दी गई। विद्यालय की छात्राओं द्वारा फूलदेई और कुमांऊनी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कैलाश बिष्ट ने कहा कि सभी को स्वामी विवेकानंद के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को मजबूत बनानी है। मुख्य शिक्षा अधिकारी को प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, उपप्रधानाचार्य प्रवीण सती, जिला मंत्री कैलाश बिष्ट, प्रदेश सदस्य निखिल सोनकर, संगठन मंत्री तनीशाा समेत शिक्षिकाओं मीनाक्षी बिष्ट, गीतिका नेगी, डां नीलम जोशी, अवन्तिका गुप्ता ने समानित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक आलोक साह तथा एसीसी प्रभारी गो. विंद सिंह बोरा समेत शिक्षक दरपान सिंह, प्राइमरी स्कूल प्रभारी शिखा सहदेव, आशा बिष्ट, रेवती मेहरा, छात्रावास अधीक्षक माधो सिंह, दीवान सिंह, विद्यार्थी संगठन के कमलेश जीना तथा तनिष्क आदि मौजूद रहे। संचालन शिक्षा विभाग के मान्यता प्राप्त उद्घोषक एवं शिक्षक नवीन चंद्र पांडे ने किया। अंत में प्रधानचार्य बिशन सिंह मेहता ने सभी का आभार जताया।

इन मेधावियों को मिले पुरस्कार

समारोह में सीईओ जायसवाल ने उत्तराखंड बोर्ड में इन्टर बोर्ड परीक्षा में 7वीं रैंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र सुमित बिष्ट और हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 19वीं रैंक प्राप्त करने वाली छात्रा साक्षी बिष्ट को सममानित किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के लिए भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल की अनीता तिवारी, निशिता, रश्मि नयाल तथा नैतिक को पुरस्कृत किया गया।

गुरु पूर्णिमा पर नैनीताल में विविध कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। सरोवर नगरी नैनीताल तथा आस पास के क्षेत्रों में वीरवार को गुरु पूर्णिमा के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर के ठंडी सड़क स्थित श्री मां पाषाण देवी मंदिर में आचार्य पंडित भगवती प्रसाद जोशी, मंदिर के पुजारी जगदीश भट समेत नवीन तिवारी व अमित डालाकोटी के नेतृत्व में सुबह 10 बजे गणेश पूजन, मां पाषाणेश्वरी पूजन, नवग्रह पूजन, बाबा नीब करौरी महाराज जी का पूजन समेत गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गयी। दोपहर हवन, अपराह्न एक बजे से कन्या पूजन वहीं दो बजे से सुंदरकांड शुरु किया गया। इस दौरान विविध धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भकितमय बना रहा। इस मौके पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। अनुष्ठानों में यजमानों की भूमिका प्रकाश जोशी, विनोद जोशी, भोपाल सिंह बिष्ट व रोहित गौर ने सप्तनीक निभायी। अनुष्ठानों को सफल बनाने में प्रमोद सुयाल, राजेश मिश्रा, नितिन सिंह कार्की, गौरव जोशी, विकी वर्मा, किशोर ढेला, पंकज ढैला, पंकज बिष्ट, सौरभ रावत, गोपाल, अमित साह, भरत मेहरा, आयुष भंडारी, गुलशन, शोभा तिवारी, दीपा जोशी, सरला जोशी, भगवती, रजिंदर कौर, मनीषा जोशी, भगवती सुयाल, रश्मिी बिष्ट व मीना वर्मा समेत कई भक्तजन भक्तितभाव से जुटे रहे। महर्षि विद्या मंदिर ताकुला नैनीताल में गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजन तथा भावातीत ध्यान से किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य द्वारा जीवन में गुरु के महत्व को बताया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य निर्मल पाण्डे समेत दीपा बिष्ट, रेखा भट्ट, दीपिका, सरोज, प्रियंका, हिमानी, वैशाली, बरखा, मानसी, खष्टी सिजवाली तथा अभय जोशी उपस्थित थे। कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पौधारोपण किया तथा गुरुजनों को बधाई दी गई। सहायक लेखाधिकारी बीबी जोशी ने हरेला तथा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल हुए। पौधारोपण मे पदम्म, पाम तथा किमू के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम वनस्पति विज्ञान विभाग तथा इग्नू द्वारा आयोजित किया गया तथा महर्षि वेद व्यास को प्रणाम किया गया। कार्यक्रम का संचालन इग्नू डीएसबी कॉर्डिनेटर प्रो. ललित तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रो. तिवारी ने कहा कि पौधे जीवन को आनंदित करते है तथा गुरु द्वारा दी गई सबसे बड़ी शिक्षा है। कार्यक्रम में स्पोट्र्स विभागाध्यक्ष डा. संतोष कुमार समेत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदा बल्लभ पालीवाल के अलावा डा. नवीन पांडे, गोपाल सिंह बिष्ट, कुंदन सिंह तथा मोहित खाती व लीला आदि ने पौधा रोपण किया।

भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास

भारत ने इंग्लैंड में सीरीज जीती

● **भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मैच में इंग्लैंड को 18 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया, राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया**

मैनचेस्टर, वार्ता। राधा यादव और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद स्मृति मंधाना (32) और शेफाली वर्मा (31) की शानदार पारियों की मदद से भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 18 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली है। राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड के 127 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़े। सातवें ओवर में शार्लेट डीन ने शेफाली वर्मा (19 गेंदो में 31 रन) को आउट इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जेमिमाह रॉड्रिग्स ने मंधाना के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में सोफी एक्लस्टोन ने स्मृति मंधाना (31 गेंदों में 32 रन) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। भारत का तीसरा विकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर (26) रन के रूप में गिरा। अमनजोत कौर (दो) रनआउट हुई। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (22) और ऋचा घोष सात रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड की ओर से शार्लेट डीन, सोफी एक्लस्टोन और इसी वॉन्ग ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 126 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 21 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट डेनियल वायट (पांच) के रूप में गंवा दिया। उन्हें श्री चरणी ने अरुंधति के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने लिए सोफिया डंकली (22) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। टैमी बोमॉन्ट (20) को राधा यादव ने तथा ऐलिस कैप्सी (18) को श्री चरणी ने पगबाधा आउट किया। एमी जोंस (नौ), पेज स्कोफील्ड (16) और शार्लेट डीन (चार) रन बनाकर आउट हुई। सोफी एक्लस्टोन (16) और इसी वॉन्ग 11 रन बनाकर नाबाद रही। भारत की ओर से राधा यादव और श्री चरणी ने दो-दो विकेट लिए। अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए तीन स्थानों पर होंगे अभ्यास मैच

दुबई, वार्ता। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि बर्मिंघम में 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्वकप 2026 से पहले कार्डिफ सोफिया गार्डन्स, डर्बी काउंटी ग्राउंड और लॉफबोरो विश्वविद्यालय में अभ्यास मैच खेले जायेंगे। तीनों स्थलों ने हाल के दिनों में महिला क्रिकेट के महत्व को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अगले साल इंग्लैंड और वेल्स द्वारा आयोजित होने वाले टी-20 विश्वकप के 10वें संस्करण से पहले ये अभ्यास मैचों की मेजबानी करेंगे। इस टी-20 विश्वकप में भाग लेने वाली 12 टीमों में से आठ का चयन हो चुका है और अगले साल की शुरुआत में महिला टी-20 विश्व. कप क्वालीफायर के जरिए अंतिम चार टीमों का फैसला होगा। ये 12 टीमें 2026 में इंग्लैंड और वेल्स के सात स्थानों पर 24 दिनों तक 33 मैच खेलेंगी और खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी। आईसीसी ने टी-20 विश्वकप के कार्यक्रम और ग्रुप की घोषणा पिछले महीने की थी। इंग्लैंड 12 जून को बर्मिंघम में टूर्नामेंट के पहले मैच में श्रीलंका की मेजबानी करेगा और उसके बाद पांच जुलाई को लॉर्ड्स में फाइनल होगा।

ग्रुप-1 में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत और पाकिस्तान के साथ-साथ ग्लोबल क्वालीफायर की दो टीमें शामिल हैं।

ग्रुप-2 में मेजबान इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और ग्लोबल क्वालीफायर की अन्य दो टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले एजबस्टन, हैम्पशायर बाउल, हेड़िंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड और लॉर्ड्स में खेले जायेंगे।

ओमान करेगी टी-20 विश्वकप एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालिफायर की मेजबानी

● **12 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 9 टीमों को तीन-तीन के तीन समूहों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेगी**

दुबई, वार्ता। ओमान अक्टूबर में होने वाले टी-20 विश्वकप एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर की मेजबानी करेगा। ओमान होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर में नौ टीमें भाग लेंगी। 12 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए इन नौ टीमों को तीन-तीन के तीन समूहों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी।

2024 के उप-क्षेत्रीय क्वालीफायर कुवैत, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, जापान और समोआ, नेपाल, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान टीम अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व. कप में तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इन टीमों में से ओमान, नेपाल, पापुआ न्यू गिनी और संयुक्त अरब अमीरात पहले पुरुष टी-20 विश्वकप में भाग ले चुके हैं। यह टूर्नामेंट 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें ग्रुप चरण के मुकाबले आठ से 10 अक्टूबर तक होंगे। सुपर सिक्स चरण के आखिर में, शीर्ष तीन टीमें भारत और श्रीलंका में आयोजित होने वाले पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की करेंगी। ग्रुप 1 में संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया और कतर शामिल हैं, जबकि ग्रुप 2 में नेपाल और कुवैत के साथ-साथ पूर्वी एशिया-प्रशांत की उभरती हुई ताकत जापान शामिल है। मेजबान ओमान, पापुआ न्यू गिनी और समोआ के साथ ग्रुप 3 में है। इस बीच, पूर्वी एशिया-प्रशांत महिला टीम की टी-20 विश्व कप 2026 में शुरुआत की भी घोषणा कर दी गई है, जो सितंबर में होने वाले क्वालीफाइंग स्पर्धा के जरिए होगी। आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप ईएपी क्वालीफायर 9-15 सितंबर तक फिजी के सुवा में आयोजित किया जाएगा। मेजबान टीम क्वालीफायर के लिए वानुअतु, पापुआ न्यू गिनी, इंडोनेशिया, जापान, समोआ, कुक आइलैंड्स और फिलीपींस का स्वागत करेगी। फाइनल से पहले टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया जाएगा, जहां विजेता टीम आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप ग्लोबल क्वालीफायर के लिए क्वालीफाई करेगी।

राधा यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे पर संभालेगी भारत 'ए' टीमों की कप्तानी

बीसीसीआई की महिला चयन समिति ने 7 से 24 अगस्त तक होने वाले आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम घोषित की

नई दिल्ली, वार्ता। लेफ्ट आर्म स्पिनर राधा यादव अगस्त में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत ए टीमों की कप्तानी संभालेंगी। भारत इस दौरे में तीन टी-20 व इतने ही 50 ओवर के मैच खेलेगा, जिसके बाद एक चार दिवसीय मैच होगा। बीसीसीआईकी महिला चयन समिति ने 7 से 24 अगस्त, 2025 तक होने वाले आगामी बहु प्रारूप ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए महिला टीम की घोषणा कर दी है।

भारत ए महिला टीम तीन टी-20 और इतने ही 50 ओवर के मैच खेलेगी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ एक चार दिवसीय मैच होगा। यह दौरा 7 अगस्त, 2025 को मैके में शुरू होगा, जहां तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद मुकाबला नॉर्थ्स, ब्रिस्बेन में होगा, जहां तीन 50 ओवर के मैच खेले जाएंगे और उसके बाद एलन बॉर्डर फील्ड में चार दिवसीय मैच खेला जाएगा।

टी-20 टीम: राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, डी-वृंदा, सजना, उमा छेत्री (विकेटकीपर), राघवी बिस्ट, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, तितास साधु

वनडे और बहु-दिवसीय टीम: राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, तेजल, राघवी बिस्ट, तनुश्री सरकार, उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, नंदिनी, धारा, जोशितो, शबनम शकील, साइमा र, तितासु (श्रेयंका व प्रियाका चयनित हुई।

डोप परीक्षण में विफल होने पर जैस्मीन निलंबित

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय शॉटपुट खिलाड़ी जैस्मीन कौर को नाडा ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है, क्योंकि उनके डोप परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी का पता चला है। जैस्मीन का नाम अस्थायी निल. बन के तहत आने वाले एथलीटों की नवीनतम सूची में शामिल है, क्योंकि उनका परीक्षण टरबुटालाइन के लिए सकारात्मक आया था। टरबुटालाइन को एक उत्तेजक पदार्थ के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह अक्सर आम खांसी की दवाइयों में पाया जाता है। पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाली 22 वर्षीय इस एथलीट ने इस साल की शुरुआत में देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।

रियल मैड्रिड को 4-0 से हराकर पीएसजी क्लब विश्वकप के फाइनल में

न्यूयॉर्क, वार्ता। पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने स्पेनिश दिग्गज रियल मैड्रिड को 4-0 से रौंदकर फीफा क्लब विश्वकप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। अब उसका मुकाबला पहले सेमीफाइनल की विजेता चेल्सी एफसी से होगा। मेटलाइफ स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पीएस जी की ओर से फैबियन रुइज ने (छठे, 24वें) मिनट में गोल किये। वहीं ओस्मान डेम्बेले ने नौवें मिनट में गोल दागा। इसके आलवा स्थानापन्न गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में गोल करके अपनी की जीत सुनिश्चत कर दी। इस जीत के साथ ही फांसीसी चैंपियन ऐतिहासिक चौथा खिताब जीतने के बेहद करीब पहुँच गया है। मुकाबले में दो बेहतरीन गोल करने वाले रुइज को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को हराया

● **टीम के शानदार खेल की बदौलत भारत ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की**

नीदरलैंड, वार्ता। भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड को 6-0 से हराया। भारत ने आयरलैंड को पहले मैच में 6-1 से हराया था। बुधवार को यूरोपीय दौरे पर खेले गए दूसरे मुकाबले में भारत ए के उत्तम सिंह ने शुरुआत में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। कप्तान संजय ने गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया।

इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो प्रभावशाली गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार की ओर से किये एक-एक गोल किये। टीम के शानदार खेल की बदौलत भारत ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मैच के बाद भारतीय ए टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूँ। अब हमारा मुकाबला फांसीसी टीम से होगा और उम्मीद है कि हम उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन करेंगे। भारत ए पुरुष हॉकी टीम का अगला मुकाबला इसी मैदान पर शनिवार को फ्रांस से होगा।

तीसरा टेस्ट: इंग्लैंड ने चौथा विकेट भी गंवाया

लंदन, वार्ता। भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लाड्र्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। पहले दिन का आखिरी सेशन जारी है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 4 विकेट पर 172 रन बना लिए हैं। जो रूट क्रीज पर हैं। रूट फिफ्टी बना चुके हैं।

हैरी ब्रुक (11 रन) को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड कर दिया। बुमराह को मैच में पहला विकेट मिला है। ओली पोप (44 रन) को रवींद्र जडेजा ने तीसरे सेशन की पहली बाल पर आउट किया। दूसरा सेशन विकेट रहित रहा। लंच से पहले जैक क्राली 18 और बेन डकेट 23 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को नीतीश कुमार रेड्डी ने ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद जसपुर (ऊधमसिंहनगर)

email:-nppjashpur@gmail.com Fax or Phone No-05947220058

पत्रांक:1236/ 04 सम्पत्ति कर अनुभाग/2025-26/2025 दिनांक- 10/07/2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद, जसपुर जिला-ऊधमसिंह नगर के कर विभाग में अभिलेखों में नामान्तरण / दाखिल-खारिज हेतु आवेदको के आवेदन पत्र प्राप्त हुए है- सूची निम्नवत है।

क्र0 स0	आवेदन का दिनांक	मौहल्ला / डिमाण्ड रजि0 संख्या	वर्तमान अभिलेखों में दर्ज नाम व पता	नामान्तरण होने वाले का नाम व पता	नामान्तरण का आधार
01	03.07.2025	गांगूवाला	N/A	मै0 अमन ट्रेडिंग कम्पनी प्रोपराइटर श्री आसम अख्तर पुत्र श्री मौ0 नईम अहमद	रजिस्टर्ड बैनामा
02	09.07.2025	भूप सिंह	श्री रघुवीर सिंह पुत्र स्व0 श्री घासी सिंह	श्री मोहित कुमार पुत्र स्व0 श्री रघुवीर सिंह	विरासतन /मृत्यु

अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामान्तरण/दाखिल-खारिज किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वह एक माह (30 दिन) के अन्दर लिखित रूप से सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्त होने पर नामान्तरण / दाखिल-खारिज कर दिया जायेगा, तथा समयावधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी
न0पा0प0 जसपुर

कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय, ग्रामीण निर्माण विभाग, उपखण्ड भीमताल

पत्रॉक 65 /ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक - 08.07.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न निर्माण कार्य की मुहरबन्द निविदा दिनांक 15.07.2025 के अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड कार्यालय नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय, दिनॉक 14.07.2025 को सांय 04:00 बजे तक ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि जिनके हस्ताक्षर ठेकेदार द्वारा प्रमाणित किये गये हों, को निविदा मूल्य लेखाशीर्षक 0515008000100 एवं जी0एस0टी0 की धनराशि (CGST+SGST) जी0एस0टी0 नम्बर 05AAAGE0687E1ZR में ऑनलाईन जमा कर ई-चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर प्रखण्ड कार्यालय ग्रामीण निर्माण विभाग, नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में किया जायेगा।

क0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत GST रहित लाख रू0	धरोहर धनराशि लाख रू0	निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0	कार्य पूर्ण की अवधि	निविदा की बैधता	श्रेणी
1	2	3	5	6	7	8	9
उपखण्ड स्तर पर आमंत्रित निविदा							
1	सांसद निधि के अन्तर्गत मा0 अजय भट्ट जी द्वारा स्वीकृत-जनपद नैनीताल के वार्ड नं0-10 नरेन्द्र अजय साह जगाती सरस्वती विद्या मंदिर मल्लीताल में कक्ष निर्माण कार्य हेतु।	4.10	12,300.00	नि0मू0 रू0 500.00 + GST रू0 90.00	02 माह	45 दिन	श्रेणी "ई0" एवं उच्चतर (भवन निर्माण)

नोट:- 1- निविदा कय करने से पूर्व निविदा की शर्तों की जानकारी प्रखण्ड/उपखण्ड कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में प्राप्त करना अनिवार्य होगा , निविदा के शर्तों के अनुरूप ही कमेटी द्वारा निविदा स्वीकार की जायेगी।

(इं0 एम0एस0 कनवाल)
सहायक अभियन्ता द्वितीय
ग्रामीण निर्माण विभाग,
उपखण्ड भीमताल।

लक्सर पुलिस ने किया सरोज हत्याकांड का खुलासा

उधार के पैसे मांगने पर किया कत्ल

शाह टाइम्स संवाददाता

लक्सर। पुलिस ने 5 दिन पहले हुई महिला की हत्या का खुलासा कर दिया है जिसमें आरोपी को गिरफ्तार किया गया है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया 7 जुलाई को संत नगर कॉलोनी में आम के बगीचे में टयूवैल के पास एक अज्ञात महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली थी पुलिस द्वारा मौके पर जाकर अज्ञात महिला की सिनाक्त की गई तो मृतका की पहचान सरोज पत्नी स्वर्गीय रामपाल निवासी नई बस्ती शिवपुरी कोतवाली लक्सर के रूप में हुई मृतका की पुत्री द्वारा बताया गया 5 जुलाई 2025 को जसवीर पुत्र नकली राम के पास अपने उधार के पैसे मांगने के लिए गई थी जिस पर मृतका के पुत्र अमित कुमार पुत्र स्वर्गीय रामपाल निवासी नई शिवपुरी कोतवाली लक्सर द्वारा पत्र दिया गया था उसके पत्र पर संबंधित मुकदमा दर्ज किया गया था मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा घटना के अनावरण व आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एसपी देहात सीओ लक्सर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा बारीकी से निरीक्षण करते हुए मौके पर फील्ड यूनिट टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन कर घटना का अनावरण के लिए अलग-अलग पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया वह गिरफ्तारी के बचने के लिए शहर छोड़ कर भागने की तैयारी में था अभियुक्त शेयर मार्केट में पैसे लगता था शेयर मार्केट में पैसे डूबने के कारण वह पैसे नहीं दे पा रहा था महिला को पैसे देने के बहाने अपने लक्सर स्थित घर में बुलाकर प्लानिंग के साथ मुंह दबाकर दोपहर में ही उसकी हत्या कर दी और शव को घर में रखकर उसके मोबाइल को लेकर इधर-उधर घूम कर उसके बच्चों को उसके मोबाइल से मैसेज करके धोखा देता रहा पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम जसवीर पुत्र नकली राम निवासी डाडा पट्टी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताया उससे संबंधित सामान भी बरामद हुआ उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर वीरेंद्र सिंह नेगी सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान भीक्कमपुर पुलिस चौकी प्रभारी कमलकांत रतूड़ी रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कर्मवीर सिंह उप निरीक्षक रंजीत नौटियाल उप निरीक्षक विनोद कुमार रियाज अली पंचम प्रकाश मोहन कोलिया हेड कांस्टेबल गंगा सिंह अजीत तोमर ध्वजवीर सिंह कांस्टेबल शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

❖पैसे देने के बहाने बाग में बुलाकर आरोपी ने महिला को मार डाला

जौरासी जबरदस्तपुर लालू हत्याकांड

जिलेभर में दबिश, दो हिरासत में

शाह टाइम संवाददाता

रुड़की। लालू हत्याकांड में पुलिस ने जिलेभर के देहात इलाकों में ताबड़तोड़ दबिश दी है। दो लोगों को भी पुलिस ने हिरासत में ले रखा है। शांति व्यवस्था के मद्देनजर गांव में पुलिस बल तैनात है।

रुड़की कोतवाली क्षेत्र के जोरासी जबरदस्तपुर गांव में दो दिन पूर्व शाम में अमजद पक्ष के लोग ईट से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को लेकर हरिद्वार जा रहे थे। तभी रजा कुरैशी पक्ष के लोग रास्ते से बाइक लेकर गुजरे। इस बीच अमजद पक्ष ने उन्हें बाइक को सही ढंग से चलाने के लिए टोक दिया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मौके पर कहासुनी और फिर खूनी संघर्ष हो गया था। तभी मारपीट की सूचना मिलने पर मोहर्रम अली उर्फ लालू बीच बचाव के लिए मौके पर पहुंचा था। लेकिन तब तक वहां पर कई लोग लहूलुहान हो चुके थे। इस बीच मोहर्रम अली उर्फ लालू के सिर पर धारदार हथियार लगा और मौके पर ही मोहर्रम ने दम तोड़ दिया था। जिसके बाद रजा कुरैशी पक्ष के लोग गांव से फरार हो गए थे। सिविल अस्पताल में घायलों को ले जाया गया था। जहां से काफी लोगों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था। जबकि पुलिस ने मोहर्रम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बुधवार शाम के वक्त परिवार ने मोहर्रम का गांव के कब्रिस्तान में शव दफनाया था। वहीं दूसरी ओर दो पक्षों के खूनी संघर्ष में एक की हत्या होने पर गांव में भी भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मृतक मोहर्रम अली उर्फ लालू के भाई अमजद न बारह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिन में फरमान कुरैशी, आशु कुरैशी, अमजद कुरैशी, शोएब कुरैशी, आमिर कुरैशी, मजीद कुरैशी, आसिफ कुरैशी, अब्दुल्ला कुरैशी, नोमान कुरैशी, अनस कुरैशी, जेद कुरैशी और रजा कुरैशी निवासी जोरासी जबरदस्तपुर कोतवाली रुड़की के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने हत्याकांड के बाद दो लोगों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। जबकि हत्याकांड में शामिल अन्य हमलावरों की तलाश को पुलिस ने जिलेभर के देहात क्षेत्र में भी ताबड़तोड़ दबिश दी है। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि बारह लोगों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। हमलावरों की तलाश को संभावित ठिकानों पर दबिश जारी है। जल्द गिरफ्तारियां की जाएगी।

❖रास्ते से ट्रैक्टर-ट्राली हटाने को लेकर दो पक्षों में हुआ था खूनी संघर्ष

अग्निशमन उपकरणों के बारे में बताया

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आईआईटी के ग्राउंड में राष्ट्रीय केडेट्स कोर कैंप में प्रशिक्षण के दौरान केडेट्स को अग्निशमन संबंधी प्रशिक्षण देकर उन्हें अग्निशमन उपकरणों की प्रयोग विधि के बारे में बताया गया। उन्हें समझाया की केडेट्स समाज का एक अभिन्न अंग है। बताया कि उनकी किसी भी अग्नि दुर्घटना एवं आपात स्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही आपातकालीन नंबर 112 के महत्व को भी समझाया गया। कैंप में करीब 200 से अधिक कैडेट्स में प्रतिभाग किया। इस मौके पर फायरमैन अतर सिंह राणा, मोहन सिंह नेगी और मदन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

चुड़ियाला रेलवे स्टेशन के पास चोरों ने चार दुकान खंगाली

नकदी व सामान चोरी, गुस्साए ग्रामीणों का धरना

विधायक भी मौके पर

शाह टाइम्स संवाददाता

भगवानपुर। क्षेत्र के तेजजूपुर चुड़ियाला स्टेशन गांव में देर रात चोरों ने 4 दुकानों में सेंधमारी कर गल्ले में रखी नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर चोरी की घटना की जांच पड़ताल कर आसपास में लगे सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही है। गुस्साए दुकानदारों ने एकत्रित होकर संपूर्ण बाजार बंद कर पुलिस चौकी के सामने धरने पर बैठ गए। विधायक ममता राकेश ने मौके पर पहुंचकर एसएसपी हरिद्वार से फोन पर बात कर घटना की जानकारी दी एसएसपी हरिद्वार ने विधायक भगवानपुर को तीन दिन के अंदर चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया जिसके बाद दुकानदारों व ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। पुलिस चौकी से चंद दूरी पर स्थित बिल्लू लाला की दुकान से चोरों ने गल्ले में रखी नकदी व सामान चोरी किया है। दुकानदार नारायण सिंह निवासी डाडली प्रोवीजन स्टोर ने बताया कि गल्ले में रखे 12 हजार नकदी व सामान चोरी कर लिया है। अंकुश निवासी तेजजूपुर श्री राम फल फ्रूट ने बताया कि मेरी मिक्सी मशीन, अनार व सेब पेटिया ओर गल्ले रखी नकदी चोरी कर लिए।छोटा निवासी बिनारसी खाद भंडार के यहां चोरी करने का प्रयास किया। अर्जुन मुखिया, अशोक चौधरी, विकाश, राशिद अली, कलीम प्रधान, कुलवीर,महकार प्रधान, महेश प्रधान, आदिल, सोनू लाला, मनोज चौधरी,राजू कश्यप, नारायण सिंह,डा जितेंद्र, दीपक कुमार, आशु, बंटी कुमार अन्य सैकड़ों दुकानदारों व ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर चोरी की घटना का विरोध किया।

झबरेड़ा कस्बा व देहात क्षेत्र में 9 घंटे बाधित रही विद्युत आपूर्ति

भीषण गर्मी में कई गांव के 50000 लोगों ने झेली परेशानी

शाह टाइम्स संवाददाता

झबरेड़ा। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार रात्रि लगातार 9 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहने से कस्बा सहित क्षेत्र के कई गांव के लगभग 50000 लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत आपूर्ति बुधवार रात्रि 11:00 बजे बंद होकर गुरुवार सुबह 9:00 बजे विद्युत आपूर्ति शुरू हुई।

कस्बा सहित ग्राम भक्तों वाली ग्राम खड़खड़ी ग्राम मानक पुर ग्राम लोदी वाला ग्राम साबतवाली ग्राम कुशालीपुर ग्राम डेलना ग्राम खजूरी ग्राम कुशालीपुर ग्राम शीतलपुर आदि गांव के लगभग 50000 से भी अधिक लोगों को बुधवार रात्रि विद्युत आपूर्ति लगातार 9 घंटे बंद रहने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिन लोगों के घर में इनवर्टर बैटरी लगे हुए थे वह भी फेल हो गए। कस्बा व क्षेत्र वासी अतुल कुमार राजपाल सिंह कुंवर पाल चौधरी विक्रम सिंह यशवीर सिंह यशवंत सिंह इंद्रेश कुमार महावीर सिंह सुलेमान मलिक आदि का कहना है कि बुधवार पुरी रात्रि विद्युत आपूर्ति बंद रहने से पूरी रात आंखों ही आंखों में काटनी पड़ी। पूरी रात लोग विद्युत आपूर्ति की बाँट जोहते रहे। गर्मी अधिक होने के कारण अधिकतर लोग मकान की छत पर जाकर पूरी रात गुजारनी पड़ी। उक्त लोगों का कहना है कि यही हाल मंगलवार को भी हुआ था। आरोप है कि विभागीय अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। मंगलवार तथा बुधवार दोनों रात बच्चे हो या बड़े विद्युत आपूर्ति न होने तथा गर्मी होने के कारण सो नहीं सके। कस्बे में स्थित विद्युत उप संस्थान अवर अभियंता अशोक कुमार का कहना है कि रुड़की से झबरेड़ा आ रही विद्युत लाइन में कमी होने के कारण विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाई।

कावड़ यात्रा के दौरान मीट की बिक्री व होटल में मीट के बनाने पर रहेगा प्रतिबंध

शाह टाइम्स संवाददाता

पिरान कलियर। कांवड़ यात्रा के दौरान कलियर में मीट की बिक्री और होटलों में मीट का बनना प्रतिबंधित रहेगा। एसओ रविंद्र कुमार ने खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। सभी मीट विक्रेताओं और नॉनवेज होटल मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं।

कलियर में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर एसओ रविंद्र कुमार ने कलियर में मीट बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया है।एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि मीट दुकानदारों और नॉनवेज होटल मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें उन्हें कांवड़ यात्रा के दौरान कलियर में किसी प्रकार की मीट, अंडा मांस मछली किसी भी तरह का नॉनवेज पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। कांवड़ यात्रा के दौरान हजारों शिव भक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर कलियर से लौटते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए 10 जुलाई से 24 जुलाई तक कलियर की सभी मीट की दुकानें बंद रहेगी।मीट दुकानदारों और होटल संचालकों को चेतावनी दी है कि यदि आदेश का उल्लंघन किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

भारत को क्षय रोग से मुक्त करना उद्देश्यः डॉ. भार्गव

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। भारत विकास परिषद का उद्देश्य स्वस्थ समाज, एवं,अपनी संस्कृति एवं उचित संस्कार के अन्तर्गत आज 10 जुलाई को भा वि प के स्थापना दिवस पर देश को क्षति रोग से मुक्त करने का संकल्प लेकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय रुड़की के अन्तर्गत 25 क्षय रोग से ग्रसित मरीजों को 6माह के लिए गोद लेकर उनके लिए उचित आहार के अन्तर्गत 6माह के लिए पोषक एवं पोष्टिक आहार दिया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ अजय भार्गव ने कहा हम क्षय रोग मुक्त कर अपने शहर को स्वस्थ बनाने के लिए कार्य करते रहेंगे।शाखा अध्यक्ष ईजी राकेश गर्ग ने कहा कि मुझे अपनी शाखा के प्रत्येक सदस्य पर गर्व है जो इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए स्व इच्छा आर्थिक सहयोग करते हैं जिससे हम इस प्रकार के जन हित के कार्य करने में समर्थ होते हैं।सह संयोजक डॉ सुधीर चौधरी ने सभी क्षय रोगियो को नियमित रुप से उचित पोष्टिक आहार लेने पर जोर दिया। सचिव विकास गोयल ने कहा जीवन श्रेष्ठ है इसे स्वस्थ रखना हमारा उद्देश्य है।इस अवसर पर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अरविन्द कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि रहे उन्होंने भारत विकास परिषद समर्पण शाखा के इस जनहित के कार्य में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में डॉ श्रीवास्तव, डॉ राजीव गोयल, हर्ष प्रकाश काला, डॉ सुवीर सिंह बीना सिंह, आर डी सिंह,उमेश चन्द्र सिंघल, डॉ हेमलता सिंघल सुरेंद्र कुमार,हास्पिटल कर्मचारी में विनोद नेगी, आशीष शर्मा, आदि का सहयोग रहा।शाखा अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों सदस्यों एवं हास्पिटल के कर्मचारियों का इस अति महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

खंभे से गिरकर विद्युत विभाग कर्मचारी की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

मंगलौर। खंभे पर विद्युत लाइन ठीक करने के लिए चढ़ रहा कर्मचारी पैर फिसलने के कारण नीचे गिरकर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय राजन पुत्र प्रमोद निवासी नारसन खुर्द बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन के तौर पर तैनात था। आज दोपहर लगभग एक बजे नारसन कला गांव में खंभे पर चढ़ रहा था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिरकर घायल हो गया। साथी कर्मचारी और मौके पर मौजूद लोग उसे लेकर नारसन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। परिजन उसे उपचार के लिए भूमानंद अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद परिजन शव को लेकर उपखंड पहुंचे जहां उन्होंने विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया कि विभाग द्वारा कर्मचारियों को उचित सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए हैं जिसके कारण इस प्रकार की दुर्घटना हुई है खबर लिखे जाने तक परिजन धरने पर डटे हुए थे।

पहले युवक का पूछा नाम फिर सड़क पर बेल्ट से पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। पहले एक युवक से नाम पूछा और फिर पांच-छह युवकों ने मिलकर सड़क पर बेल्ट से पीट दिया। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की पहचान शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली को क्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि वह सोमवार रात को बस में सवार होकर सहारनपुर से घर की ओर लौट रहा था। देर रात ईदगाह चौक पर बस रुकी और वह घर की ओर चल दिया। इस बीच एक कन्फेशनरी की दुकान से कुछ सामान खरीदा तो वहां खड़े पांच-छह युवकों ने पहले नाम पूछा और फिर गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह वह वहां से जान बचाकर भागा। मारपीट की एक वीडियो भी फोन से बनाई गई थी। पीड़ित ने अपनी जान माल को खतरा बताया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय शाह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

एसडीम के आदेश नहीं मानते अधिकारी, अवैध कब्जा बरकरार

शाह टाइम्स संवाददाता

लक्सर। एसडीम के आदेश तहसील दिवस में दिये गए प्रार्थना पत्र पर चकबंदी विभाग के अधिकारी काम करने को नहीं है। 2018 बसेड़ी खादर मैं मेरे वालीद नूर हसन के द्वारा एक प्रार्थना पत्र 16 अप्रैल 2018 को तहसील में दिया गया उस पर निर्वतमान लेखपाल के द्वारा अपनी रिपोर्ट में सरकारी चक्रोड पर अवैध कब्जा दर्शाया गया मेरे वालीद की मृत्यु के बाद मैने 21 नवंबर 2024 को तहसील दिवस में पहला पत्र दिया 3 दिसंबर 2024 को दुसरा पत्र दिया 4 जनवरी 2025 को तीसरा पत्र दिया 4 मार्च 2025 को चौथा पत्र दिया 18 मार्च 2025 को पांचवा पत्र दिया 15 अप्रैल 2025 को छठा पत्र दिया 6 मई 2025 को सातवा पत्र दिया 20 मई 2025 को आठवा पत्र दिया जिसमें चकबंदी विभाग द्वारा 19 मई 2025 को चकरोड छूटवाने का नोटिस दिया 26 मई 2025 को दुसरा नोटिस दिया कोई कार्य नहीं किया मौके पर नहीं पहुंचे 3 जून 2025 को नोवा पत्र दिया 1 जुलाई 2025 को 10वां पत्र दिया किसी भी पत्र पर चकबंदी विभाग के द्वारा अभी तक कोई करवाई नहीं की गई एसडीम लक्सर के द्वारा कई बार टेलिफोन से उनको अवगत कराया गया 7 जुलाई 2025 को एसडीम के द्वारा इसी संबंध में चकबंदी विभाग से स्पष्टिकरण भी मंगा गया और चक्रोड तुरंत छुड़वाने के आदेश किए गए उसके बाद फिर चकबंदी विभाग के सहायक अधिकारी ने आज 10 जुलाई का नोटिस काटा नोटिस पर आज फिर कोई चकबंदी विभाग का अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा जब उनसे बात करने की कोशिश की गई तो उनकी जूबान सिली हुई दिखाई दी कोई जवाब भी चकबंदी विभाग के सहायक चकबंदी अधिकारी ने नहीं दिया देखना यह होगा की सरकारी चक्रोड पर चकबंदी विभाग के द्वारा कब कब्जा हटाया जाता है या दुसरे पक्ष से मिलकर वहा कोई झगड़ा कराने की फिराक में चकबंदी विभाग के समस्त अधिकारी हैं यह भी अपने आप में एक बड़ा सवाल है

❖बार-बार नोटिस देने के बाद भी सालो से सरकारी चकरोड से नहीं हटवाया कब्जा

बकाया मांगने पर दवा कारोबारी को फोन पर धमकाया

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। बकाया रकम मांगने पर दवा कारोबारी को कुछ लोगों ने फोन पर धमकाया है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गंग नहर को दिवाली को मानव वर्मा निवासी चावमंडी ने बताया कि वह दवा के होलसेल ट्रेडिंग के व्यापार से जुड़े हैं। वह उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में दवा सप्लाई करते हैं। उन्होंने चांदक जिला बिजनौर स्थित ढाका मेडिकल एजेंसी को 31 मार्च 2025 को माल सप्लाई किया था। जिसमें से कुछ सामान वापस आया और एक पेमेंट आई थी। आरोप है कि दो दिन पूर्व उन्होंने बकाया बिल का पेमेंट मांगा तो उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय शाह ने बताया कि सुबोध ढाका और भानु सिंह समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

एपीएस-1 में वाद-विवाद व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 रुड़की में तीन दिवसीय क्लस्टर कमान स्तरीय वाद विवाद एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

प्रथम दिन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय ब्रिगेडियर के.पी. सिंह, कमांडेंट, बंगाल इंजीनियर्स ग्रुप एंड सेंटर, रुड़की, और चेयरमैन, आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 और 2, रुड़की, के कर कमलो द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मां सरस्वती की वंदना के उपरांत मुख्य अतिथि महोदय और विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज घहिन्दीघ वादघविवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसका विषय था। "वैश्विक स्तर पर बढ़ती असहिष्णुता तीसरे विश्वयुद्ध का पूर्वाभास है। वाद-विवाद प्रतियोगिता क्लस्टर-2 के लिए आयोजित की गयी जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल आगरा, आर्मी पब्लिक स्कूल क्लेमेंट टाउन देहरादून, आर्मी पब्लिक स्कूल गया, आर्मी पब्लिक स्कूल गोरखपुर, आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2 जबलपुर, आर्मी पब्लिक स्कूल, मेरठ आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट, आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत और आर्मी पब्लिक स्कूल एसपी मार्ग लखनऊ सहित कुल नौ टीमों के 27 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल में श्रीगोपाल नारसन अधिवक्ता, सुजाता अरोड़ा कहानी लेखिका, संजय शर्मा हिन्दी प्रवक्ता आनंद स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर शामिल रहे। विषय के पक्ष में सर्वश्रेष्ठ वक्ता ए पी एस गोरखपुर की स्वाति रही। विषय के विपक्ष में सर्वश्रेष्ठ घ्वक्ता ए पी एस रानीखेत की वैभवी तिवारी रही। सर्वश्रेष्ठ समालोचक ए पी एस रामगढ़ के हिमांशु राणा रहे। ए पी एस रानीखेत की टीम उपविजेता रही।

विजेता टीम एपीएस गोरखपुर रही। विजेता टीम आगामी कमांड लेवल में अपने क्लस्टर का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु डोगरा ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

नारसन बॉर्डर पर उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड पुलिस का संयुक्त चेकिंग अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

गुरुकुल नारसन। कांवड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने कमर कस ली है. इसी कड़ी में आज नारसन और मुजफ्फरनगर के पुरकाजी ने संयुक्त अभियान चलाया गया। जिसमे नारसन चौकी प्रभारी, हेमदत्त भारद्वाज और थानाध्यक्ष पुरकाजी जयवीर सिंह ने बड़े डीजे सेटअप लगाने वाले संचालकों को नोटिस जारी किए और आवश्यक हिदायतें दीं।

अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कांवड़ मेले के दौरान डीजे के निर्धारित आकार, केवल धार्मिक गाने बजाए जाने और जातीय या आपत्तिजनक गाने न बजाने जैसे नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इस पहल का उद्देश्य कांवड़ यात्रा के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखना है।

सम्पादकीय

शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

रोक से इन्कार

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक पहुंच गया है। कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस पर रोक लगाने के लिए याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल, टीएमसी की सांसद मऊआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज कुमार झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासिचव डी राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सामंत, झामुमो के सांसद सरफराज अहमद और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के दीपांकर भट्टाचार्य ने याचिकाएं दायर कर दावा किया है कि चुनाव आयोग का यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रनिधित्व अधिनियम 1950 और मतदाता पंजीकरण 1960 के नियम 21 ए के प्रावधानों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यदि इस आदेश को रद्द नहीं किया गया, तो मनमाने ढंग से उचित प्रक्रिया अपनाए बिना लाखों मतदाताओं को अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित किया जा सकता है। इससे देश में स्वतंत्र चुनाव बाधित होगा और लोकतंत्र कमजोर हो सकता है। गुरुवार को न्यायमूर्ति सुधांशू धूलिया और न्यायमूर्ति बागची की अंशकालीन कार्यदिवस की पीठ ने इस पर सुनवाई की। पीठ ने विशेष गहन पुनरीक्षण पर अंतरिम रोक लगाने से इन्कार किया। साथ ही चुनाव आयोग से मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र को अनुमति देने पर विचार करने को कहा और इस मामले की सुनवाई के लिए 28 जुलाई तय की है। उससे एक सप्ताह पहले 21 जुलाई तक चुनाव आयोग से हलफनामा दायर करने को कहा। साथ ही माना कि मामले की सुनवाई जरूरी है और इसे उपयुक्त पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। अदालत ने बार-बार चुनाव आयोग से पूछा कि वह पहचान साबित करने के रूप में एक साधन के रूप में आधार को कैसे अस्वीकार कर सकता है। साथ ही पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय सीमा पर सवाल उठाए और कहा कि यह सीमा बहुत कम है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 24 जून को बिहार में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के आदेश दिए थे। तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग के इस फैसले को एक षड्यंत्र के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने नौ जुलाई को बिहार बंद रखकर जमकर प्रदर्शन भी किया था। असल में सारा बखेड़ा इस बात को लेकर भी है कि मतदाताओं को नए सिरे से अपनी पहचान बतानी होगी और अपनी पहचान बताने के लिए दस्तावेज भी देने होंगे। दिलचस्प बात यह है कि इस पहचान में आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे बेसिक दस्तावेजों को पहचान से अलग रखा गया है। इससे यह आशंका पैदा हो रही है कि गरीब, दलित वर्ग के लोगों को एक तरह से षड्यंत्र के तहत चुनाव प्रक्रिया से अलग रखने की कोशिश की जा रही है। यह आशंका गलत भी नहीं है और यह प्रक्रिया एक महीने में पूरी होनी है इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। बिहार में इसी वर्ष के अंत में चुनाव होने हैं। यह ठीक है कि फिल्हाल इस आदेश पर अदालत ने रोक नहीं लगाई लेकिन सुनवाई जारी है। देखना है इस पर क्या फैसला आता है।

लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए

इमरजेंसी को सिर्फ भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना जरूरी है, नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला था, अनुशासन और व्यवस्था के लिए उठाए गए कदम कई बार ऐसी क्रूरता में बदल जाते हैं, जिन्हें किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता, संजय गांधी का जबरन नसबंदी अभियान चलाने का फैसला क्रूरता का उदाहरण बन गया, गरीब ग्रामीण इलाकों में टारगेट पूरा करने के लिए हिंसा और दबाव का सहारा लिया गया, नई दिल्ली जैसे शहरों में बेरहमी से झुग्गियां तोड़ी गईं। हजारों लोग बेघर हो गए। उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए, यह एक बहुमूल्य विरासत है, जिसे लगातार संरक्षित करना जरूरी है।

-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद

विकास की रफ्तार पर बोझ है बढ़ती जनसंख्या

विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई पर विशेष

योगेश कुमार गोयल

जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं।

बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए, लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वास्तविकता यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल हो ही नहीं सकती थी।

आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 प्रतिशत आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।

देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है, लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिए से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दंपतियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है।

जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा।

1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी वन चाइल्ड पॉलिसी को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी, लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा।

जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1।3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिए जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है। बगैर कड़े कानूनों के देश के ऐसे राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जहां साक्षरता दर ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि सम्पन्न महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3. 1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है। शिक्षा के अभाव में ही देश की बड़ी आबादी को छोटे परिवार के लाभ को लेकर जागरूक नहीं किया जा सका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बारिश के मौसम में वाटरप्रूफ मेक-अप

अपना मेकअप लगाने के बाद इसे मेकअप सेटिंग स्प्रे से सेट करना न भूलें। एक सेटिंग स्प्रे अंतिम टच-अप के रूप में काम करता है और आपके मेकअप को बनाए रखने में मदद करता है। यह त्वचा को चमकदार बनाता है और आपकी त्वचा का मेकअप ज्यादा लंबे समय तक चलता है। इसलिए एक बेहतरीन सेटिंग स्प्रे से अपने लुक को पूरा करें।

शहनाज हुसैन

महिलाओं को मेकअप करने का काफी शौक होता है, लेकिन बारिश के मौसम में अगर बाहर निकलते हुए भीग जाएं तो मेकअप को संभालना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है क्योंकि मानसून में नमी और पसीने के कारण मेकअप पिघल या फैल जाता है और स्किन काफी चिपचिपी सी दिखने लगती है। ऐसे में मेकअप लगाना काफी तनावपूर्ण हो सकता है।

इसलिए बारिश के मौसम में घर से बाहर निकलने से पहले मेकअप के लिए जरूरी टिप्स आप जरूर जान लीजिए ताकि आपका मेकअप खराब न हो।

1. **हाइड्रेटिंग प्राइमर का इस्तेमाल करें**

मानसून में मौसम में ह्यूमिडिटी बढ़ने से आपकी त्वचा ज्यादा तैलीय हो जाती है। इसलिए त्वचा को मॉइस्चराइज करने और मेकअप को मैल्ट होने से बचाने के लिए मेकअप करने से पहले हाइड्रेटिंग प्राइमर लगाएं।

2. **त्वचा की उचित देखभाल**

बदलते मौसम में डेली स्किन केयर रूटीन को फॉलो करना जरूरी है। आप फेस क्लीनिंग के बाद मॉइश्चराइजर लगाएं और सनस्क्रीन लगाना न भूलें लिक्विड या क्रीम फाउंडेशन के बजाय ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर का हल्का कोट लगाया जा सकता है, टच अप के लिए हल्का कॉम्पैक्ट पाउडर लगा सकती हैं।

कुछ लोग गर्मी में स्किन को कभी भी मॉइस्चर नहीं करते हैं, इससे चेहरे पर पसीना आता है और आपका मेकअप फैलने लगता है। आपको ऐसा मॉइश्चराइजर चुनना चाहिए, जो ऑयल फ्री और नॉन कॉमेडोजेनिक हो इनके इस्तेमाल से पोर्स बंद नहीं होते हैं और स्किन भी हाइड्रेटेड बनी रहती है। यदि आप घर पर हैं तो मेकअप अप्लाई करने से पहले फेस को जरूर मॉइस्चर करें। स्किन केयर रूटीन को स्किप करने की गलती नहीं करें।

3. बारिश के मौसम में कम से कम मेकअप करें और इसे अच्छे से ब्लेन्ड करें। नेचुरल तरीकों से ग्लो बढ़ाने की कोशिश करें। मानसून में हैवी मेकअप पसीने और नमी की वजह से जल्दी फैल सकता है, ऐसे में लाइट और वॉटरप्रूफ मेकअप का इस्तेमाल करें ताकि स्किन को सांस लेने का मौका मिल सके और पिंपल्स न निकलें।

4. **वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट चुने**

बारिश और नमी के कारण मेकअप जल्दी खराब हो सकता है। इसलिए वाटरप्रूफ फाउंडेशन, काजल और मस्कारा का उपयोग करें। ये प्रोडक्ट मेकअप को लंबे

समय तक टिकाए रखते हैं। क्रीम आधारित सौन्दर्य उत्पादों की जगह पाउडर आधारित सौन्दर्य उत्पादों का उपयोग करें। लूज पाउडर के बजाय कॉम्पैक्ट पाउडर लंबे समय तक चलता है और एक स्मूथ फिनिश देता है। मेकअप को टच देने के लिए कॉम्पैक्ट पाउडर कैरी करें।

5. मानसून के दौरान हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आपका ब्लश सौम्य और परिधान को सूट करते हुए होना चाहिए। पाउडर आईशैडो खरीदें क्योंकि यह क्रीम आई शैडो के मुकाबले ज्यादा देर तक टिके रहते हैं। हल्का रंग का थोड़ा सा आई शैडो लगाएं।

6. **अच्छी गुणबत्ता के उत्पाद उपयोग करें**

मानसून सीजन के दौरान अच्छी गुणबत्ता के मस्काराए, फाउंडेशन, लिपस्टिक, आई लाइनर और हाइलाइटर जैसे सौन्दर्य उत्पादों का उपयोग करें।

(लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं)

आतंकवाद में डिजिटल तकनीकों का उपयोग चिंताजनक

ललित गर्ग

टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की नई रिपोर्ट में आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई गई है। इस रिपोर्ट ने वैश्विक सुरक्षा के समक्ष एक नई और गहन चुनौती की ओर संकेत करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रयोग को गहन चिन्ताजनक बताया है। रिपोर्ट में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान, सोशल मीडिया, क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण और संचालन के बढ़ते खतरे पर न केवल प्रकाश डाला गया है बल्कि गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट ने आतंकवाद के एक अलग ही पहलू की ओर ध्यान खींचा है।

इसमें बताया गया है कि टेक्नॉलजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति एवं नियंत्रण नीति की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों में पलने-बढ़ने वाले आतंकी संगठन इन तकनीकों का उपयोग कर न केवल फंडिंग जुटा रहे हैं, बल्कि गोपनीयता और पहुंच के नए मार्ग भी तलाश रहे हैं। इसके अलावा, आतंकवादी संगठन अब विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं, जैसेकि अल-कायदा क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर धन जुटाना और संचालन करना। भारत ने समय-समय पर पाकिस्तान पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद को बेनकाब करते हुए दुनिया से मिल रहे

आर्थिक सहयोग पर चिन्ता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की, इस रिपोर्ट को भारत के रुख का समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।

एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुए हमले में पैसों के लेनदेन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनेशनल थर्ड पार्टी ट्रांजेक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन एक डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान को छुपाती है। जब कोई व्यक्ति वीपीएन का उपयोग करता है, तो उसका इंटरनेट ट्रैफिक एक एन्क्रिप्टेड सुरंग के माध्यम से किसी अन्य देश के सर्वर से होकर गुजरता है। इससे उसकी वास्तविक पहचान छिप जाती है और वह सेंसरशिप, ट्रैकिंग और जियो-रिस्ट्रिक्शन से बच सकता है।

2024 तक दुनिया में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूजर्स हैं। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूजर्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के जरिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला करते हैं। दुनिया की एक तिहाई आबादी ऑनलाइन शॉपिंग करती है। इस साल ग्लोबल ई-कॉमर्स मार्केट के 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में फिलहाल सातवें नंबर पर है, लेकिन सवाल यह है कि इस डेटा के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डॉलर की खरीदारी करते हैं, जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है, तो उसे चिन्हित कैसे किया जाए? एफएटीएफ ने कुछ दिनों पहले पहलगाम को लेकर कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं हो सकता। उसकी हालिया रिपोर्ट इसी बात को और पुष्ट कर देती है। आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। वे इंटरनेट की दुनिया की ओट ले रहे हैं, जो ज्यादा खतरनाक है।

एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों ने अब पारंपरिक धन स्रोतों के साथ-साथ क्रिप्टोकरेंसी जैसे डिजिटल वित्तीय माध्यमों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। यह माध्यम उन्हें सरकार की नजरों से बचाते हुए सीमाओं के पार फंडिंग जुटाने की सहूलियत देते हैं। साथ ही, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स, फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स, और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर वे अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर भले हो गया हो, लेकिन उसके खिलाफ लगे आरोपों में कोई कमी नहीं आई है। अनेक ग्लोबल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और एफएटीएफ ऑब्जर्वेशन्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में आतंकी गुटों को डिजिटल इकोसिस्टम का खुले तौर पर उपयोग करने दिया जा रहा है, या कभी-कभी सरकार की मौन सहमति से। उदाहरण के रूप में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल टोकन के जरिए फंड जुटाने की नई तरकीबें अपनाई हैं। कई मामलों में आतंकी फंडिंग के लिए फर्जी चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक मीडिया अभियानों का सहारा लिया गया है। गजवा-ए-हिंद जैसे डिजिटल प्रोपेगेंडा प्लेटफॉर्म्स पाकिस्तानी जमीन से संचालित होकर भारत में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगे हैं।

भारत के विरुद्ध हाइब्रिड वारफेयर और साइबर जिहाद की रणनीति पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की नीति का हिस्सा बन चुकी है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दक्षिण एशिया में भारत सबसे अधिक प्रभावित देश है, जहां डिजिटल माध्यम से न केवल फंडिंग, बल्कि ब्रेनवॉशिंग और भर्ती का कार्य भी तेजी से हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी संगठनों की ओर आकर्षित किया जाता है। उत्तर पूर्व में उग्रवादी संगठनों को डिजिटल भुगतान और चौनलों के माध्यम से सहायता मिलती रही है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान समेत उन सभी देशों से अपेक्षा की है कि वे डिजिटल वित्तीय निगरानी तंत्र को मजबूत करें। क्रिप्टो ट्रांजैक्शन पर नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। आतंकी संगठनों के ऑनलाइन अस्तित्व को समाप्त करने के लिए तकनीकी टूल्स विकसित करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अमेरिकी टैरिफ नीति: भारत के लिए सौगात

रिपोर्ट में दावा: भारत को निवेश हब बनने का मौका

नई दिल्ली। अमेरिका की नई टैरिफ नीति भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका भारत पर तय टैरिफ से कम टैरिफ लागू कर सकता है। वहीं दूसरी तरफ इंडो-पैसिफिक के कई देशों को भारी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। इससे भारत में विदेशी निवेश के अवसर बढ़ सकते हैं और देश की मैन्युफेक्चरिंग क्षमता को मजबूती मिल सकती है।

अरिहंत कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक भारत कई अन्य एशियाई देशों की तुलना में अमेरिका के नए टैरिफ सिस्टम में बेहतर स्थिति में है। इससे भारत के पास निवेश को आकर्षित करने और मैन्युफेक्चरिंग बह बनने के लिए बड़ा मौका है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि कंबोडिया और वियतनाम जैसे देशों को जहां अधिक टैरिफ झेलना पड़ रहा है।

भारत द्विपक्षीय समझौतों और ग्लोबल ट्रेड फ्लो में बदलाव का लाभ उठा सकता है। ट्रम्प ने 8 जुलाई को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग को औपचारिक लेटर भेजकर टैरिफ की जानकारी दी थी। बाद में मलेशिया और कजाकिस्तान को भी इसी तरह के लेटर भेजे गए। हालांकि भारत को अभी तक ऐसा कोई लेटर नहीं मिला है। रिपोर्ट में इसे भारत के लिए अच्छा संकेत बताया गया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अमेरिका भारत को स्ट्रैटजिक पार्टनर होने के नाते रियायत दे सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की इस नई टैरिफ नीति के चलते भारत की स्थिति बाकी देशों की तुलना में मजबूत है।

इसका फायदा उठाकर भारत ग्लोबल सप्लाई चेन का अहम हिस्सा बन सकता है। भारत की 'चाइना+1' रणनीति, पीएलआई योजनाएं और ट्रेड डील्स की वजह से भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, ऑटो और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने का मौका देगा। कता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 14 देशों पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा की। इनमें कई देशों पर 25 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक के टैरिफ लगाए गए हैं।

- कई अन्य एशियाई देशों की तुलना में अमेरिका के नए टैरिफ सिस्टम में बेहतर स्थिति में
- कई देशों पर 22 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक के टैरिफ लगाए गए

ब्राजील के राष्ट्रपति ने 50 प्रतिशत टैरिफ पर ट्रम्प का किया विरोध

ब्रासीलिया। ब्राज़ील के सामानों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का विरोध करते हुए राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने कहा है कि ब्राज़ील एक संप्रभु राष्ट्र है जिसके पास स्वतंत्र संस्थाएं हैं और वह 'किसी भी प्रकार की नसीहत नहीं स्वीकार करेगा'। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर ट्रम्प की टिप्पणी का जवाब देते हुए लूला ने ज़ोर देकर कहा कि ब्राज़ील एक संप्रभु राज्य है और अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं या न्यायिक प्रक्रियाओं में बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। लूला ने 'एक्स' पर कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बुधवार को सोशल मीडिया पर दिए गए सार्वजनिक बयान को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित बातों पर प्रकाश डालना ज़रूरी है कि ब्राज़ील एक संप्रभु राष्ट्र है जिसके स्वतंत्र संस्थान हैं और वह किसी भी प्रकार की नसीहत स्वीकार नहीं करेगा। अमेरिका और ब्राज़ील के बीच व्यापार असंतुलन को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि टैरिफ वृद्धि का मसला ब्राज़ील के आर्थिक पारस्परिक कानून के अनुसार निपटाया जाएगा।

नई दिल्ली। विजय चौक पर बारिश से बचने के लिए छाता लगाकर जाते यात्री।

ट्रम्प पर हमले के मामले में सीक्रेट सर्विस के 6 एजेंट सस्पेंड

- लापरवाही का आरोप, पिछले साल कान को छूकर निकली थी गोली

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पिछले साल हुए जानलेवा हमले के दौरान सुरक्षा में चूक के आरोप में सीक्रेट सर्विस के 6 एजेंट्स को सस्पेंड कर दिया गया है। यह जानकारी एबीसी न्यूज ने अधिकारियों के हवाले से दी है। यह कार्रवाई ट्रम्प के हमले का एक साल पूरा होने से 4 दिन पहले हुई है। पेनसिल्वेनिया के बटलर में 13 जुलाई 2024 ट्रम्प पर गोली चलाई गई थी। यह गोली ट्रम्प के कान को लगती हुई निकल गई थी और वह घायल हो गए थे। इस हमले में ट्रम्प की रैली में शामिल एक फायरफाइटर कोरी कॉम्पेराटोर की मौत हो गई थी। जवाबी कार्रवाई में मौके पर मौजूद सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर्स ने हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रूक्स (20 वर्ष) को गोली मार दी थी। सस्पेंड किए गए एजेंट्स को अपील का अधिकार दिया गया है।

खामेनेई के सलाहकार की ट्रम्प को ड्रोन हमले की धमकी

- कहा: धूप सेंकते समय माइक्रो-ड्रोन नाभि पर गिर सकता है, ट्रम्प बोले: धूप सेकना पंसद नहीं

वॉशिंगटन/तेहरान। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद-जवाद लारीजानी ने 8 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर ड्रोन हमले की चेतावनी दी।

लारीजानी ने एक टी.वी चर्चा के दौरान हंसते हुए कहा: अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में धूप सेंकते समय एक माइक्रो-ड्रोन निशाना बना सकता है। उन्होंने कहा ट्रम्प अब मार-ए-लागो में धूप नहीं सेंक सकते, क्योंकि जब वे लेटे होंगे, तो कोई माइक्रो-ड्रोन उन्हें निशाना बनाकर सीधे उनकी नाभि पर हमला कर सकता है। वहीं, ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इस बारे में पूछे जाने पर कहा-मुझे धूप सेकना पंसद नही, शायद आखिरी बार मैंने 7 साल की उम्र में धूप में बैठा था। ट्रम्प बोले वो इस बयान को बड़े खतरे के तौर पर नहीं देखते। खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद- जवाद लारीजानी ने ट्रम्प पर ड्रोन हमले की चेतावनी दी।

लारीजानी के इस बयान को लेकर स्थानीय मीडिया ने एक रिपोर्ट में 'ब्लड पैक्ट' नामक एक ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े होने का दावा किया। ये अभियान खामेनेई का अपमान करने वालों के खिलाफ बदला लेने के लिए फंड जुटा रहा है। जिसके बारे में दावा किया गया है कि 8 जुलाई तक इसने 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि जुटा ली है। अमेरिका ने 22 जून को ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया था।

लाल सागर में मालवाहक जहाज पर हूती विद्रोहियों का हमला

यरुशलम/सना। यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में 'इटरनिटी सी' जहाज पर हमला कर उसे डुबोने का दावा किया। यूरोपीय संघ नौसैनिक बल ने बताया कि डूबे 'इटरनिटी सी' जहाज के क्रू मेंबर्स के छह सदस्यों को बचाया गया और अन्य 15 अभी भी लापता हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने गुरुवार को यूरोपीय संघ के नौसैनिक बल के हवाले से दी। पिछले कुछ दिनों में यह इस तरह का दूसरा बड़ा हमला है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को हुए इस हमले में यूनान के स्वामित्व वाला जहाज इटरनिटी सी के डूबने से कम से कम चार नाविकों की मौत हो गई तथा 15 अन्य लापता हो गए। हूती ने एक बयान में कहा कि इटरनिटी सी जहाज पर हमला एक मानवर्रा. हत नाव और मिसाइलों का उपयोग कर किया गया था।

कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग

अज्ञात हमलावरों ने कई राउंड गोलियां चलाईं

- तीन दिन पहले हुआ था उद्घाटन

ओटावा। कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग हुई। तीन दिन पहले ही कैफे का उद्घाटन हुआ था। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने कैफे पर कई राउंड गोलियां चलाईं। हालांकि अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कपिल शर्मा का यह कैफे कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में स्थित है।

इसका नाम 'कप्स कैफे' है। इस कैफे के जरिए कपिल शर्मा ने रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में कदम रखा है। उनकी पत्नी गिन्नी चतरथ भी इससे जुड़ी हैं। रिपोर्ट्स का दावा है कि खालिस्तानी आतंकवादी और नेशनल इन्वेस्टिगेटिव एजेंसी (एनआईए) की लिस्ट में भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। गोलीबारी के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि हरजीत सिंह लाडी ने एक कॉमेडी शो के दौरान निहंग सिखों के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। सोशल मीडिया पर हरजीत सिंह लाडी और तूफान सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति ने वीडियो के जरिए कपिल शर्मा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की चेतावनी दी और कहा कि माफी नहीं मांगी तो मामला और बिगड़ सकता है।

अमेरिका से नए शुल्क मसले पर वार्ता करेगा मेक्सिको

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए आयात शुल्क पर शीनबाम ने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा है कि मेक्सिको का एक प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी अधिका. रियों से मुलाकात कर नए व्यापार शुल्कों पर बातचीत कर बेहतर समाधान का प्रयास करेगा।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए आयात शुल्क पर उन्होंने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शीनबाम ने बुधवार को अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को वाशिंगटन डीसी जाएगा। शीनबाम ने कहा कि इस सप्ताह हमारी एक टीम इस वैश्विक समझौते पर काम करने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जा रही है। हमने इस मामले में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ जी7 में चर्चा की थी। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई वित्त मंत्री मार्सेलो एबरार्ड करेंगे और इसमें वित्त और विदेश मामलों के सचिवालयों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस वार्ता का एजेंडा मुक्त व्यापार पर मौजूदा अमेरिका- मेक्सिको- कनाडा समझौते (यूएसएमसीए) से कही व्यापक होगा जिसमें सुरक्षा, आव्रजन और व्यापार के तीन प्रमुख मुद्दों पर व्यापक रणनीतिक सहयोग पर बात की जाएगी।

ऑस्ट्रेलिया ने AI की मदद से नया सिंथेटिक प्रोटीन बनाया

- एआई ने प्रोटीन इंजीनियरिंग को दशकों से घटाकर सेकंडों में ला दिया है

कैनबरा। ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से एक सिंथेटिक प्रोटीन बनाया है जो ई. कोलाई जैसे एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया को मारने में सक्षम है।

मेलबर्न स्थित मोनाश विश्वविद्यालय ने आज कहा कि यह पहली बार है जब किसी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एआई का इस्तेमाल कर जैविक प्रोटीन बनाया है। इस उपलब्धि से ऑस्ट्रेलियाई टीम अधिक किफायती दवा बनाने और बीमा. रियों के निदान के लिए अनेक प्रकार के प्रोटीन तेज़ी से विक. सित करने वाले अमेरिका और चीन जैसे देशों की कतार में आ गई है। मोनाश विश्वविद्यालय के एक बयान के मुताबिक टीम ने उन्नत एआई-संचालित उपकरणों का उपयोग करके एआई प्रोटीन डिज़ाइन प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया है। इसमें हाल ही में विकसित सॉफ्टवेयर भी शामिल है जो दवा और चिकित्सकीय प्रयोगों के लिए प्रोटीन बनाने में सक्षम है। इस शोध दल के प्रमुख मोनाश विश्वविद्यालय में पीएचडी छात्र डैनियल फॉक्स ने कहा इन उपकरणों का इस्तेमाल कर हम प्रोटीन को एक विशिष्ट लक्ष्य या अणु अथवा रसायन के रूप में बांधने के लिए डिज़ाइन कर सकते हैं। इसकी मदद से बेहतर गतिविधि और स्थिर गुणों वाले एंजाइम डिज़ाइन कर सकते हैं।

शोध के सह-प्रमुख लेखक राइस ग्रिटर के अनुसार यह खोज अमेरिकी जैव रसायन और नोबेल पुरस्कार विजेता डेविड बेकर के अग्रणी कार्य पर आधारित है। नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया गया है कि एआई ने प्रोटीन इंजीनियरिंग को दशकों से घटाकर सेकंडों में ला दिया है जिससे संक्रमण, कैंसर, सर्पदंश और अन्य बीमारियों के इलाज में तेज़ी आई है।

हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मामला चलेगा

- प्रदर्शन कर रहे 1400 लोगों की हत्या का आरोप बांग्लादेश के पूर्व पुलिस प्रमुख ने जुर्म कबूला

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर गुरुवार को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल (आईटीसी) ने मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में आरोप तय किए। हसीना के अलावा देश के पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्लाह अल मामून को सह-आरोपी बनाया गया है। मुकदमे की सुनवाई 3 अगस्त से शुरू होगी।

मामून ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, और मामले में सरकारी गवाह बनने के लिए याचिका दायर की है। मामून फिलहाल जेल में हैं, ए मुकदमा बाकी दो आरोपियों की गैर मौजूदगी में चलेगा। आईटीसी में हसीना के खिलाफ अब तक 5 मामले दर्ज किए हैं। इसमें 1400 लोगों की हत्या, भीड़ को उकसाना और सरकारी ताकतों का गलत इस्तेमाल शामिल हैं। अगस्त, 2024 में तख्तापलट के बाद से हसीना भारत में रह रहीं हैं। क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने 6 जनवरी, 2025 को 11 और लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। देश के पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्लाह अल मामून ने कोर्ट में सरकारी गवाह बनने के लिए याचिका दायर की है। बांग्लादेश में 5 जून, 2024 को बांग्लादेश हाईकोर्ट ने जॉब में 30 प्रतिशत कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हालांकि, हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था।

रूसी सेना को मिली सुखोई जहाजों की एक और खेप

मॉस्को। यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझी रूसी फौज को जंगी जहाज सुखोई -34 की एक और खेप मिल गई है। इन जहाजों को बनाने का काम यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) के पास है। यूएसी की मूल कंपनी रोस्टेक ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्रालय को लड़ाकू बमवर्षक सुखोई -34 की पांचवीं खेप सौंप दी गई है। रोस्टेक ने एक पायलट के हवाले से कहा कि सुखोई-34 की ताकत यह है कि यह कई तरह के कामों को बखूबी अंजाम दे सकता है। खासतौर पर इसके हथियारों की रेंज और लड़ाकू अभियानों को अंजाम देने के तरीका विशिष्ट है।